फाल्गुन कृष्ण पक्ष, तृतीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 27 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 10, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

आकाशगंगा में तरंग के साथ तैरे तारों के बादल 16

फिल्म 'बोले चूड़ियां बोले कंगना' का ट्रेलर रिलीज 15

बैजबॉल धराशायी, भारत ने सीरीज कब्जाई

3-1 से आगे है भारतीय टीम अंतिम टेस्ट 7 मार्च से

17 वीं शृंखला लगातार मेजबान के तौर पर भारत ने जीती

रांची। टेस्ट में बैजबॉल से प्रहार करने वाली इंग्लैंड की टीम को भारत ने अपने घर में एक बार फिर धूल चटाई है। भारतीय टीम में युवा खिलाड़ियों को लेकर कप्तान रोहित शर्मा ने यह भ्रम भी तोड़ दिया कि अनुभव ही सर्वोपरि है। पांच मैचों की शृंखला में भारत ने इंग्लैंड को 3-1 से हराकर सीरीज अपने कब्जे में ली। भारतीय टीम की अपनी सरजमीं पर लगातार 17वीं शृंखला जीती हैं। भारत ने 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 40 रन से आगे खेलना शुरू किया। यशस्वी जायसवाल और कप्तान रोहित शर्मा ने पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। उसके बाद शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने 72 रन की साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया। अब शृंखला का अंतिम मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कानपुर के डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह के एम्यूनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का किया उद्घाटन

यूपी अब देश के विकास में 'ब्रेक थ्रू', रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में जुटा

कानपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को साढ़ स्थित डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह के एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन करते हुए कहा कि आज यूपी, देश के डेवलपमेंट में ब्रेकर नहीं बल्कि ब्रेक थ्रू का काम कर रहा है। यहां स्थापित डिफेंस कॉरिडोर के सभी छह नोड्स भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में जुट गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2018 में जब पहली इन्वेस्टर्स समिट हुई थी, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में दो डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर की घोषणा की थी। यूपी में अलीगढ़, आगरा, कानपुर, लखनऊ, झांसी और चित्रकूट में डिफेंस कॉरिडोर के छह नोड्स बन रहे हैं। आज कानपुर में अडाणी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजीस ने काम शुरू कर दिया है। समारोह में सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय भी मौजूद रहे। अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड के सीईओ करण अडाणी ने स्वागत किया। यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, राकेश सचान आदि मौजूद थे।

अडाणी एम्युनेशन कांप्लेक्स का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में सेनाध्यक्ष मनोज पांडेय, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, अडाणी ग्रुप के सीईओ आशीष राजवंशी।

- 500 एकड़ में बना दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा आयुध कॉम्प्लेक्स

चार हजार प्रत्यक्ष, 20 हजार परोक्ष रोजगार

अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी करण अडाणी ने बताया कि 15 महीने में पांच हजार एकड़ में दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स तैयार हुआ है। इसकी क्षमता प्रतिवर्ष 150 मिलियन राउंड एम्युनेशन उत्पादन की है। यहां रायफल, लाइट मशीन गन (एलएमजी), एके-47 और कार्बाइन की गोलियां बनेंगी। अगले चरण में आर्टिलरी गन, गोला-बारूद, तोपें, हैंड ग्रेनेड निर्मित किए जाएंगे।

आईआईटी कानपुर, बीएचयू सेंटर फॉर एक्सीलेंस

मुख्यमंत्री ने बताया कि डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग कॉरिडोर के लिए आईआईटी कानपुर और आईआईटी बीएचयू को सेंटर फॉर एक्सीलेंस नामित किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने भी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में साझेदारी दिखाई है। उद्देश्य है कि भारत डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भर बनने के साथ दुनिया की जरूरत की पूर्ति करे।

नया भारत बड़े सपने देखता है और उसे दिन रात एक कर पूरा भी करता है : मोदी

प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया दो हजार से अधिक रेल प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण-शिलान्यास

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि रेलवे के कायाकल्प अभियान शुरू हो चुका है और उनके तीसरे कार्यकाल में रेलवे के विकास का स्केल एवं स्पीड अभूतपूर्व होगी। मोदी ने सोमवार को वीडियो लिंक के माध्यम से 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक की दो हजार से ज़्यादा रेल परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज भारत जो करता है, अभूतपूर्व स्पीड (रफ्तार), अभूतपूर्व स्केल (कौशल) से करता है। आज के भारत ने छोटे-छोटे सपने देखना छोड़ दिया है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए दिन रात एक कर देते हैं। यही संकल्प इस विकसित भारत-विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिख रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज एक साथ रेलवे से जुड़ी 2000 से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। अभी तो इस सरकार के तीसरे टर्म की शुरुआत जून महीने से होने वाली है। अभी से जिस स्केल पर काम होना शुरू हो गया है, जिस स्पीड पर काम होना शुरू हो गया है, वो सबको हैरत में डालने वाला है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले मैंने जम्मू से एक साथ आईआईटी-आईआईएम जैसे दर्जनों बड़े शिक्षा संस्थानों का लोकार्पण किया। कल ही मैंने राजकोट से एक साथ पांच एम्स और अनेक मेडिकल संस्थानों का लोकार्पण किया। अब आज का ये कार्यक्रम है, आज 27 राज्यों के, करीब 300 से अधिक जिलों में साढ़े 500 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प का शिलान्यास हुआ है।

उत्तर प्रदेश के जिस गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का लोकार्पण हुआ है, वो वाकई कमाल का दिखता है। इसके अलावा 1500 से ज्यादा रोड ओवरब्रिज, अंडरपास की परियोजनाएं भी शामिल हैं। 40 हज़ार करोड़ रुपये की ये परियोजनाएं एक साथ जमीन पर उतर रही हैं। कुछ महीने पहले ही हमने अमृत भारत स्टेशन योजना की शुरुआत की थी। तब भी 500 से अधिक स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर काम शुरु हुआ था। अब ये कार्यक्रम इसे और आगे बढ़ा रहा है। ये दिखाता है कि भारत की प्रगति की रेल किस गति से आगे बढ़ रही है।

- बोले-रेल परियोजनाओं की अभूतपूर्व रफ्तार और कौशल हैरत में डालने वाली

ट्रेन से पहाड़ में पहुंचेगा विकास

संवाददाता, काशीपुर/ चम्पावत/ देहरादून

- प्रधानमंत्री ने काशीपुर, कोटद्वार, टनकपुर समेत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का किया वर्चुअली शिलान्यास

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वर्चुअली काशीपुर, टनकपुर, कोटद्वार समेत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास किया। अमृत भारत स्टेशन योजना में उत्तराखंड के इन तीन स्टेशनों का 40 करोड़ से कायाकल्प किया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्रदेश में रेलवे स्टेशन विकसित होने से पर्यटन को रफ्तार मिलेगी। विकास पहाड़ तक पहुंच सकेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअली शिलान्यास समारोह में शामिल होकर कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना में काशीपुर रेलवे स्टेशन पर 10.7 करोड़ रुपये की लागत से यात्री सुविधाओं का विकास किया जाएगा। रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण में वाटर बूथ, वाटर कूलर लगेंगे, प्रतीक्षालय में यात्रियों की सुविधा के लिए उचित मॉड्यूलर दीवार रैक उपलब्ध कराए जाएंगे। स्वचालित घोषणा प्रणाली उपलब्ध कराई जाएगी। प्लेटफार्म संख्या 2 व 3 पर जीपीएस घड़ी तथा स्टेशन के प्रवेश/निकास द्वार व प्लेटफार्म पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके अलावा प्लेटफार्म संख्या 1, 2 व 3 पर सिंगल लाइन ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड तथा प्लेटफार्म संख्या 2 व 3 पर कोच गाइडेंस डिस्प्ले सिस्टम तथा प्लेटफार्म संख्या 1 व पैदल उपरिगामी पुल पर एट-ए-ग्लांस बोर्ड लगाए जाएंगे। सर्कुलेटिंग परिसर में यातायात योजना के साथ-साथ सर्कुलेटिंग परिसर का विस्तार एवं सुधार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लालकुआं में 2 करोड़ रुपये की लागत से 13.5 फीट ऊंचा एवं 18 फीट चौड़ा अंडरपास बनाया जाएगा जो 30 जून तक बना दिया जाएगा।

रुद्रपुर में माता-पिता ने बेटी की गला दबा कर की हत्या

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : ऊधम सिंह नगर में ऑनर किलिंग का एक सनसनीखेज खुलासा हुआ है। शादीशुदा प्रेमी से मिलने पर माता-पिता ने नाबालिग बेटी की दुपट्टे से गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्यारोपी माता-पिता को गिरफ्तार कर लिया है, दोनों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त दुपट्टा भी बरामद हो गया है। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

सीओ सदर निहारिका तोमर ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि बीती 24 फरवरी को सूचना मिली कि पहाड़गंज में एक नाबालिग की हत्या कर दी गई है। हत्या छिपाने के लिए उसका शव रुद्रपुर से सटे रामपुर जिले के अजीम नगर के बजवाला स्थित कब्रिस्तान में दफनाने को ले जाया जा रहा है। सूचना पर रम्पुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी कब्रिस्तान पहुंचे और लड़की का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में लड़की की गला दबाकर हत्या किए जाने का तथ्य सामने आया।

इसके बाद पुलिस ने लड़की के माता-पिता को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने ऑनर किलिंग की बात कबूल ली। सीओ ने बताया कि बेटी का पड़ोस में रहने वाले शादीशुदा युवक से प्रेम प्रसंग था। माता-पिता ने बार बार मना किया लेकिन बेटी मानने को तैयार नहीं थी। वह बीती 23-24 फरवरी की रात को भी प्रेमी से मिलने गई थी। इस पर गुस्से में आकर माता-पिता ने नाबालिग की दुपट्टे से गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल दुपट्टा भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों हत्यारोपी माता-पिता के खिलाफ आईपीसी की धारा 302, 201 में एफआईआर दर्ज कर ली है। उन्हें सोमवार की देर सायं कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

पुलिस की हिरासत में हत्यारोपी माता-पिता। ● अमृत विचार

ऑनर किलिंग

- नाबालिग बेटी के शादीशुदा प्रेमी से संबंध रखने पर थे नाराज दुपट्टे से गला दबाकर मारा
- हत्या छिपाने को दफनाने ले जा रहे थे बिलासपुर, पुलिस को भनक लगने से खुल गई वारदात

पेटीएम बैंक के चेयरमैन पद से हटे विजय शेखर

नई दिल्ली। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) के अंशकालिक गैर-कार्यकारी चेयरमैन पद से विजय शेखर शर्मा ने इस्तीफा दे दिया है। बैंक ने निदेशक मंडल को पुनर्गठित किया है। बता दें कि भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमों का अनुपालन नहीं करने के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. को 15 मार्च के बाद ग्राहकों से कोई भी नई जमा राशि या टॉप अप स्वीकार करने से रोक दिया है।

नहीं रहे प्रसिद्ध गजल गायक पंकज उधास

मुंबई, एजेंसी

- लंबी बीमारी के बाद 72 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस

दिल की रगों को चीरते दर्द, इश्क में डूबी उदास शामों और मुहब्बत की रूबाइयों को अपनी मखमली, लरजती आवाज का सहारा देने वाले मशहर गजल गायक पंकज उधास (72) सोमवार को अपने लाखों चाहने वालों को छोड़कर चले गए। चांदी जैसा रंग है तेरा, इक तरफ उसका घर, चिट्ठी आई है, आहिस्ता कीजिए बातें और जीएं तो जीएं कैसे जैसे लोकप्रिय फिल्मी गीतों तथा मशहूर गजलों से अपने चाहने वालों के दिलों में उतरने वाले पंकज उधास का सोमवार को यहां निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। यह जानकारी उनकी बेटी नयाब ने दी।

पंकज उधास ने ब्रीच कैंडी अस्पताल में पूर्वाह्न 11 बजे अंतिम सांस ली। उधास ने दयावान, नाम, साजन और मोहरा सहित कई हिंदी फिल्मों में पार्श्व गायक के रूप में भी अपनी पहचान बनाई थी। पंकज उधास का अंतिम संस्कार मंगलवार को होगा। उनके परिवार में पत्नी फरीदा और बेटियां रेवा तथा नयाब हैं।

उत्तराखण्ड बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा आज से

रामनगर। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद बोर्ड की 10 वीं और 12वीं की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो रही हैं।इस बार 10वीं और 12वीं में कुल 2,10,354 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। जिसमें 10वी में 1,15,606 परीक्षार्थी जबकि 12वीं में 94748 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

- हाईस्कूल व इंटर में कुल 2,10,354 परीक्षार्थी

बोर्ड की सचिव नीता तिवारी ने बताया कि इस बार 10 वीं और 12वीं की परीक्षा 27 फरवरी से शुरू होकर 16 मार्च को समाप्त होंगी। उत्तराखंड बोर्ड द्वारा 1228 परीक्षा केंद्रों में से कुल 162 सवेंदनशील केंद्र बनाए हैं।10 वीं कक्षा में113281 परीक्षार्थी रेगुलर सम्मिलित होंगे। जबकि 2325 प्राइवेट परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इस प्रकार 10वी में इस बार कुल 115606 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। वहीं 12वीं कक्षा में 90351 संथागत परीक्षार्थी शामिल हैं। जबकि प्राइवेट परीक्षार्थी 4397 हैं। इंटर में कुल 94748 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। दोनों परीक्षाओं में 210354 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

गैरसैंण में राज्य सरकार को लग रही है ठंड : रावत

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : बजट सत्र गैरसैंण में नहीं कराए जाने पर पूर्व सीएम हरीश रावत ने सांकेतिक मौन व्रत रखा। उनके साथ पार्टी के कार्यकर्ता भी सांकेतिक मौन व्रत कार्यक्रम में शामिल हुए।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कार्यकर्ताओं के साथ सोमवार को गांधी पार्क में एक घंटे का सांकेतिक मौन व्रत रखा। मौन व्रत के समापन पर उपस्थित सभी ने रघुपति राघव राजाराम...भजन गाकर धामी सरकार की सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना की। रावत ने कहा कि सरकार द्वारा गैरसैंण की लगातार की जा रही अनदेखी के विरोध में यह मौन व्रत है। उन्होंने कहा कि हिमालयी राज्य की अवधारणा के साथ बने राज्य की सरकार को गैरसैंण में ठंड लग रही है। रावत ने बजट सत्र की अवधि को लेकर सवाल उठाए और कहा कि प्रचंड बहुमत और डबल इंजन के सात साल बाद भी सरकार यदि गैरसैंण में कर्मचारियों, पुलिस कर्मियों एवं पत्रकारों के लिए मूलभूत व्यवस्थाएं तक जुटा पाने में समर्थ नहीं रही तो दोष किसको दिया जाए।

दून में बजट सत्र कराए जाने के विरोध में हरीश रावत ने रखा मौन व्रत। ● अमृत विचार

सीआईएससीई 12वीं रसायन विज्ञान की बोर्ड परीक्षा स्थगित

नई दिल्ली। भारतीय विद्यालयीय प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) ने सोमवार को अप्रत्याशित परिस्थितियों का हवाला देते हुए 12वीं कक्षा की रसायन विज्ञान की बोर्ड परीक्षा 21 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। सीआईएससीई की उप सचिव संगीता भाटिया ने स्कूल प्राचार्यों को भेजे एक पत्र में कहा कि सोमवार, 26 फरवरी 2024 को होने वाली आईएससी वर्ष 2024 रसायन विज्ञान पेपर 1 (थ्योरी) परीक्षा को अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण स्थगित कर दिया गया है। यह परीक्षा गुरुवार, 21 मार्च, दोपहर दो बजे पुनर्निर्धारित की गई है। सीआईएससीई से जुड़े कुछ सूत्रों ने दावा किया कि परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्न-पत्र कथित तौर पर सोशल मीडिया पर लीक हो गया था। इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। परीक्षाएं 12 फरवरी को शुरू हुई थीं और तीन अप्रैल को समाप्त होंगी।

- अब 21 मार्च को दोपहर दो बजे होगी आयोजित

किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च, टोल पर प्रदर्शन

होशियारपुर/सिरसा, एजेंसी

- सड़क किनारे ट्रैक्टर खड़े करके जताया डब्ल्यूटीओ का विरोध

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के बैनर तले किसानों ने सोमवार को 'डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) छोड़ो दिवस' मनाया, ट्रैक्टर मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। डब्ल्यूटीओ का पुतला भी फूंका। जालंधर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग सहित जिले भर में कई स्थानों पर सड़क के किनारे अपने ट्रैक्टर खड़े करके विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का उद्देश्य केंद्र सरकार पर अपनी मांगों को स्वीकार करने के लिए दबाव डालना था, जिसमें उनकी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी, ऋण माफी, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करना, किसानों और मजदूरों के लिए पेंशन और अन्य मांगों को वापस लेना शामिल था।

हरियाणा के सिरसा में किसानों ने जिलेभर में शांतिपूर्वक तरीके से ट्रैक्टर परेड मार्च किया और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या -नौ पर खैरेकां गांव के पास लगे नाके पर डब्ल्यूटीओ के पुतले फूंके। भाकियू के आह्वान पर उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला जिससे प्रमुख सड़कों पर यातायात बाधित हो गया।

सेना में चयनित दो लाख युवाओं से अन्याय : खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से आग्रह किया कि वह उन करीब दो लाख नौजवानों के लिए न्याय सुनिश्चित करें, जिन्हें सेना की नियमित भर्ती में चयन होने के बावजूद सेवा में शामिल नहीं किया गया। दावा किया कि सरकार द्वारा भर्ती रोककर अग्निपथ योजना लाई गई, जिससे युवाओं को पीड़ा झेलनी पड़ रही है। कहा कि मैं आपको भारतीय सशस्त्र बलों के सर्वोच्च अधिकारी के रूप में महत्वपूर्ण मुद्दे पर लिख रहा हूं।

अगर कोर्ट आदेश देगी तो ईडी के समक्ष पेश होउंगा

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति संबंधी कथित घोटाले से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए।

केजरीवाल ने कहा कि अगर अदालत इस संबंध में आदेश देगी तो वह ईडी के समक्ष पेश होंगे। यह सातवीं बार है, जब केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय के समन पर एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए। प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले हफ्ते मुख्यमंत्री को सातवां समन जारी कर उन्हें पूछताछ के लिए एजेंसी के सामने पेश होने को कहा था। आम आदमी पार्टी (आप) के कई नेताओं के साथ पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के एक साल पूरा होने पर सोमवार को राजघाट पहुंचे मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आरोप लगाया कि ये समन उन्हें विपक्षी गठबंधन इंडिया छोड़ने के लिए दबाव डालने का एक औजार है।

- ईडी के 7वें समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

व्यास तहखाने में पूजा करने पर रोक नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद समिति की अपील खारिज करते हुए जिला जज के आदेशानुसार व्यास तहखाना (ज्ञानवापी मस्जिद का दक्षिणी तहखाना) में पूजा जारी रखने की अनुमति दे दी है।

मालूम हो कि दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने 11 दिन पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था। अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति (वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंधक) ने 1 फरवरी को हाईकोर्ट के समक्ष वाराणसी के जिला जज के 31 जनवरी के आदेश को चुनौती देते हुए अपील दाखिल की थी, जिसमें ज्ञानवापी मस्जिद स्थित तलघर में हिंदू पक्ष को पूजा करने की अनुमति दी गई थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने तहखाना में पूजा की अनुमति देने वाले आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार किया था। मस्जिद समिति का मानना है कि व्यास तहखाना मस्जिद परिसर का हिस्सा होने के कारण उनके कब्जे में है और व्यास परिवार या किसी अन्य को तहखाने के अंदर पूजा-पाठ करने का कोई अधिकार नहीं है। समिति का यह भी तर्क था कि वर्ष 1993 के बाद से तहखाने में कोई पूजा नहीं हुई, इसलिए अगर 30 वर्षों के बाद न्यायालय रिसीवर नियुक्त कर रहा है और यथास्थिति बदल रहा है तो इस फैसले के पीछे कोई ठोस कारण होना चाहिए। व्यास तहखाना कभी हिंदू वादी के कब्जे में नहीं था और कब्जे के बारे में सवाल केवल मुद्दों के तैयार होने के बाद ही तय किया जा सकता है। दूसरी ओर हिंदू पक्षकारों का लगातार यह तर्क था कि तहखाने के अंदर पूजा-पाठ कभी नहीं रुका और यह वर्ष 1993 के बाद भी जारी रहा, जब केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने इसे कब्जे में ले लिया था।

ज्ञानवापी

- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की आपत्ति की खारिज
- जिला जज वाराणसी कोर्ट ने 31 जनवरी को दी थी अनुमति

सार-संक्षेप

ईओ राहुल आनंद को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

नियमितीकरण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

नैनीताल : उच्च न्यायालय की ओर से संविदा पर कार्यरत कर्मियों को नियमितीकरण के आदेश जारी होने के बाद सोमवार को निकाय कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने अधिशासी अधिकारी राहुल आंनद को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के अनुसार नगरपालिका नैनीताल में 2008 के बाद से कई कर्मचारी दैनिक वेतनभोगी संविदा पर कार्यरत हैं। उन्हें उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार नियमित किया जाए। इस दौरान अध्यक्ष मोहन सिंह चिलवाल, उपाध्यक्ष दीपराज, सचिव हिमांशु चंद्रा, गोविंद राम आदि मौजूद रहे।

धारी में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

भीमताल : विकासखंड धारी में मतदाता जागरूकता अभियान जोर शोर से चल रहा है। स्वीप कोऑर्डिनेटर दीपा रैकवाल के अनुसार उनका लक्ष्य इस बार आगामी लोकसभा चुनाव में धारी विकासखंड से अधिक से अधिक मतदान करवाने का है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ, नुक्कड़, नाटक रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम करवाए जा रहे हैं।

पदाधिकारियों को शपथ दिलाते ईओ राहुल आनंद। ● अमृत विचार

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

नैनीताल : नगर निकाय कर्मचारी महासंघ नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सोमवार को नगर पालिका सभागार में अधिशासी अधिकारी (आईएएस) राहुल आनंद ने अध्यक्ष पद के लिए मोहन सिंह चिलवाल, उपाध्यक्ष दीपराज, सचिव हिमांशु चंद्रा व गोविंद राम को उपसचिव को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज जोशी, मुख्य चुनाव अधिकारी सुनील खोलिया, सफाई कर्मचारी संघ महासचिव सोनू सहदेव, कार्यालय अधीक्षक शिवराज नेगी, ईश्वरी दत्त बहुगुणा, हंसा दत्त बहुगुणा, गोविंद रावत, पीयूष भंडारी, राहुल आदि मौजूद रहे।

धारी में संगठन की बैठक में मौजूद चौकीदार। ● अमृत विचार

छह से सात घंटे काम के मिल रहे सिर्फ 4000 रुपये

भीमताल : उत्तराखंड जल संस्थान पार्ट टाइम चौकीदार संगठन पीटीसी की एक बैठक भवान पुरी गोस्वामी की अध्यक्षता में धारी ब्लॉक सभागार में हुई। इस दौरान वक्ताओं ने अवगत कराया कि वर्तमान में उत्तराखंड जल संस्थान में लगभग सभी ग्रामीण योजनाओं को पीटीसी कर्मचारियों द्वारा ही संचालित किया जा रहा है। दुख व्यक्त किया कि प्रत्येक कर्मचारी को छह से सात घंटे काम के बदले सिर्फ चार हजार का मानदेय ही प्राप्त हो रहा है। सभा का संचालन शिव सिंह ने किया। सभा में प्रदीप कुमार, पंकज मेहरा, मान सिंह बिष्ट, पूरन राम, हरीश नयाल, आनंद सिंह, रमेश चंद्र, अमर सिंह बिष्ट, जीवन सिंह उपस्थित थे।

भूमि का निरीक्षण करते राजस्व अधिकारी। ● अमृत विचार

मुख्य मार्ग से कब्जा हटाने पर आभार जताया

भीमताल : चकबहेड़ी—हैडिया गांव के ग्रामीणों ने मार्ग से कब्जा हटाने के लिए ब्लाक प्रमुख का आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य मार्ग पर बाहरी व्यक्ति ने कब्जा कर लिया था। कुछ दिन पहले ग्राम प्रधान के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने मार्ग को खुलवाने की माग ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट से जनसंवाद व क्षेत्र पंचायत बैठक में की थी। ब्लॉक प्रमुख ने मामले की गंभीरता को देखते हुए राजस्व निरीक्षक को शीघ्र मार्ग खुलवाने निर्देश दिए थे। ब्लॉक प्रमुख ने बताया 3 .50 लाख से मार्ग की दशा भी सुधारी जाएगी। आभार व्यक्त करने वालों में हैडिया गांव ग्राम प्रधान कमला देवी, चकबहेड़ी दिनेश चंद, घोड़ाखाल गणेश जोशी, प्रदीप कुमार, हेम चन्द्र, गोपाल चंद, ओम प्रकाश, मुन्नी देवी, चंचल गुर्रानी आदि शामिल हैं।

दो माह से बिना स्टेशन इंचार्ज के चल रहा बस अड्डा

नैनीताल : तल्लीताल रोडवेज बस स्टैंड से रोजाना लगभग 40 से 50 रोडवेज की बसें हल्द्वानी, दिल्ली, देहरादून इत्यादि शहरों को चलाई जाती हैं। इनके संचालन का काम रोडवेज के स्टेशन इंचार्ज का होता है। रोडवेज के पूर्व स्टेशन इंचार्ज रमेश कुमार रौतेला का 19 दिसंबर को रानीखेत तबादला होने के बाद से नैनीताल रोडवेज बस स्टैंड में कोई इंचार्ज नहीं है। रोडवेज की मंडलीय प्रबंधन संचालन अधिकारी पूजा जोशी ने बताया कि पद सृजित करने के लिए प्रशासन से मांग रखी गई है। जल्द ही पद भरने की उम्मीद है।

रामगढ़ क्वारब में 296 पव्वों के साथ दो गिरफ्तार

भीमताल : रामगढ़ चौकी प्रभारी भूपेंद्र सिंह मेहता ने बताया कि बोहराकोट रामगढ़ के पास चेकिंग के समय ऑल्टो कार से करीब तीन पेटी (200 पव्वे) शराब पकड़ी गई। इस दौरान नरेंद्र सिंह बिष्ट निवासी मुक्तेश्वर को गिरफ्तार कर कार को सीज किया गया है। कोतवाली एसएसआइ रोहिताश सिंह सागर ने बताया कि तवालेख ऐड़ी मंदिर के पास गिरीश चन्द्र निवासी तवालेख बसगाव से भी 96 पव्वे अवैध देशी शराब पकड़ी है। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। टीम में एसआई गोविंदी टम्टा, आंनद राणा, दिनेश आदि रहे।

विद्यार्थियों को फिट रहने के टिप्स दिए

नैनीताल : शारीरिक शिक्षा विभाग डीएसबी परिसर कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने एडवांस टूल्स एंड टेक्नोलॉजी फॉर हेल्थ एंड फिटनेस असेसमेंट विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम की प्रो. पीएस बिष्ट डीन कला संकाय ने अध्यक्षता की। मुख्य वक्ता डॉ. तरुण रावत खेल अधिकारी एसवी राजकीय महाविद्यालय बुधनी मध्य प्रदेश ने विद्यार्थियों को फिट रहने के टिप्स दिए। इस दौरान डॉ. नागेंद्र शर्मा, प्रो. ललित तिवारी निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर, डॉ. संतोष कुमार विभागाध्यक्ष शारीरिक, डीएसबी की निदेशक नीता बोरा शर्मा, डॉ. सुरेंद्र सिंह सरदार, डॉ.राजेश कुमार, डॉ.विजय कुमार, डॉ.दीपा आर्या, डॉ.रीतिशा शर्मा आदि मौजूद रहे।

रोगियों से पैक अस्पताल, ओपीडी 2900 के पार

सोमवार को बेस, महिला और एसटीएच में बड़ी संख्या में पहुंचे सर्दी-जुकाम, वायरल, खांसी से पीड़ित लोग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मौसम में बदलाव से बीमारी का प्रकोप बढ़ गया है। लोग सर्दी-जुकाम, टायफाइड, वायरल और खांसी की बीमारी से जूझ रहे हैं। वहीं हाथ-पैर और जोड़ों में दर्द की समस्या भी बढ़ गई है। जिससे अस्पतालों में रोगियों का दबाव बढ़ने लगा है।

सोमवार को शहर के प्रमुख बेस, महिला और सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में रोगियों की भारी भीड़ रही। हालात यह रहे कि तीनों अस्पतालों में ओपीडी 2500 के पार पहुंच गई। सुबह 8 बजे से ही पर्ची काउंटर के बाहर लोगों लाइन लगनी शुरू हो गई थी। भीड़ अधिक होने के कारण दोपहर 2 बजे तक काउंटर के बाहर लाइन लगी रही।

सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में सोमवार को 1105 रोगियों की ओपीडी हुई। यहां सबसे ज्यादा मरीज अस्थि रोग ओपीडी में देखे गए। वहीं मेडिसिन ओपीडी में भी अच्छी खासी भीड़ रही। वहीं महिला अस्पताल में 220 मरीजों की ओपीडी हुई। एसटीएच में कुल 1621 मरीजों की ओपीडी हुई। यहां सबसे ज्यादा मरीज मेडिसिन ओपीडी में पहुंचे। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार मेडिसिन ओपीडी में 292, ईएनटी में 151, टीबी चेस्ट में 141, इमरजेंसी में 87, गायनी में 93, बाल रोग में 83, नेत्र रोग में 186, अस्थि रोग में 173 और त्वचा रोग ओपीडी में 120 मरीज देखे गए। तीनों अस्पतालों कुल 2946 मरीजों की ओपीडी हुई। इसके अलावा शहर के तमाम निजी अस्पतालों में भी सोमवार को मरीजों की खासी भीड़ रही।

बेस अस्पताल में डॉक्टर को दिखाने के लिए लगी मरीजों की लंबी कतार। ● अमृत विचार

एक्स-रे और लैब के बाहर भी रही भीड़

सुशीला तिवारी अस्पताल में सोमवार को मरीजों का खासा दबाव रहा। ओपीडी में डॉक्टरों के कक्ष समेत एक्स-रे कक्ष और लैब के बाहर भी मरीजों की लाइन लगी रही। इससे तकनीशियन को व्यवस्था बनाने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी।

बेस में छह दिन बंद रहेगी त्वचा रोग ओपीडी

हल्द्वानी : बेस अस्पताल में छह दिन तक त्वचा रोग की ओपीडी बंद रहेगी। एकमात्र डॉक्टर के प्रशिक्षण में जाने से मरीजों को 26 फरवरी से 2 मार्च तक ओपीडी में इलाज नहीं मिल पाएगा। अस्पताल के प्रभारी पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. किरन केसी प्रशिक्षण देने के लिए बाहर गए हैं। जिसके चलते छह दिन तक उनकी ओपीडी बंद रहेगी। तीन मार्च से डॉक्टर ओपीडी में मरीजों को देखेंगे।

शिविर का उठाया लाभ

हल्द्वानी : ऊंचापुल रामलीला मैदान में चल रहे निशुल्क आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक शिविर का सोमवार को 500 मरीजों ने लाभ उठाया। राष्ट्रीय आयुष मिशन के नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप सिंह मेहरा ने बताया कि शिविर में न्यूरोपैथी, अग्निकर्म, मर्म चिकित्सा, पंचकर्म चिकित्सा, ब्लड प्रेशर, मधुमेह, वात रोग, उदर रोग, जोड़ों के रोग और त्वचा रोग का इलाज किया गया।

खैरना अस्पताल में पानी को तरसे कर्मी

गरमपानी : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आवासीय परिसर में रहने वाले स्वास्थ्य कर्मी बूंद-बूंद पानी को तरस गए हैं। पिछले चार दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप होने से आवासीय परिसर में रहने वाले चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने आवासीय परिसर में आए दिन पेयजल आपूर्ति ठप होने पर गहरी नाराजगी जताई है।

सीएचसी परिसर में चिकित्सकों के साथ ही स्वास्थ्य कर्मी निवास करते हैं। कई स्वास्थ्य कर्मियों का परिवार भी अस्पताल के आवासीय परिसर में रहता है। परिसर में रहने वाले लोग आए दिन चरमरा जा रही पेयजल आपूर्ति से परेशान हैं। दिन भर डूयूटी करने के बाद स्वास्थ्य कर्मी व चिकित्सक पानी ढोने को मजबूर हो चुके हैं। कुछ दिन पेयजल आपूर्ति सुचारु होने के बाद भी कई दिनों तक आपूर्ति ठप हो जाती है। पिछले चार दिन से आवासीय परिसर की आपूर्ति एक बार फिर ठप हो चुकी है जिससे चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों को पानी के लिए जूझना पड़ रहा है।

कार से लघु शंका करने उतरे युवक पर बाघ का हमला

रामनगर, अमृत विचार: दिल्ली से अपने 4 परिजनों के साथ कार से जा रहे 43 वर्षीय व्यक्ति रमेश खत्री पर सोमवार की सुबह लगभग सात बजे अल्मोड़ा वन प्रभाग के दानापानी चरीधार के पास बाघ ने हमला कर दिया। हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को परिजनों ने रामनगर के रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय में लाया गया है जहां रमेश का डॉक्टरों द्वारा इलाज किया जा रहा है। रमेश के गले में नाखूनों के गंभीर निशान लगे हैं। देर रात अपने अन्य चार परिजनों के साथ रमेश खत्री दिल्ली से कार द्वारा अपने घर गैरसैंण के लिए निकले थे। चरीधार के पास पहुंचे तो वह लघु शंका करने के लिए कार से उतरे। इसी दौरान बाघ रमेश को 200 मीटर दूर तक खींच ले गया।

कॉर्बेट पार्क से दून जू भेजे गए दो बाघ

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: कॉर्बेट प्रशासन ने सोमवार को दो बाघों को स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद ढेला रेंज में स्थित रेस्क्यू सेंटर से देहरादून जू भेज दिया है। पूर्व में मानव पर हमला करने वाले यह दोनों बाघ अब देहरादून जू की शोभा बढ़ाएंगे।

बता दें कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व व इसके आसपास के क्षेत्रों से लगातार मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं सामने आती रहती हैं। बीते वर्ष कॉर्बेट पार्क के अलग-अलग क्षेत्र में मानव वन्यजीव संघर्ष की घटना के बाद दो बाघों को पार्क प्रशासन द्वारा देहरादून जू में भेजने की कार्रवाई की गई है।

कॉर्बेट पार्क के उपनिदेशक दिगंथ नायक ने बताया चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन की अनुमति के बाद दो बाघों को कॉर्बेट पार्क के ढेला रेस्क्यू सेंटर से देहरादून जू भेजा गया है। दोनों नर बाघों की उम्र 4-6 वर्ष के मध्य है। इनमें से एक को कार्बेट टाइगर रिजर्व की सर्पदुली रेंज के अन्तर्गत धनगढी क्षेत्र से रेस्क्यू किया गया था जबकि दूसरे बाघ को तराई पूर्वी वन प्रभाग के दानीबंगर अल्मोड़ा क्षेत्र से रेस्क्यू किया गया था।

बता दें कि अब कॉर्बेट पार्क के ढेला रेस्क्यू सेंटर में 7 बाघ व 9 गुलदार मौजूद हैं। उनको अलग-अलग क्षेत्र से रेस्क्यू कर ढेला स्थित रेस्क्यू सेंटर लाया गया है।

रेस्क्यू वाहन से देहरादून भेजे गए दोनों बाघ। ● अमृत विचार

किसान मोर्चा ने फूंका विश्व व्यापार संगठन का पुतला

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: किसान मोर्चा के आह्वान पर किसान संघर्ष समिति ने ग्राम कानिया चौराहे पर विश्व व्यापार संगठन का पुतला फूंककर नाराजगी जताई। किसानों ने भारत सरकार से स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू कर, किसानों को सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी दिए जाने की मांग की।

इस दौरान हुई सभा को संबोधित करते हुए समिति के संयोजक ललित उप्रेती ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन दुनिया के किसानों व मजदूरों को लूटने के लिए साम्राज्यवादी मुल्कों द्वारा बनाया गया मंच है। इस मंच द्वारा कारगिल व बेयर जैसे बहुराष्ट्रीय निगम पूरी दुनिया की कृषि व व्यापार पर अपना आधिपत्य स्थापित कर रहे हैं। विश्व व्यापार संगठन की शर्तों को लागू करते हुए भारत सरकार ने विदेश से आने वाले कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क को बेहद कम कर दिया है तथा किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी भी धीरे-धीरे खत्म की जा रही है। किसान नेता आनंद नेगी ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा किए जा रहे किसानों के दमन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान कैलाश तिवारी, सोबन तड़ियाल, भोला पांडे, आनंद सिंह रावत, प्रकाश पाण्डे, संजय मेहता, मोहन चंद्र, मयंक मैनाली, दीप चंद्र पांडेय, संजय कड़ाकोटी आदि उपस्थित रहे।

विश्व व्यापार संगठन का पुतला दहन करते किसान। ● अमृत विचार

छात्राओं को एनएसएस स्वयंसेवियों ने मतदान के लिए प्रेरित किया

हल्द्वानी, अमृत विचार : एनएसएस व स्वीप के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को महिला डिग्री कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसके तहत छात्राओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। एनएसएस स्वयंसेवियों ने मतदाता जागरूकता पर गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला समन्वयक स्वीप सुरेंद्र अधिकारी व सह समन्वयक ललित मोहन पांडे ने छात्राओं को मतदान के बारे में विस्तार से बताया। अंत में वॉल पेंटिंग बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश देने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. ललिता जोशी, डॉ. ऋतुराज पंत, स्वीप प्रभारी डॉ. बीना जोशी, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. प्रभा साह, डॉ. नीता साहआदि मौजूद रहे।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

राजस्व गांव को लेकर अब 28 को प्रदर्शन

देहरादून में प्रस्तावित धरने को लेकर बैठक करते बिंदुखत्ता के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार: बिंदुखत्ता राजस्व गांव की मांग को लेकर 27 फरवरी को विधानसभा देहरादून में प्रस्तावित सांकेतिक धरना प्रदर्शन अब 28 फरवरी को किया जाएगा। विधानसभा में धरना देने के लिए बिंदुखत्ता से भी सैकड़ों लोग देहरादून को कूच करेंगे।

कार्यक्रम की जानकारी पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने फोन पर देते हुए बताया कि 27 फरवरी को कांग्रेस का गैरसैण में प्रस्तावित कार्यक्रम के चलते कार्यक्रम में आंशिक बदलाव करते हुए अब उक्त धरना प्रदर्शन 28 फरवरी को विधानसभा देहरादून में किया जाएगा। इधर बिंदुखत्ता संघर्ष समिति की एक आपात बैठक हुई। इसमें कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श के साथ सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि धरना प्रदर्शन सफल बनाने के लिए क्षेत्रवासी सैकड़ों की संख्या में देहरादून को कूच करेंगे।

बैठक में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष कुंदन सिंह मेहता, सचिन भुवन जोशी, संयोजक कैप्टन इंद्र सिंह पनेरी, सदस्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू, गिरधर सिंह बम, रमेश कुमार, प्रदीप बथ्याल, लक्ष्मण धपोला, प्रभात पाल, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह खनवाल, संरक्षक बलवंत सिंह दानू मौजूद रहे।

हाइवे एक महीने बंद करने पर आपत्ति

गरमपानी : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर अतिसंवेदनशील दोपांखी क्षेत्र में चौड़ीकरण कार्य को हाइवे को एक महीने के लिए आवाजाही बंद करने के लिए बनी रणनीति पर जिला प्रशासन ने आपत्ति लगा दी है। अब एनएच प्रशासन ने दोबारा रणनीति बनाने की तैयारी शुरु कर दी है। एनएच के सहायक अभियंता के अनुसार जिलाधिकारी कार्यालय से आपत्ति लगने के बाद अब चौड़ीकरण कार्य के दौरान हाइवे पर दो दो घंटे आवाजाही रोकने की अनुमति का पत्र जिला प्रशासन को भेजा जाएगा।

हाइवे पर अतिसंवेदनशील दोपांखी, भोर्या बैंड, रातीघाट समेत तमाम स्थानों पर चार वर्ष पूर्व मूसलाधार बारिश के बाद भूस्खलन होने से महत्वपूर्ण अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे का बड़ा हिस्सा ध्वस्त हो गया। लंबे समय तक यातायात ठप होने के बाद एनएच प्रशासन ने बामुश्किल पहाड़ी काट वन वे आवाजाही सुचारु की। वन वे आवाजाही होने से दुर्घटना का खतरा बढ़ने के साथ ही आए दिन जाम लगने से एनएच प्रशासन ने समस्या के समाधान को दोपांखी क्षेत्र में हाइवे से सटी थुआ की पहाड़ी को काट हाइवे को चौड़ा करने की रणनीति तैयार की।

पुलिस को 10 की जगह 4 दिन की रिमांड पर मिला मलिक

मलिक की रिमांड के लिए सोमवार को न्यायालय पहुंची पुलिस, पूछताछ के लिए कम पड़े 4 दिन तो पुलिस मांगेगी और वक्त

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : लंबी फरारी के बाद हत्थे चढ़े अब्दुल मलिक को अब पुलिस के सवालों से जूझना होगा। पुलिस को चार दिन की रिमांड मिली है। इस दौरान पुलिस दंगे से पहले और दंगे के बाद गुजरे हर दिन का हिसाब लेगी। पूछताछ के लिए अगर ये चार दिन कम पड़े तो पुलिस न्यायालय से कुछ और वक्त मांगेगी। फिलहाल तो पुलिस ने 10 दिन की रिमांड मांगी थी, लेकिन न्यायालय ने पुलिस को सिर्फ चार दिन दिए हैं।

दंगे के मास्टर माइंड कहे जा रहे अब्दुल मलिक पर यूएपीए सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। अब्दुल मलिक शनिवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में नैनीताल जेल भेज दिया गया। सोमवार को पुलिस रिमांड के लिए कोर्ट पहुंची और मलिक से पूछताछ के लिए 10 मांगे। कोर्ट ने चार दिन की रिमांड दी। अब पुलिस अब्दुल मलिक को नैनीताल जेल से लाकर पूछताछ करेगी। मलिक के लिए पुलिस के पास सवालों की लंबी लिस्ट है। पुलिस पता लगाएगी कि दंगे से पहले मलिक कहां था, किन-किन लोगों के संपर्क में था और दंगे में उसका क्या किरदार था। इसके अलावा दंगे के बाद फरारी के दौरान वह कहां-कहां रुका और किन-किन लोगों के संपर्क में आया। माना जा रहा है कि पुलिस मलिक को उन ठिकानों तक ले जा सकती है, जहां-जहां वह रुका।

मोईद और साफिया के बारे में भी हो सकती है पूछताछ

हल्द्वानी : अब्दुल मलिक के बेटे अब्दुल मोईद और मलिक की पत्नी साफिया के बारे में भी पुलिस पूछताछ कर सकती है। बता दें कि सहायक नगर आयुक्त ने भी झूठा शपथ पत्र देने का एक मुकदमा कोतवाली में दर्ज कराया था। ये मामला 13 बीघा कंपनी बाग की जमीन का है, जिसे खुर्द-बुर्द कर मलिक का बगीचा बना दिया गया। इस मामले में भी इन लोगों से पूछताछ की जाएगी। हालांकि मोईद और साफिया अभी फरार हैं और पूछताछ के लिए इनकी गिरफ्तारी जरूरी है।

> अब्दुल मलिक को पूछताछ के लिए कोर्ट से रिमांड मांगी गई थी। कोर्ट ने अब्दुल मलिक से पूछताछ के लिए पुलिस को चार दिन की रिमांड दी है।
> **प्रहलाद नारायण मीणा**, एसएसपी

बमुश्किल मिला बाप, अब वांटेड बेटे मोईद की तलाश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा दंगे को 18 दिन गुजर चुके हैं और 18 दिन बाद भी दंगे का वांटेड अब्दुल मलिक का बेटा अब्दुल मोईद फरार है। मास्टर माइंड कहे जा रहे अब्दुल मलिक को भी पुलिस बमुश्किल पकड़ पाई थी। अब शक है कि अब्दुल मोईद की फरारी में उसके पिता के करीबी उसकी मदद कर रहे हैं और जहां सूचना मिल रही है पुलिस वहां दबिश दे रही है, लेकिन हाथ खाली हैं।

बता दें कि बनभूलपुरा दंगे के मामले में पुलिस ने अब्दुल मलिक के साथ उसके बेटे अब्दुल मोईद को भी आरोपी बनाया था। बाकी आरोपी तो एक-एक कर हाथ लगे, लेकिन बाप-बेटे पुलिस के लिए चुनौती बन गए। मलिक 16वें दिन पुलिस के हत्थे चढ़ा और फरारी के दौरान मलिक उत्तराखंड से लेकर महाराष्ट्र तक घूमकर वापस दिल्ली लौट आया। जिसके बाद वो दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। फरारी के दौरान मलिक आलीशान कोठियों में रुका और मोबाइल का इस्तेमाल नहीं किया। अब पिता के ह नक्शेकदम पर मोईद भी चल रहा है। मोईद का मोबाइल भी दंगे के बाद से बंद है और माना जा रहा है कि जिन लोगों ने फरारी में मलिक का साथ दिया, वही मोईद की मदद भी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि मोईद की तलाश में पुलिस अब तक उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, गुड़गांव समेत 50 अधिक स्थानों पर छापेमारी कर चुकी है, लेकिन नतीजा सिफर रहा। एसएसपी पीएन मीणा ने बताया कि अब्दुल मोईद की तलाश लगातार जारी है। पुलिस टीमें की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही हैं। बहुत जल्द उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हल्द्वानी हिंसा के किसी भी आरोपी को पुलिस नहीं बख्शेगी।

कार्रवाई

- दंगे के मुकदमे में वांटेड अब्दुल मोईद 18 दिन बाद भी फरार
- कई राज्यों में दबिश, मलिक के करीबियों पर शरण देने का शक

पुलिस ने नगर निगम से पूछे छह सवाल, मांगे दस्तावेज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : फर्जीवाड़ा कर कंपनी बाग की जमीन को मलिक की बगीचा बनाकर हड़पने के मामले में पुलिस की जांच शुरू हो गई है। पुलिस ने नगर निगम को पत्र लिखकर छह सवालों के जवाब और कंपनी बाग से जुड़े सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा है।

कंपनी बाग की 13 बीघा जमीन को खुर्द-बुर्द करने के मामले में नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त ने अब्दुल्ला बिल्डिंग लाइन नंबर 8 निवासी साफिया मलिक पत्नी अब्दुल मलिक, अब्दुल्ला बिल्डिंग लाइन नंबर 8 निवासी अब्दुल मलिक पुत्र स्व.अब्दुल रज्जाक, अख्तरी बेगम पत्नी नन्हें खां, नबी रजा खां पुत्र अशरफ खां, लाइन नंबर 17 आजादनगर निवासी गौस रजा खां पुत्र स्व. अशरफ खां और बरेली उत्तर प्रदेश निवासी अब्दुल लतीफ के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने नगर निगम को पत्र भेजकर छह सवालों के जवाब पूछे हैं। जिसमें पहला सवाल यह है कि कंपनी बाग की जमीन किसकी थी और किस विभाग ने यह जमीन लीज पर दी थी।

मामले में सोमवार को एसएसआई महेंद्र प्रसाद ने नगर निगम को पत्र रिसीव कराया है। इसमें सभी प्रपत्र की कॉपी, नजूल रजिस्टर की कॉपी आदि मांगी गई है। साथ ही कंपनी बाग की जमीन किसे लीज में मिली थी। किस विभाग ने लीज दी थी। किस अधिकारी की ओर से लीज पेपर जारी किए गए। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि निगम को पत्र भेजकर जानकारी मांगी गई है। साथ ही पूछा गया है कि जिस मरे हुए व्यक्ति का शपथ पत्र लगाया गया है, क्या उसका नगर निगम के जन्म-मृत्यु रजिस्टर में उल्लेख है।

तफ्तीश

- सहायक नगर आयुक्त की ओर से दर्ज मामले में शुरू हुई जांच

मलिक और साथियों को नहीं मिलेगी तीन महीने से पहले जमानत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सलाखों के पीछे पहुंच चुके अब्दुल मलिक और साथी तीन महीने से पहले जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे। इसकी वजह है धारा यूएपीए। अगर आरोपियों को जमानत चाहिए तो अब तीन महीनों का इंतजार करना होगा। इसके बाद भी यह न्यायालय पर निर्भर करता है कि वो आरोपियों को जमानत दे या नहीं। इन आरोपियों पर एक दर्जन ज्यादा गंभीर धाराएं लगाई गई हैं।

पुलिस ने आठ फरवरी को बनभूलपुरा में हुए दंगे में अब्दुल मलिक के खिलाफ बनभूलपुरा थाने में आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 307, 395, 323, 332, 341, 342, 353, 427 और 436 में मुकदमा दर्ज किया था। इसी के साथ मलिक पर उत्तराखंड लोक संपत्ति अधिकार अधिनियम, आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम और गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) में मुकदमा दर्ज है। जानकारों का कहना है कि गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत आरोपी को तीन महीने तक जमानत नहीं मिलती है। ये ही धाराएं अब्दुल मोईद सहित सभी नामजद आरोपियों पर भी लगाई गई है। ऐसे में जब मोईद की गिरफ्तारी होगी तो उसे भी तीन महीने जेल में ही गुजारने होंगे। जिसके बाद वो जमानत के लिए अपील कर सकता है।

सख्ती

- मलिक समेत सभी आरोपियों पर पुलिस ने लगाई है यूएपीए
- एक दर्जन से ज्यादा धाराओं में दर्ज है मलिक पर मुकदमा

बनभूलपुरा हिंसा व विस सत्र के चलते अतिक्रमण हटाने का अभियान स्थगित

हल्द्वानी : वन विभाग ने मंगलवार को बागजाला में वन भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को फिलहाल स्थगित कर दिया है। तराई पूर्वी वन डिवीजन के डीएफओ हिमांशु बागरी ने बताया कि गौला रेंज में गौला रोखड़, कुंवरपुर बीट संख्या-2 के अंतर्गत वर्ष 1976 में वनभूमि खेतीबाड़ी के लिए लीज पर दी गई थी। वर्ष 2006-07 में लीज समाप्त होने के बाद नवीनीकरण नहीं कराया गया। इसके विपरीत पर अवैध ढंग से प्लॉटिंग कर दी गई और वहां अवैध निर्माण हो गए। वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त अभियान के तहत मंगलवार को बागजाला में अवैध निर्माण का ध्वस्तीकरण अभियान प्रस्तावित था। इसके लिए पुलिस फोर्स और पीएसी की मांग की गई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस का कहना है कि बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा हिंसा के बाद अधिकांश पुलिस फोर्स बनभूलपुरा में तैनात है। वहीं, विधानसभा सत्र चल रहा है। इसलिए पुलिस ने अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस बल उपलब्ध कराने में असमर्थता जताते हुए आगे की तारीख मांगी है। इस पर वन विभाग ने बागजाला से अतिक्रमण हटाने का अभियान स्थगित कर दिया है। बागरी ने बताया कि जल्द ही पुलिस की उपलब्धता के अनुसार नई तिथि तय की जाएगी।

अतिक्रमण हटाओ अभियान जीने के अधिकार पर हमला

हल्द्वानी, अमृत विचार: वन विभाग के तराई पूर्वी वन प्रभाग ने गौलापार के बागजाला इलाके में अतिक्रमण हटाने के अभियान की घोषणा की है।

इस पर भाकपा माले ने कहा कि यह सीधे तौर पर गरीबों के आवास, आजीविका और जीने के अधिकार पर हमला है। माले के जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडे ने अपने बयान में कहा कि बागजाला में अतिक्रमण हटाओ अभियान के नाम पर गरीबों को उजाड़ने के अभियान का भाकपा माले विरोध करती है। उन्होंने कहा कि दशकों से बागजाला में रह कर कृषि, पशुपालन और अन्य आजीविकाओं में लगे लोगों को उनका मालिकाना अधिकार दिया जाना चाहिए।

कुसुम कंडवाल आज करेंगी बनभूलपुरा का दौरा

हल्द्वानी, अमृत विचार : राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल आज बनभूलपुरा हिंसा में घायल हुई महिला, पुलिस कर्मचारियों का हालचाल जानेगी। साथ ही घटना की जांच कर रहे पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगी। डीएम वंदना सिंह ने बताया कि महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल मंगलवार की दोपहर 12 बजे बनभूलपुरा का स्थलीय निरीक्षण करेंगी। वह हिंसा में घायल हुई महिलाएं, बच्चे, महिला पुलिस कर्मचारियों आदि से मुलाकात करेंगी। इसके अलावा इस प्रकरण की जांच कर रहे अधिकारियों से भी मिलेंगी। उन्होंने एसडीएम, तहसीलदार को अध्यक्ष के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

उपचार में आलाकत्ल के निशान तक खो गए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : दंगे की रात सब्जी बेचकर घर लौट रहे अलबशर पर धारदार हथियार से हमला किया गया। उसका पेट फाड़ दिया गया और हमला इतना तेज था कि पेट की आंतें तक कट गई। उसके चार ऑपरेशन हुए, जिससे आलाकत्ल के निशान भी मिट गए। सोमवार को जब पोस्टमार्टम हुआ तो यह साफ ही नहीं हो सका कि किस हथियार से अलबशर पर हमला किया गया था।

नई बस्ती ताज मस्जिद निवासी अलबशर (18 वर्ष) पुत्र अब्दुल माजिद सब्जी के ठेले से फेरी लगाता था। बीती 8 फरवरी को अलबशर सब्जी बेचकर घर लौट रहा था। तभी लाल मस्जिद लाइन नंबर 17 के पास उस पर हमला हुआ। घर खबर पहुंची कि अलबशर घायल पड़ा है। उसका पेट फटा हुआ और आंतें बाहर आ गई हैं। उसे आनन-फानन में एसटीएच ले जाया गया। जहां उसके चार ऑपरेशन हुए, लेकिन जान नहीं बच सकी। 25 फरवरी को उसकी मौत हो गई। सोमवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में चिकित्सकों के पैनल ने शव का पोस्टमार्टम किया। सूत्रों के अनुसार पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों का पैनल यह नहीं पता कर पाया कि किस हथियार से अलबशर के पेट में वार किया गया था। बताया जा रहा है कि इसकी वजह अलबशर की जान बचाने के लिए किए गए चार ऑपरेशन थे।

अलबशर हत्याकांड

- दंगे की रात सब्जी बेचकर लौट रहे अलबशर की हुई थी हत्या
- किस हथियार से हुई हत्या, पोस्टमार्टम से नहीं हो सका स्पष्ट

चार जिलों में तैनात इंस्पेक्टरों के तबादले

हल्द्वानी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस महकमे में तबादले शुरू हो गए हैं। पहली खेप में एक दर्जन इंस्पेक्टर के तबादले किए गए हैं। डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत ने नैनीताल, ऊधमसिंहनगर, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा में तबादले किए हैं। इंस्पेक्टर नासिर हुसैन, अजय लाल साह, राजेंद्र सिंह रावत, त्रिलोक राम और हिमांशु पंत को उधमसिंहनगर भेजा गया है। जबकि इंस्पेक्टर राजेश यादव, श्वेता दिगारी, प्रभात कुमार और मोहन चंद्र पांडे को नैनीताल भेजा गया है। इंस्पेक्टर प्रकाश सिंह दानू और नरेश चौहान को चम्पावत में तैनाती दी गई है। जबकि इंस्पेक्टर दिनेश सिंह फर्त्याल को अल्मोड़ाभेजागयाहै। इस तरह ऊधमसिंह नगर को पांच नए निरीक्षक मिले हैं। नैनीताल जिले से तीन निरीक्षकों का तबादला कर चार नए इंस्पेक्टर भेजे गए हैं। पिथौरागढ़ से दो, अल्मोड़ा से तीन और बागेश्वर से चार पुलिस निरीक्षकों के ट्रांसफर कर इधर-उधर भेजा गया है।

पालिका का कूड़ा वाहन खाई में गिरा, एक की मौत

दुखद

- स्कूटी को बचाने के चक्कर में वाहन अनियंत्रित, चालक घायल
- घर जाने के लिए अधेड़ ने वाहन चालक से ली थी लिफ्ट

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: शहर के डीएसबी मार्ग पर नगर पालिका का कूड़ा वाहन अनियंत्रित होकर करीब 800 फीट गहरी खाई में गिर गया। हादसे में वाहन सवार अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं वाहन चालक गंभीर रूप से चोटिल हो गया। बीच खाई वाहन में फंसे दोनों लोगों को एसडीआरएफ और पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत कर रेस्क्यू किया।

जानकारी के मुताबिक तल्लीताल बूचड़खाना निवासी रहमान आउटसोर्स पर नगर पालिका में कूड़ा वाहन चलाता है। सोमवार रात करीब नौ बजे वह मेट्रोपोल में कूड़ा उतारने के बाद डीसीबी मार्ग से घर की ओर जा रहा था। मस्जिद के समीप उससे शेरवुड निवासी शहनवाज ने घर जाने के लिए लिफ्ट मांगी। वाहन डीएसबी गेट के करीब पहुंचा ही था कि नीचे की ओर आ रही एक स्कूटी को बचाने के दौरान अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। वाहन दुर्घटनाग्रस्त होता देख तत्काल लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली एसएसआई दीपक बिष्ट पुलिस टीम के साथ ठंडी सड़क क्षेत्र में पहुंचे। मगर वाहन बीच खाई में पेड़ से टकराकर रुक जाने के कारण एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाना पड़ा। खड़ी चट्टान में कड़ी मशक्कत के बाद पहुंची टीम ने चालक और सवार को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने शहनवाज को मृत घोषित कर दिया। वहीं वाहन चालक को भी गंभीर चोटें आई हैं। दीपक बिष्ट ने बताया कि फिलहाल शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

हादसे में घायल को एंबुलेंस में अस्पताल ले जाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

सीपीयू कर्मी को टक्कर मारकर कार फरार

हल्द्वानी, अमृत विचार : चेकिंग कर रहे सीपीयू कर्मी ने एक कार को चेकिंग के लिए रोकने की कोशिश की। कार सवार ने कार रोकने के बजाय रफ्तार बढ़ा दी और सीपीयू कर्मी को चपेट में लिया। सीपीयू कर्मी बुरी तरह घायल हो गया और घटना को अंजाम देने के बाद चालक कार समेत फरार हो गया। उसका पीछा भी किया गया, लेकिन वह हाथ नहीं आया।

सोमवार की सुबह एसटीएच स्थित कैंसर हॉस्पिटल चौराहे पर सीपीयू के कर्मी चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच रामपुर रोड की ओर जा रही एक संदिग्ध कार दिखी। सीपीयू कर्मी ने उसे रोकने का प्रयास किया तो चालक ने उसे कार की चपेट में ले लिया। कार की टक्कर से सीपीयू कर्मी का हाथ फट गया और घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी कार समेत भाग खड़ा हुआ। इसकी सूचना सीपीयू कर्मियों ने स्थानीय चौकी व थाने को दी। पुलिस ने नाकाबंदी भी की।

पहल चार साल से जेल में बंद सलीम को मिला पेंटिंग का हुनर, अपने हुनर से रंग डालीं जेल की दीवारें

जेल की कूची से सलीम मिटा रहा हत्या का दाग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सलीम के दामन पर पत्नी की हत्या का दाग है। ये दाग धुल सकता है, लेकिन अभी इसके लिए वक्त है। वो पिछले चार साल से जेल की चहारदीवारी में कैद है, लेकिन अब घुट नहीं रहा। बल्कि जेल में गुजरे दिनों को उसने अपना जीवन संवारने में लगा दिया। अब वो एक बेहतरीन पेंटर बन कर चुका है। अपने हुनर से उसने जेल की दीवारें रंग डाली हैं और सलीम के रंग से जेल भी अब रंग-बिरंगी हो गई है।

वार्ड 20 इंद्रानगर सिरौली कला पुलभट्टा ऊधमसिंहनगर निवासी मोहम्मद सलीम पुत्र अहमद हुसैन पर उसी की पत्नी की हत्या का आरोप है और मामला न्यायालय में विचाराधीन है। 26 दिसंबर 2020 को पुलिस ने सलीम को उप कारागार हल्द्वानी में दाखिल किया था। जेल प्रशासन के मुताबिक एक संस्था की ओर से जेल में पेंटिंग कोर्स कराया गया था। सलीम ने भी औरों से साथ कोर्स किया और फिर धीरे-धीरे खुद पेंटिंग शुरू की। जेल प्रशासन ने सलीम के हुनर को देखा और उसके लिए हजारों रुपये के उपकरण मंगाए। अब स्थिति यह है कि सलीम ने अकेले ही जेल की सारी दिवारें रंग डाली हैं। वो न सिर्फ वॉल पेंटिंग कर रहा है, बल्कि कैनवास व अन्य तरह की पेंटिंग भी महारथ हासिल कर चुके है। बीच-बीच में जज भी जेल के निरीक्षण के लिए पहुंचे और सलीम के हुनर को देखकर दंग रह गए।

जेल में दीवारों व कैनवास पर पेंटिंग करता सलीम। ● अमृत विचार

सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश देतीं हैं पेंटिंग

यूं तो सलीम मुसलमान है, लेकिन उसका हुनर धर्म से बंधा नहीं है। हालांकि वह एक नमाजी है। उसकी कूंची ने हिंदू देवी-देवताओं से लेकर अन्य धर्मों के भगवान को अपनी भावनाओं का रंग दिया। सलीम मॉडन आर्ट भी कर रहा है और सबसे बड़ी बात यह है कि उसकी ज्यादातर पेंटिंग उसकी अपनी यादाश्त का नतीजा है।

आप भी खरीद सकते हैं सलीम की पेंटिंग

जेल अधीक्षक प्रमोद पांडेय ने बताया कि सलीम के हुनर को तराशने के लिए जेल प्रशासन हर संभव मदद कर रहा है। उसकी पेंटिंग लोगों को भा रही है। उन्होंने बताया कि आम लोग भी सलीम की पेंटिंग को अपने घरों और दफ्तर की दीवारों पर लगा सकते हैं। अगर लोग पेंटिंग खरीदना चाहते हैं तो जेल प्रशासन से संपर्क कर सकते हैं।

एक से हाथी डंगर गेट से शुरू होगा नया पर्यटन जोन

रामनगर : फाटो पर्यटन जोन की सफलता के बाद अब तराई पश्चिमी वन प्रभाग हाथी डंगर से नए पर्यटन क्षेत्र हाथी डंगर गेट से आमपोखरा रेंज की शुरुआत करने जा रहा है। डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि नए पर्यटन जोन आमपोखरा के लिए हाथी डंगर गेट से 25 जिप्सियां सुबह और 25 शाम की पारी के लिए रवाना होंगी।

आमपोखरा रेंज में ईको पर्यटन की शुरुआत की जा रही है। उन्होंने बताया कि पर्यटक 1550 रुपये विभागीय शुल्क लेकर परमिट ले सकेंगे। इसके अलावा उन्हें जिप्सी का किराया अलग से देना पड़ेगा। एक मार्च को मुख्य वन संरक्षक कुमाऊ पीके पात्रो व विधायक दीवान सिंह बिष्ट इसका शुभारंभ करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई है कि नया पर्यटन जोन भी कार्बेट की जैव विविधता के कारण पर्यटकों को भी बेहद पसंद आएगा।

प्रधानमंत्री वर्चुअली करेंगे हिल डिपो का शिलान्यास

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: काठगोदाम डिपो को हिल डिपो के तौर पर विकसित किया जाना है। इसके लिए 67 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत पहले ही हो चुका है और पहली किस्त के तौर पर 10 करोड़ रुपये भी जारी कर दिये गए हैं लेकिन अभी तक टेंडर जारी नहीं किया गया है। बीते 18 फरवरी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसका शिलान्यास करना था लेकिन बनभूलपुरा में हुए बवाल के बाद मुख्यमंत्री का कार्यक्रम रद्द हो गया था। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका वर्चुअली शिलान्यास करेंगे जिसके बाद टेंडर जारी किया जाएगा।

बता दें कि 12 मार्च से लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू हो रही है जिसके बाद नए टेंडर जारी नहीं हो पाएंगे। इसलिए आचार संहिता से पहले टेंडर जारी करना जरूरी है ताकि निर्माण शुरू हो सके। हिल डिपो के निर्माण की जिम्मेदारी पेयजल निगम निर्माण एजेंसी को दी गई है।

हिल डिपो बनने से मैदानी क्षेत्रों को रवाना होने वाली बसें भी यहीं से रवाना होंगी। अभी तक इनका संचालन हल्द्वानी स्टेशन से किया जाता है। जगह की कमी होने से स्टेशन में अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके साथ ही आधुनिक कार्यशाला और कार्यालय बनाने के साथ डीजल, सीएनजी पंप और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन की व्यवस्था भी की जाएगी। हिल डिपो में एक साथ 40 बसों की पार्किंग की व्यवस्था होगी।

> प्रधानमंत्री हिल डिपो का वर्चुअली शिलान्यास करेंगे। अभी अधिकारिक तौर पर शिलान्यास का दिन तय नहीं है। आचार संहिता से पहले टेंडर जारी हो जाएगा। - **दीपक जैन**, जीएम, उत्तराखंड परिवहन निगम

लोनिवि ने कार्यशाला को किया निष्प्रयोज्य घोषित

परिवहन निगम की मंडलीय प्रबंधक आरएम पूजा जोशी ने कार्यशाला और वहां स्थित जीर्ण-शीर्ण भवनों के ध्वस्तीकरण से पहले लोनिवि को अपनी मूल्यांकन रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए पत्र भेजा था जिस पर लोनिवि ने परिवहन निगम को निष्प्रयोज्य प्रमाण पत्र दे दिया है। लोनिवि के अधिकारियों ने निर्माण एजेंसी पेयजल निगम के एई के साथ संयुक्त निरीक्षण किया था जिसके बाद उन्होंने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कार्यशाला को असुरक्षित बताया और निष्प्रयोज्य करने की संस्तुति की।

5 साल में 2 किलोमीटर सड़क तक की नहीं हो पाई मरम्मत

वार्ड-35, दमुवादूंगा की ज्यादातर सड़कें टूटीं, 15 हजार लोग हो रहे प्रभावित, विभागों के चक्कर काट रहे लोग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: बीते 5 साल से मरम्मत की उम्मीद में 2 किलोमीटर लंबी सड़क घुट-घुटकर मर रही है लेकिन विभागों के अधिकारी आपस में ही उलझे हुए हैं, जिससे लोगों को आवागमन में भी दिक्कतें हो रही हैं।

वार्ड-35, दमुवादूंगा की ज्यादातर सड़कें टूट-फूट चुकी हैं, जिससे उन पर चलना दूभर हो रहा है। आश्वासन के बावजूद सड़कों की मरम्मत नहीं की जा रही। लोग विभागों के चक्कर काटकर परेशान हो गए हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि विनोद टम्टा के घर से शिवायपुरम तक करीब 800 मीटर, बेड़ी खत्ता से हाईस्कूल दमुवाढूंगा तक 800 मीटर व नारायण सिंह मेहरा के घर से विजय फौजी के घर तक लगभग 70 मीटर की करीब 2 किलोमीटर लंबी सड़कें रखरखाव के अभाव में टूट-फूट चुकी हैं और सड़कों पर पत्थर ही पत्थर हैं, जिससे लोगों को आने-जाने में असुविधा हो रही है। उन्होंने बताया कि यहां से हाइडिल, नैनीताल रोड लिंक है, जिससे सड़कों पर दिन-रात आवाजाही रहती है, ऐसे में ये सड़कें दुर्घटनाओं को दावत दे रही हैं।

सड़क की दुर्दशा दिखाते बुजुर्ग। ● अमृत विचार

लोगों ने बताया कि सड़कें इतनी ज्यादा खराब हैं कि इन पर दो पहिया वाहन चलाना जान हथेली पर लेकर चलने जैसा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की 15 हजार से ज्यादा की आबादी को टूटी सड़कों के कारण दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। लोगों ने बताया कि इन दिनों बेड़ी खत्ता से देव खड़ी को जोड़ने के लिए एक पुल का निर्माण कार्य चल रहा है, जिससे विकल्पों के अभाव में इन सड़कों पर चलने वालों की संख्या कई गुना बढ़ गई है।

स्थानीय पार्षद रेनू टम्टा बताती हैं कि टूटी सड़कों की मरम्मत के लिए पिछले 5 साल में सैकड़ों बार प्रस्ताव बना चुकी हैं लेकिन विभागों की आपसी नुराकुश्ती से यह कार्य अभी तक अटका हुआ है। लोगों ने बताया कि विधायक सुमित हृदयेश के सहयोग से सड़कों की मरम्मत का कार्य लोनिवि को करना है लेकिन उसकी ओर से देरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि चुनावी आचार संहिता लगने के बाद कार्य में काफी देरी हो जाएगी।

बोले लोग

बीते कई सालों से सड़कों की मरम्मत के लिए कोशिश कर रहे हैं। सड़कें नगर निगम के अंतर्गत थीं लेकिन अब लोनिवि इनकी मरम्मत का कार्य करेगा।
– **महेशानंद**, स्थानीय निवासी

सड़कें खराब होने से लोगों को परेशानी हो रही है। पैदल व दो पहिया वाहनों को चलाने में दिक्कत होती है। सालों से सड़कों का सुधारीकरण नहीं हुआ है।
– **तारा चंद्र**, स्थानीय निवासी

सड़कें खराब होने से घरों का पानी उनमें जमा हो जाता है, जिससे लोगों को पैदल चलने में दिक्कत होती है। गंदगी से गर्मियों में मच्छर आदि भी पैदा होंगे। – **जगदीश चंद्र भारती**, स्थानीय निवासी

विधायक के सहयोग से लोनिवि ने कार्य करने की सहमति दी लेकिन अब कार्य शुरू नहीं हो पाया है। चुनाव की आचार संहिता लगने वाली है।
– **जगदीश प्रसाद**, स्थानीय निवासी

2015 से मार्ग के सुधारीकरण की मांग पर नहीं हुई कार्रवाई

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : भीमताल विधानसभा में दर्जनों मोटर मार्गों के लोकार्पण व डामरीकरण किए जाने की घोषणा प्रतिदिन हो रही है पर मात्र 10 किलोमीटर की दूरी पर ग्रामीण पिछले 10 साल से 1 किलोमीटर 800 मीटर मार्ग पर डामरीकरण और सुरक्षात्मक कार्य करने की मांग कर रहे हैं पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुलियाल बताते हैं कि जंगलिया गांव बूढ़ाधूरा मोटर मार्ग पर 1 फरवरी 2015 को एक ही परिवार के चार लोग मोटरसाइकिल गिरने के कारण मारे गए थे। वहीं पिछले वर्ष एक पिकअप के गहरी खाई में गिर जाने के कारण वाहन चालक की मौत हो चुकी है। 1 फरवरी 2015 के बाद से स्थानीय लोग इस मोटर मार्ग पर डामरीकरण व सुरक्षात्मक कार्य किए जाने की मांग शासन प्रशासन जनप्रतिनिधियों से कर चुके हैं पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

2015 से अब तक कोई ऐसा जनप्रतिनिधि नहीं है और कोई ऐसा अधिकारी नहीं है, जिससे इस मोटर मार्ग के संदर्भ में वार्ता न की गई हो पर कोई भी कार्रवाई नहीं हो रही है।
–**प्रेम कुलियाल**, सामाजिक कार्यकर्ता

फरवरी 2023 में मुख्यमंत्री के सचिव चिरंजीवी लाल का पत्र इस मोटर मार्ग के संदर्भ में मिला था पर क्या कार्रवाई हुई, इसका कुछ पता नहीं है।
–**राधा कुलियाल**, ग्राम प्रधान

ट्यूबवेल का प्रस्ताव स्वीकृत, टेंडर जारी

हल्द्वानी, अमृत विचार: विकासनगर (बिठौरिया) में ट्यूबवेल निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई है। जल संस्थान यहां 1.63 करोड़ रुपये से ट्यूबवेल बनाएगा। जल संस्थान ने प्रस्तावन शासन भेजा था जिसे स्वीकृति मिल गई है। ट्यूबवेल बनने के बाद क्षेत्र के लोगों की परेशानी दूर हो जाएगी। बता दें कि विकासनगर में लंबे समय से पानी की समस्या है। क्षेत्र के लोगों को रोस्टर के अनुसार एक दिन छोड़कर गौला के पानी की आपूर्ति होती है। प्लांट बंद होने या संबंधित लाइन क्षतिग्रस्त होने पर लोगों को पानी की आपूर्ति नहीं हो पाती जिस कारण लोगों को टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ता है। विभाग के टैंकरों से पर्याप्त पानी न मिलने पर लोग अपने खर्च पर निजी टैंकर मंगाते हैं। ट्यूबवेल बनने से क्षेत्र की लगभग 10 हजार की आबादी को इसका लाभ मिलेगा। पूर्व में क्षेत्र के लोगों ने समस्या को लेकर कई बार जल संस्थान के ईई रविशंकर लौशाली से भी मुलाकात की थी और नए ट्यूबवेल का निर्माण करने का अनुरोध किया था।

सार-संक्षेप

महिला डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम को संबोधित करतीं वक्ता। ● अमृत विचार

महिला डिग्री कॉलेज में उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू

हल्द्वानी : राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में सोमवार से 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम शुरू हो गया है। इसका शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने कहा कि देवभूमि उद्यमिता योजना प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इससे छात्राओं को नए उद्यम स्थापित करने में सहायता मिलेगी। डीयूवाई के नोडल अधिकारी एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रितुराज पंत ने योजना के बारे में चर्चा करते हुए उद्यमिता की अवधारणा, उद्यमी का अर्थ और एक सफल उद्यमी के गुण के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ललिता जोशी ने किया। इस अवसर पर डॉ. गीता पंत, डॉ. फकीर सिंह, डॉ. राजेश, डॉ. विद्या कुमारी, डॉ. विभा पांडे, डॉ. नीता शाह, डॉ. प्रभा साह, डॉ. मंजरी चौधरी, डॉ. रुचि रजवार मौजूद रहे।

महिलाओं को वी एक्ट की जानकारी देते अधिकारी। ● अमृत विचार

महिला उद्यमियों को बाजार उपलब्ध कराएगा वी एक्ट

हल्द्वानी : भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने सोमवार को जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इसमें परियोजना अधिकारी बाल कृष्ण जोशी ने महिलाओं को वी एक्ट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जूट बैग, धूपबत्ती, कपड़ा बैग व अन्य उत्पादों का प्रशिक्षण लेने के बाद महिलाओं को ईडीआईआई वी एक्ट के माध्यम से बाजार उपलब्ध कराएगा। मुखानी स्थित गिरिजा बुटिक एवं महिला विकास केंद्र में कार्यक्रम के दौरान जोशी ने बताया कि संस्था प्रतिभागियों के लिए प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण, बाजार प्रबंधन, व्यवसाय प्रबंधन, वित्तीय जानकारी के साथ-साथ समय-समय पर उद्यमी मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला उद्योग केन्द्र के पूर्व महाप्रबंधक योगेश पांडे ने महिलाओं को केन्द्रीय, राजकीय उद्यमी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। संस्था की अध्यक्ष गीता सत्यवली ने महिलाओं से स्वरोजगार संबंधी कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की।

रामनगर में योग ग्रुप के चुने गए पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अनीता बनीं योग ग्रुप की अध्यक्ष

रामनगर : योग ग्रुप की कार्यकारिणी बैठक में योग की रूपरेखा तय कर पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें संचालक डॉ. संतोष कोटिया और योगाचार्य डॉ. कमल पटवाल रहे। जबकि अध्यक्ष पद पर अनीता पोखरियाल को चुना गया। उपाध्यक्ष बीना बिष्ट, सचिव संतोष, उपसचिव आरती आर्या, कोषाध्यक्ष निशा आर्या, उपकोषाध्यक्ष किरन राणा, व्यवस्थापक महेंद्र सिंह, दीपक राणा, उमंग पांडे, प्रबंधक नंदन सिंह रावत, उपप्रबंधक सुरेंद्र सिंह बिष्ट, ऑडिटर शेखर अधिकारी, मीडिया प्रभारी कुमारी गौरी कश्यप, संरक्षक सुनील चंद्र नैनवाल, गोपाल पांडे, महिला व्यवस्थापिका उषा जोशी, सलाहकार महेश चंद्र कश्यप, देवेंद्र पटवाल चुने गए।

शत प्रतिशत मतदान के लिए नोडल अधिकारी तैनात हों

हल्द्वानी : लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर प्रशासन ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों का शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती के निर्देश दिए गए हैं। उपजिला निर्वाचन अधिकारी शिवचरण द्विवेदी ने सभी सरकारी विभागों के अध्यक्षों को लोकसभा चुनाव में अधिकारी, कर्मचारियों, शिक्षकों के मताधिकार का शत प्रतिशत उपयोग, निर्वाचन कार्यों को समयबद्ध ढंग से करने के लिए समन्वय बनाने के लिए विभागीय स्तर पर नोडल अधिकारी बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विभागीय नोडल अधिकारी का दायित्व निर्वाचन का शत प्रतिशत पंजीयन, मतदान की शपथ, निर्वाचन ड्यूटी में प्रत्येक कार्मिक को डाक पत्र, ईडीसी के लिए प्रारूप-12 अथवा 12 क विधिवत आवेदन के लिए प्रेरित करना, प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक परिवार के सभी पंजीकृत अर्ह व्यक्तियों को शपथ दिलवाना सुनिश्चित करें। द्विवेदी ने सभी अधीनस्थ विभागाध्यक्षों, कार्यालयाध्यक्षों को नोडल अधिकारियों का ब्योरा जल्द से जल्द जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

मुखानी में घंटों तक गुल हो रही बिजली

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: अभी गर्मियां शुरू भी नहीं हुई लेकिन बिजली आम जनता को रुलाने लगी है। मुखानी व ऊंचापुल में सोमवार को बिजली मिनटों के लिए आ रही व घंटों के लिए जा रही थी, जिससे लोग दिनभर परेशान व विभाग को कोसते रहे।

लोगों ने कहा कि बिजली आती ही नहीं तो ठीक होता लेकिन उसके आने-जाने से कोई काम नहीं हो पाए व व समय भी बर्बाद हुआ। मुखानी के रोहित शर्मा ने बताया कि कई जरूरी प्रिंट आदि निकलाने थे लेकिन बिजली ने धोखा दे दिया, मालूम होता कि बिजली नहीं आएगी तो रविवार को ही काम कर लेता। बिजली की आंख मिचौली से महिलाओं को भी गृह कार्यों में परेशानियां हुईं, जबकि बोर्ड परीक्षा शुरू होने से बच्चों की पढ़ाई-लिखाई बाधित रही। इधर, विद्युत विभाग के ईई डीडी पांगती ने बताया कि रोस्टिंग के चलते सोमवार को ऊंचापुल व मुखानी में बिजली बाधित रही।

लोगों ने बताया कि जेल रोड, हीरा नगर के ज्यादातर क्षेत्रों में रविवार की रात में स्ट्रीट लाइटें नहीं जलीं, जिससे अंधेरा होने से आने-जाने में दिक्कतें हुईं। कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर लगे बल्ब खुले रखे थे, जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिली। लोगों ने बताया कि समूचे क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से दिनभर स्ट्रीट लाइटें जलती रहती हैं लेकिन अंधेरा होते ही बंद हो जाती हैं।

रास्ते पर गंदगी डालने वालों पर होगी कार्रवाई

गरमपानी : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर खैरना क्षेत्र में कोसी व शिप्रा नदी के तट पर स्थित शमशान घाट को जाने वाले रास्ते पर गंदगी डालने वालों की अब खैर नहीं है। मोक्ष धाम को जाने वाले रास्ते के बीचोंबीच डालने वालों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है।

एसडीएम विपिन चंद्र पंत के अनुसार गंदगी डालने वालों को चिह्नित कर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्रीय जन विकास संघर्ष समिति ने भी मोक्ष धाम के रास्ते पर गंदगी डालने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग दोहराई है। खैरना के समीप जीवनदायिनी कोसी व पवित्र शिप्रा नदी के संगम तट पर स्थित मोक्ष धाम में बेतालघाट, रामगढ़ तथा पड़ोसी ताड़ीखेत ब्लॉक के तमाम गांवों से लोग शवदाह को पहुंचते हैं। समीप ही सोमवारी बाबा की तपोस्थली होने से भी संगम का महत्त्व कई गुना अधिक है।

16 विभूतियों को किया सम्मानित

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : पर्वतीय सभा लखनपुर, रामनगर में 36 वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में अपना अहम योगदान रखने वाली 16 विभूतियों को सम्मानित किया गया। सभा के महामंत्री हेम चन्द्र पांडे, उपाध्यक्ष पूरन चन्द्र पांडे तथा सांस्कृतिक मंत्री केसी त्रिपाठी के संयुक्त संचालन में समारोह सम्पन्न हुआ। इस दौरान शिक्षा के क्षेत्र में प्रो. जीसी पंत, विधि क्षेत्र में दुष्यंत मैनाली, पत्रकारिता के क्षेत्र में गणेश रावत, क्रीड़ा क्षेत्र में देवेंद्र चंद्र भट्ट, साहित्यिक विधा में मितेश्वर आनंद, तकनीकी शिक्षा में डॉ. गिरीश घुग्तियाल, अभिनय क्षेत्र में गणेश पंत, सांस्कृतिक विधा में संजय रिखाड़ी, सामाजिक विधा में एचसी घिल्डियाल, चिकित्सा विधा में डॉ. दान सिंह गौरव, पर्यावरण विधा में मनोहर सिंह मनराल, कला विधा में महेश चन्द्र, पर्वतीय सभा विशिष्ट सेवा हेतु इन्द्र सिंह मनराल तथा उदयराज सिंह बिष्ट को सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि गोपाल दत्त जोशी, विशिष्ट अतिथि हरीश चन्द्र घिल्डियाल, सभा के अध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी तथा संरक्षक चंद्रशेखर भट्ट ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया। गुडलक पब्लिक स्कूल, लखनपुर के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किए। बग्वाल कला केन्द्र दुर्गापुरी के कलाकारों ने पर्वतीय संस्कृति पर आधारित प्रस्तुति दी। इसी के साथ नन्हीं कलाकार गायत्री रिखाड़ी ने बांसुरी पर मनमोहक प्रस्तुति दी। इस दौरान निखिलेश उपाध्याय, प्रकाश पांडे, प्रदीप पांडे, एमआर जोशी, भावना भट्ट, विमला आर्या, नवीन तिवारी, जितेन्द्र बिष्ट, बीएस डंगवाल, मंजू जोशी, बीना रावत, पंकज सत्यवली, जेसी लोहनी, जगत नेगी मौजूद रहे।

सम्मानित विभूतियों के साथ समिति के लोग। ● अमृत विचार

जेएसएन ने एमटीआई को किया चित

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: एमबीपीजी कॉलेज में छात्र संघ द्वारा आयोजित दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता सोमवार से शुरू हो गई है। पहले दिन बालक वर्ग में 17 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिनके बीच 8 मुकाबले हुए, जबकि एक टीम को बाय दिया गया। आज बालिका वर्ग की टीमों के बीच मुकाबले होंगे व दो फाइनल खेले जाएंगे।

एमबीपीजी कॉलेज में सोमवार से शुरू हुए वॉलीबॉल प्रतियोगिता को लेकर छात्रों में काफी दिलचस्पी रही। पहला मुकाबला जेएसएन क्लब व एमटीआई कॉलेज के बीच खेला गया। जेएसएन की टीम ने जबरदस्त प्रदर्शन किया व एमटीआई के खिलाड़ियों को बगलें झांकने को मजबूर कर दिया। जेएसएन ने लगातार दो मैचों में एमटीआई को चारों खाने चित कर दिया और 15 सेट से जीत दर्ज की। इस बीच दर्शकों की अच्छी-खासी मौजूदगी रही।

दूसरा मैच नितिन डायनामाइट व शंकर वारियर की टीमों के बीच हुआ, जिसमें पहले मुकाबले में नितिन की टीम हावी रही, जबकि दूसरे मुकाबले में शंकर की टीम ने वापसी की, लेकिन तीसरे मुकाबले में नितिन की टीम ने फिर से जबदस्त खेल दिखाया व जीत का सेहरा पहना। इसके बाद बिंदुखत्ता व शांतिपुरी सहित 6 और मुकाबले हुए, जिसका भी दर्शकों ने जमकर लुत्फ उठाया। मुकाबले के लिए कोई टीम न होने पर हल्द्वानी क्लब को बाय दे दिया गया। निर्णायक की भूमिका में सतीश व स्कोरिंग कुसुम थापा आदि ने की। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. बीएस बनकोटी, छात्र संघ अध्यक्ष सूरज रमोला, भाजपा नेता शंकर कोरंगा, जोगेंद्र सिंह, प्रकाश सिंह नगरकोटी, जसराज डोगरा, सौरभ बिष्ट, तुषार पलड़िया, अमन सिंह बिष्ट, सौरभ बिष्ट आदि मौजूद रहे।

आयोजकों ने बताया कि आज बालिका वर्ग के मुकाबले होंगे, जिसके बाद सेमी फाइनल व फाइनल खेला जाएगा।

एमबीपीजी कॉलेज में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भिड़ते खिलाड़ी।

सेपक टाकरा की टीमों का हुआ चयन

हल्द्वानी, अमृत विचार : सेपक टाकरा जूनियर व सब जूनियर टीम (बालक व बालिका) का चयन हो गया है। सेपक टाकरा एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष डीके शर्मा ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों के 58 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। चयन प्रक्रिया के उपरांत सब जूनियर बालक, जूनियर बालक व बालिका टीमों का चयन किया गया। जूनियर बालिका व बालक और सब जूनियर वर्ग में 8-8 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित टीम का 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के पश्चात 26 से 30 मार्च तक दावणगेरे, कर्नाटक में भारतीय सेपक टाकरा महासंघ द्वारा आयोजित होने वाली जूनियर एवं सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी।

लोगों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश देते डीएफओ। ● अमृत विचार

पुछड़ी में अतिक्रमण हटाने की तैयारी

रामनगर: ग्राम पुछड़ी क्षेत्र के साथ ही नदी किनारे वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण की खबरों के बाद अधिकारी एक्शन में आ गए हैं। बताया जाता है कि इस इलाके में कुछ भूमाफियाओं ने 10 और 100 रुपये के स्टांप पर वन भूमि को अवैध कब्जा कर लाखों रुपये में बेचा है। सोमवार को तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य अपनी टीम के साथ इस इलाके में पहुंचे, जहां उन्होंने वन विभाग की भूमि को ड्रोन के माध्यम से चिन्हित करने की कार्रवाई की। इस दौरान उन्होंने वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण कर पक्के मकान बनाने, झोपड़ी बनाने वालों के साथ ही वन भूमि पर अवैध रूप से खेती करने वालों से भी पूछताछ करते हुए तत्काल वन भूमि को खाली करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि वन भूमि को खाली न करने पर शीघ्र अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि जिन लोगों द्वारा फर्जी तरीके से स्टांप पर वन भूमि लोगों को बेची गई है, उनके खिलाफ वन अधिनियम के साथ ही मुकदमा दर्ज करने की भी कार्रवाई की जाएगी।

भक्तों के विश्वास की रक्षा परमात्मा करते हैं

गरमपानी : जीवनदायिनी कोसी नदी के तट पर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में शुरु हुए धार्मिक अनुष्ठान में आसपास के गांवों से आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। कथा व्यास पंडित खजान चंद्र पंत ने श्रद्धालुओं से धर्म के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी का आह्वान किया। रविवार को बेतालघाट ब्लॉक के आमबाड़ी व घंघरेठी गांव के समीप जीवनदायिनी कोसी नदी के तट पर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में धर्माचार्यों ने यजमान दीवान सिंह जलाल व रवि वर्मा से धार्मिक अनुष्ठान पूरे कराए। कथा व्यास पंडित खजान चंद्र पंत ने कहा कि भक्त व परमात्मा के बीच विश्वास की डोर है। भक्तों के विश्वास की रक्षा परमात्मा स्वयं करते हैं। भक्त जब सच्चे मन से आराधना करते हैं तो भगवान स्वयं दौड़े चले आते हैं।

सुनवाई कोटाबाग में आयोजित बैठक में सीडीओ ने अधिकारियों को दिए समस्याओं के समाधान के निर्देश

बीडीसी की बैठक में छाए रहे जल जीवन मिशन के मुद्दे

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार: कोटाबाग की बीडीसी बैठक में जल जीवन मिशन के कार्य और सड़कों के मुद्दे प्रमुखता से छाये रहे। सोमवार को ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल की अध्यक्षता में बीडीसी बैठक आयोजित की गई। सीडीओ अशोक कुमार ने जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों को जल्द समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिए।

बैठक में क्षेत्र पंचायत संगठन के जिलाध्यक्ष गंगा सामंत ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत गांवों में पेयजल पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों, सिंचाई गूलों को तोड़ दिया गया है, जिस कारण काश्तकार एवं ग्रामीण परेशान हैं। कालाढूंगी से कोटाबाग तक मोटर मार्ग में पड़े गड्ढे होने की बात भी उन्होंने रखी। ज्येष्ठ प्रमुख शशि डंगवाल, कनिष्ठ प्रमुख कुलदीप तड़ियाल ने बैलपड़ाव से कोटाबाग तक मार्ग में पड़े गड्ढों को ठीक करने, सड़क किनारे टाइल्स लगाने की मांग रखी। सीडीओ अशोक कुमार ने संबंधित विभागों से कहा काम में देरी करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट किया जाए, पेयजल पाइप लाइन और सड़क सुधारीकरण का कार्य बरसात से पहले पूर्ण किया जाए। इसी के साथ ब्लाक प्रमुख रवि कन्याल ने जन्म मृत्यु पंजीकरण कार्य में हो रहे विलंब के समाधान की बात भी कही। कमोला प्रधान मदन बधानी ने कालाढूंगी अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा को बढ़ाने, बीएडसी सदस्य वीरेंद्र कुमार ने राशन कार्ड बनाए जाने, यूनिट चढ़ाने में आ रही परेशानी की बात रखी। बैठक में नैनीताल एसडीएम प्रमोद कुमार, तहसीलदार कालाढूंगी संजय कुमार कोहली, बीडीओ रमेश चंद्र भट्ट आदि मौजूद रहे।

सीडीओ अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपते ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल व गंगा सामंत।

एथेनॉल फैक्ट्री के मानकों की जांच के लिए दिया ज्ञापन

कालाढूंगी : चकलुवा सूरपुर में निर्माणाधीन एथेनॉल फैक्ट्री के मानकों की जांच की मांग करते हुए ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल व क्षेपंस संगठन के जिलाध्यक्ष गंगा सिंह सामंत ने सीडीओ अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए ब्लॉक प्रमुख रवि ने कहा कि फैक्टी का निमार्ण मानकों को ताक में रख कर किया जा रहा है। उधर गांव बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले ग्रामीणों का धरना 13वें दिन से जारी है। धरने में त्रिभुवन कन्याल, बालम सिंह बिष्ट, राम सिंह नेगी, जगतार सिंह, तारा जलाल, आनंद जोशी, आनंद खनायत, गुलाब राय, ललित जंतवाल, अली हुसैन आदि मौजूद रहे।

सार संक्षेप

हेमंत, जितेंद्र भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य बने

हेमंत भट्ट।

जितेन्द्र प्रसाद आर्या

हल्द्वानी : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट की संस्तुति एवं जिला प्रभारी कैलाश शर्मा व जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट की सहमति के बाद हेमंत भट्ट और जितेन्द्र प्रसाद आर्या उर्फ पिंकी को जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है। दोनों के मनोनयन पर विधायक बंशीधर भगत, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र सिंह बिष्ट, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, गजराज सिंह बिष्ट, हेमन्त द्विवेदी, नवीन भट्ट, रंजन सिंह बर्गली, प्रदीप बिष्ट, प्रदीप जनौटी, भुवन भट्ट, प्रमोद तोलिया ने शुभकामनाएं दी हैं।

नैनीताल के बिरला के जंगल में लगी आग

आग पर काबू करती फायर ब्रिगेड कर्मचारी। ● अमृत विचार

नैनीताल : बिरला क्षेत्र के जंगल में भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना पुलिस और दमकल कर्मियों को दी। दमकल कर्मियों ने करीब 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जंगल में लगी आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी किशोर उपाध्याय ने बताया कि अराजक तत्वों ने जंगल में आग लगा दी थी।

अयारपाटा झील के लिए पालिका ने जारी किए 77 लाख

नैनीताल : अयारपाटा क्षेत्र में शेरवुड स्कूल के समीप मानसून के दौरान अस्तित्व में आने वाली झील जल्द पुर्नजीवित होगी। वन विभाग की ओर से बनाए गए प्रस्ताव पर पालिका ने 77 लाख की धनराशि जारी कर दी है। झील में वर्ष भर पानी बना रहे इसको लेकर झील की सतह पर जियो लाइन सामग्री बिछाई जाएगी। झील को ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने योग्य विकसित किया जाएगा। बता दें कि नैनीझील को सूखाताल के अलावा मानसून के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में बनने वाली झीलों से पानी की आपूर्ति होती है। अयारपाटा क्षेत्र में शेरवुड स्कूल के समीप मानसून के दौरान एक और झील का निर्माण होता है। इसमें शीतकाल तक पानी भरा रहता है। झील को ईको टूरिज्म के लिए विकसित करने को लेकर पालिका की ओर से कवायद की गई। पालिका के आग्रह पर वन विभाग ने झील को पुर्नजीवित करने का प्लान तैयार कर लिया है। ईओ राहुल आनंद ने बताया कि जल्द वन विभाग झील पुर्नजीवन के लिए प्रस्तावित कार्य शुरू कर देगा।

राम मंदिर में सेवा के लिए भाजपा कार्यकर्ता रवाना

अयोध्या के लिए रवाना होते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

हल्द्वानी : भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय से सोमवार को कार्यकर्ताओं की एक टोली अयोध्या में राम मंदिर में सेवा देने के लिए रवाना हो गई। इस मौके पर टोली का तिलक लगाकर और फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। टोली में भुवन भट्ट, मुकेश रघुवंशी, विनोद जायसवाल, विष्णु सक्सेना, चन्दन बिष्ट, प्रदीप मावड़ी, पूरन पंचोली, चंदन मनराल, पारस चन्द्र बेलवाल, चंदन सिंह अयोध्या शामिल हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, नवीन भट्ट, प्रताप रैक्वाल, किशोर जोशी, राशि जैन, गुंजन, चित्रा सुयाल, संतोष जायसवाल, पंकज अधिकारी मौजूद रहे।

फर्स्ट टाइम वोटर ने दिया मतदाता जागरूकता संदेश

हल्द्वानी : युवाओं को आगामी लोकसभा निर्वाचन की प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग का फोकस इन दिनों युवा मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक करना है इसी उद्देश्य से जिले के फर्स्ट टाइम वोटर गौरी सांगा और दीपक सिंह बिष्ट ने मतदाता जागरूकता संदेश देते हुए आने वाले चुनाव में मतदान करने का संकल्प लिया। वहीं, दूसरी स्वीप टीम ने चुनाव का पर्व, देश का गर्व थीम के साथ युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ट्रिनिटी कॉलेज पदमपुर देवलिया, हल्दूचौड़ प्रीमियर लीग, सोयाबीन फैक्ट्री हल्दूचौड़ और एमबीपीजी डिग्री कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। कर्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक डॉ. सुरेश भट्ट और मोनिका चौधरी ने युवा मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलवाई। इस मौके पर देवेंद्र तिवारी, कार्तिक तिवारी, भाष्कर बमेटा आदि उपस्थित रहे।

पीरुमदारा में किसानों ने की नुक्कड़ सभा

नुक्कड़ सभा के दौरान किसान यूनियन के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

रामनगर : स्थानीय किसानों ने संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर किसान यूनियन टिकैत के ब्लाक अध्यक्ष नवजोत सिंह ग्रेवाल के नेतृत्व में राजकीय मार्ग के किनारे एक नुक्कड़ सभा की। किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर अपनी मांगों को पूरा करने करने की मांग की। इसके उपरांत किसानों ने 15 ट्रैक्टरों के साथ तीन किलोमीटर लंबा सांकेतिक मार्च निकाला। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह रौतेला, इकबाल सिंह, कुलदीप पहलवान, पम्मा तक्खर, नैतिक करगेती, पूरन भट्ट, चक्षु करगेती, बलजीत तक्खर, बलराज सहोता, अमृत दोसाज, सचिन चौधरी, जगदेव संधू, अमन रंधावा उपस्थित रहे।

संविदा, विशेष श्रेणी, तकनीकी कर्मचारियों को करें नियमित

रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ट्रैफिक शाखा की बैठक के बाद एकत्र कर्मचारी।

हल्द्वानी : रोडवेज कर्मचारियों ने बीते 22 फरवरी को संविदा व विशेष श्रेणी कर्मचारियों के नियमितीकरण पर लगी रोक को हटाने पर हाईकोर्ट का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मृतक आश्रित कर्मचारियों को नियमित नियुक्ति देने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। ट्रैफिक शाखा काठगोदाम की मासिक बैठक सोमवार को काठगोदाम डिपो में संपन्न हुई। कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक में संविदा, विशेष श्रेणी और तकनीकी कर्मचारियों ने कहा कि अधिकांश कर्मचारियों को परिवहन निगम में कार्य करते हुए 10 साल से अधिक हो गए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से सभी कर्मचारियों को नियमित करने की अपील की। इधर, प्रांतीय अध्यक्ष आन सिंह जीना ने सभी कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद का प्रांतीय शिष्टमंडल कर्मचारियों की समस्याओं के लिए जल्द ही मुख्यमंत्री से भेंट करेगा। बैठक में जगदीश कांडपाल, श्याम सिंह साही, शंकर सिंह, भूपेंद्र बिष्ट, संदीप, जोगा सिंह आदि उपस्थित रहे।

तीन सचल दल 1228 परीक्षा केंद्रों पर रखेंगे नजर

उत्तराखंड बोर्ड

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : उत्तराखंड शिक्षा परिषद ने मंगलवार से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन करवाने के लिए कमर कस ली है। शिक्षा परिषद रामनगर ने अपने रामनगर स्थित कार्यालय के अधिकारियों के तीन सचल दल बनाए हैं। एक का नेतृत्व स्वयं सचिव डॉ. नीता तिवारी करेंगी जबकि दो का अपर सचिव वीपी सिमल्ट और बी एमएस रावत करेंगे। बोर्ड की नजर प्रदेश के 1228 परीक्षा केंद्रों पर रहेगी।

दोनों ही मंडलों में मंडल स्तर पर अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक और बेसिक के दिशा निर्देशन में सचल दल बनाया गया है। इसी प्रकार प्रत्येक जनपद में मुख्य शिक्षा अधिकारी और ब्लाक स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देशन में सचल दल गठित कर लिए गए हैं। मुख्यालय रामनगर के अलावा प्रत्येक जनपद में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। परीक्षा भवन से बाहर ही कक्ष निरीक्षकों की मोबाइल सामग्री जमा करा दी जाएगी।

एमपी इंटर कॉलेज में परीक्षा को लेकर बैठक करते शिक्षक। ● अमृत विचार

परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात

नैनीताल, अमृत विचार : हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट की नकल विहीन परीक्षाओं को लेकर शिक्षा विभाग के साथ-साथ जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड में आ गया है। परीक्षाओं में नकल की रोकथाम व शांतिपूर्ण रूप से किए जाने को लेकर जिलाधिकारी वंदना ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी है। जिलाधिकारी ने सभी परगना मजिस्ट्रेटों को अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों के आसपास 100 गज की परिधि में और आवश्यकता पड़ने पर उसके बाहर धारा-144 लगाने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने नैनीताल, धारी, कोश्यांकुटौली, रामनगर, लालकुआं, हल्द्वानी व कालाढूंगी के नामित परगना मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार को निर्देश दिए हैं कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न किए जाने के लिए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करें। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले परीक्षा केंद्रों का प्रत्येक दिन निरीक्षण करेंगे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

समय कम है तो घबराएं नहीं, अधिक है तो गवाएं नहीं

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा आज से शुरू होकर 16 मार्च तक होंगी। वैसे तो रविवार और अन्य अवकाश को छोड़कर रोजाना किसी न किसी विषय का पेपर है।

परंतु यदि परीक्षार्थियों की संख्या को आधार बना प्रमुख विषयों को चुना जाय तो इंटर स्तर पर भूगोल में परीक्षार्थियों को तैयारी का सबसे कम समय मिला है। 27 फरवरी को हिंदी का प्रश्नपत्र है एक दिन छोड़कर भूगोल की परीक्षा है। इंटर स्तर पर अंग्रेजी में अधिकतम परीक्षार्थियों को अच्छा मौका मिल रहा है। कला वर्ग के मुख्य विषय राजनीति विज्ञान का प्रश्नपत्र 5 मार्च को है जबकि अंग्रेजी का 11 मार्च को है। इसी प्रकार हाईस्कूल स्टार पर 28 फरवरी को हिंदी है जबकि 1 मार्च को केवल 1 दिन के पश्चात विज्ञान विषय है। हाईस्कूल स्तर पर 9 मार्च को को अंग्रेजी है, 15 मार्च को सामाजिक विज्ञान,13 मार्च को संस्कृत जरूर है पर हाईस्कूल के अधिकतम परीक्षार्थियों को सामाजिक विज्ञान पढ़ने के लिए 5 दिन का समय मिलेगा। राजकीय इंटर कालेज ढेला के अंग्रेजी प्रवक्ता नवेंदु मठपाल के अनुसार जिस विषय में कम समय है वे बच्चे घबराएं नहीं विषय शिक्षक द्वारा बताए गए महत्वपूर्ण टॉपिक्स का अध्ययन करें। जहां अधिक समय मिल रहा है वहां समय को गवाएं बिना नियमित अध्ययन जारी रखें। राइंका सेमलखलिया हाईस्कूल विज्ञान शिक्षिका कविता त्रिपाठी के अनुसार विज्ञान के बच्चों को सिर्फ एक दिन का समय है। ऐसे में वे सूत्रों, समीकारणों, नियमों के साथ-साथ चित्रों तथा आरेख का अध्ययन करें। राइंका दौलतपुर में भूगोल प्रवक्ता डॉ. मनीषी श्रीवास्तव के अनुसार बच्चों को सिर्फ एक दिन का समय मिला है। ऐसे में उन्हें लिखाए गए दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के अध्ययन के साथ नक्शे पर विशेष ध्यान देना होगा।

जिले में 17938 विद्यार्थी होंगे शामिल

रामनगर/हल्द्वानी : उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं आज (मंगलवार) से शुरू हो रही हैं। जिला प्रशासन ने परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्रों के 100 गज की परिधि में धारा-144 लागू कर दी है।

मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सैनी ने बताया कि बोर्ड परीक्षाएं 27 फरवरी से 16 मार्च तक होंगी। जिले में 17,938 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। इनमें हाईस्कूल में 9,918 और इंटर में 8,020 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जनपद में 100 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, इनमें 31 परीक्षा केंद्र संवेदनशील हैं।

मांगों को लेकर गरजीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां

संवाददाता, हल्द्वानी/कालाढूंगी

अमृत विचार : चार सूत्रीय लंबित मांगों का निराकरण न होने से नाराज आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सोमवार को सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने जल्द मांगें पूरी न होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सेविका, मिनी कर्मचारी संगठन उत्तराखंड के बैनर तले सभी कर्मचारी बुद्धपार्क में एकत्र हुए। जहां उन्होंने प्रदेश स्तरीय आंदोलन के लिए धरना-प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष हेमा लोहनी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मानदेय को लेकर सरकार से कई बार मांग कर चुकी है, लेकिन उनकी मांग को अनदेखा किया जा रहा है। उन्होंने न्यूनतम मजदूरी को देखते हुए 18 हजार मानदेय देने, सेवानिवृत्त होने पर 2 लाख देने का प्रावधान करने, 50 वर्ष पूर्ण कर चुके कार्यकत्रियों के मानदेय में वृद्धि करने और गोल्डन कार्ड जारी करने की मांग की। धरना-प्रदर्शन के दौरान विनीता जोशी, मीना पांडे, नीमा पांडे, जानकी गुणवंत, सुनीता गोस्वामी, जानकी देवी, मधु सिंह, शांति देवी, अनीता राठौर, कमला पांडे, पुष्पा आर्या, सुनीता यादव, विमला शर्मा, ललिता जोशी, भगवती खोलिया, दीपा, पुष्पा नेगी, पूजा, सीमा नेगी, उमा परिहार समेत कई कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

बुद्ध पार्क में अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

कालाढूंगी में प्रदर्शन करतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाएं। ● अमृत विचार

कालाढूंगी के कोटाबाग ब्लॉक की मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिका संगठन ने पांच सूत्री मांगों को लेकर हडताल शुरू कर दी है। सोमवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कालाढूंगी में प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि न्यूनतम मजदूरी 600 प्रतिदिन के अनुसार 18000 रुपये या राज्य कर्मचारी घोषित किया जाए। हड़ताल के कारण आंगनबाड़ी से संबधित कई कार्य प्रभावित रहे। इस दौरान संगठन की अध्यक्ष नीमा वर्मा, उपाध्यक्ष मंजू बोरा, रमा सती, कोषाध्यक्ष कांति बिष्ट, रमा आर्या, सचिव कमला बिष्ट, सदस्य गंगा बिष्ट, रजवंती, लीला, हंसी जोशी आदि उपस्थित रहीं।

मांगों को लेकर विधायक ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

भीमताल, अमृत विचार : विधायक राम सिंह कैड़ा ने सोमवार को देहरादून में विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात करके कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं और आशा वर्कर्स बीते कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। विधायक कैड़ा ने कहा कि ये कार्यकर्ता स्वयं को राज्य कर्मचारी घोषित करने व वेतन बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। विधायक कैड़ा ने मुख्यमंत्री से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व आशा वर्कर्स का मानदेय बढ़ाने व उनकी समस्याओं का समाधान करने का आग्रह किया।

लालकुआं में अंडरपास का मोदी ने किया शिलान्यास

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीआईपी गेट के समीप घोड़ानाला को जाने वाले मार्ग पर 2 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जाने वाले अंडर पास का वर्चुअली शिलान्यास किया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन बिष्ट एवं रेलवे के अधिकारियों समेत क्षेत्र के भाजपा नेता मौजूद थे।

यहां दो किमी स्थित घोड़ानाला मार्ग पर बनने वाले अंडरपास निर्माण कार्य का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधिवत शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन बिष्ट ने कहा अंडरपास का निर्माण होने से सड़क एवं रेल यातायात का बाधा रहित आवागमन होगा। इज्जत नगर से आए मंडल सहायक कार्मिक अधिकारी एके बंसल ने कहा कि 2 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस अंडरपास का निर्माण कार्य 30 जून तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इस अंडरपास की ऊंचाई साढ़े 13 फीट एवं चौड़ाई 18 फीट होगी। कार्यक्रम के दौरान रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर केएन पांडे, एपी सिंह, जयप्रकाश भारती, नीरज कुमार, रंजन कुमार, भारतीय जनता पार्टी बिंदुखत्ता मंडल के अध्यक्ष जगदीश पन्त, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मनीष बोरा, कुंदन चुफाल, सतीश सनवाल, सोनू पांडे, वरिष्ठ भाजपा नेता हेमंत नरूला, सुरेश पांडे सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान चाइल्ड सेक्रेड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

लालकुआं अंडरपास के शिलान्यास मौके पर मौजूद क्षेत्रीय विधायक बिष्ट।

शीशमहल में श्रीमद् भागवत का हुआ आयोजन

हल्द्वानी : शीशमहल स्थित श्री संकट मोचक हनुमान मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया, जिसमें कथावाचक व्यास पं. मनोज कृष्ण जोशी ने श्रीकृष्ण की जीवन लीला एवं उनके कर्म क्षेत्र में किए गए चमत्कारिक अवतारों में मानव मात्र के कल्याण व उद्धार के लिए धर्म के राह चलते व मानव मात्र को सत्कर्म करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर डीडी शर्मा, पीडी जोशी, गिरीश चंद्र, उमेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

कार्यकारिणी के परिचय समारोह में कार्यक्रम आयोजित

हल्द्वानी : सामाजिक संस्था लायन्स क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी की नई कार्यकारिणी का प्रथम परिचय समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में तोल मोल के बोल, अंक काट प्रतियोगिता, लकी ड्रॉ, मोबाइल गेम आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। क्लब के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, महासचिव मुकेश गुप्ता, निशुल अग्रवाल और कोषाध्यक्ष डॉ. अनुज अग्रवाल ने विजेताओं को पुरस्कार बांटे। लकी ड्रॉ के अंतर्गत विजेता लोकेश गुप्ता, डॉ. एमके शर्मा, निशुल अग्रवाल, आशीष जैन और धीरेंद्र कुमार शर्मा को पुरस्कृत किया गया। नए सत्र की प्रथम बैठक में डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने सदस्यों को अवगत कराया कि क्लब सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक गतिविधियों में हमेशा से सक्रिय रहा है। कहा कि क्लब के माध्यम से सदस्यों एवं जागरूक लोगों को जीते जी रक्तदान व जाते-जाते नेत्रदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर मधुकर श्रुति, धीरेंद्र कुमार शर्मा, विजय श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, अनुज कांत, प्रदीप अग्रवाल, पवन, राखी विशाल अग्रवाल, पुष्पा, घनश्याम गोयल, विशाल गोयल आदि उपस्थित रहे।

पहल | चिया और कुमाऊं विवि मिलकर अनुसंधान कार्यों को देंगे बढ़ावा

धरातल पर होगा काम : कुलपति

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : चिया और कुमाऊं विवि ने मिलकर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में सेंट्रल हिमालयन एनवायरनमेंट एसोसिएशन, उत्तराखंड के साथ हिमालयी क्षेत्रों में अनुसंधान, विकास कार्यों और शैक्षणिक सहयोग में परस्पर साझेदारी के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। विवि के कुलसचिव दिनेश चन्द्रा और सेंट्रल हिमालयन एनवायरनमेंट एसोसिएशन की महासचिव प्रो. उमा मेलकानिया ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

इस दौरान सेंट्रल हिमालयन एनवायरनमेंट एसोसिएशन की महासचिव प्रो. उमा मेलकानिया ने बताया कि चिया उत्तरी भारत में स्थापित सबसे शुरुआती सोसायटी में से एक है। इसकी मुख्य चिंता पर्यावरण और हिमालय में लोगों की आजीविका है। आज चिया मानव और पर्यावरणीय पहलुओं और कई आजीविका-संबंधित परियोजनाओं व कार्य-अनुसंधानों में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।

समझौता ज्ञापन दिखाते कुलपति और चिया के सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यक्रम के दौरान विवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि हिमालयी राज्यों में विकास की काफी संभावनाएं हैं। परन्तु अधिकांश संस्थानों के मध्य अनुसंधान व विकास कार्यों के समझौते सिर्फ कागजों तक सीमित रहते हैं। जरूरत है ईमानदारी से काम करते हुए शोध एवं विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने की। शोध कार्यों का संयुक्त प्रकाशन किया जाएगा। दोनों संस्थानों द्वारा कुछ गांव गोद लिए जाएंगे।

बैठक में प्रो जीत राम, अनीता आर्या, प्रो नन्द गोपाल साहू, डॉ महेंद्र राणा, प्रो ललित तिवारी, प्रो आशीष तिवारी, चिया के कार्यकारी निदेशक कुंदन बिष्ट, मुकुंद कुमइयां, एलडी उपाध्याय समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

किसानों का ट्रैक्टर मार्च के साथ प्रदर्शन, पुतला फूंका

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर हरिद्वार जाने वाले हाईवे पर एकत्र हुए, एमएसपी पर गारंटी नहीं मिलने पर दी दिल्ली कूच की चेतावनी

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : संयुक्त किसान मोर्चे के बैनर तले किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकालकर डब्ल्यूटीओ और प्रधानमंत्री का पुतला फूंका। इस दौरान किसानों ने एमएसपी पर गारंटी नहीं मिलने पर दिल्ली कूच की चेतावनी दी।

सोमवार को संयुक्त किसान मोर्चे के आह्वान पर बड़ी की तादात में किसान ट्रैक्टर ट्रॉली से मार्च निकालकर हरिद्वार को जाने वाले हाईवे पर एकत्रित हुए। इस दौरान किसानों को संबोधित कर किसान नेताओं ने कहा कि किसान जायज मांगों को लेकर दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन सरकार किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़ रही है। कई किसान गंभीर रूप से घायल हैं और अस्पतालों में उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि किसान शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर अपनी मांगे मनवा कर ही मानेंगे। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार एमएसपी पर गारंटी नहीं देती है तो भारी संख्या में किसान दिल्ली को कूच करेंगे। इसके बाद किसानों ने हाईवे पर ही डब्ल्यूटीओ और प्रधानमंत्री का पुतला फूंका। इधर किसानों के ट्रैक्टर मार्च को लेकर पुलिस सतर्क रही। पुलिस ने जिस स्थान पर किसान बैठे थे वहां से वाहनों का डायवर्जन कर हाईवे के दूसरे मार्ग से वाहनों की आवाजाही जारी रखी। वहां पर भारतीय किसान यूनियन एकता उग्राह के प्रदेश प्रवक्ता अवतार सिंह, भाकियू (युवा) अध्यक्ष जितेंद्र सिंह जित्तू, बलविंदर सिंह, बलजिंदर सिंह, सुखबीर सिंह, मनप्रीत सिंह, हरदेव सिंह, राजू छीना, दिलबाग सिंह, प्रताप सिंह विर्क आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में एमएसपी पर गारंटी नहीं मिलने पर पुतला फूंकते किसान। ● अमृत विचार

काशीपुर में ट्रैक्टर-ट्रॉली से मार्च निकालते किसान। ● अमृत विचार

शंभू बॉर्डर पर जमे किसानों के समर्थन में किया प्रदर्शन

खटीमा। शंभू बॉर्डर पर एमएसपी की मांग को लेकर चल रहे किसान आंदोलन को समर्थन देते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले दिल्ली की ओर मुंह कर ट्रैक्टरों के साथ टोल प्लाजा पर प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार को जताया कि वह तैयार हैं और दिल्ली दूर नहीं। वह कभी भी जरूरत पड़ने पर दिल्ली कूच कर सकते हैं। भारतीय किसान यूनियन के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने खटीमा टोल टैक्स पर अपने ट्रैक्टर के साथ सरकार खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। किसानों ने बताया कि यदि सरकार हमारी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं देती है और हरियाणा सरकार द्वारा किसानों के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार से बाज नहीं आई तो संयुक्त किसान मोर्चे के आह्वान पर उत्तराखंड से भारी संख्या में किसान दिल्ली की ओर कूच करेंगे। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष गुरसेवक सिंह, भारतीय किसान यूनियन चढूनी गुट ब्लॉक अध्यक्ष मनजिंदर सिंह भुल्लर, गुरविंदर सिंह, मक्खन सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अवतार सिंह, हरविंदर सिंह, राजेंद्र सिंह, बलविंदर सिंह, दिलबाग सिंह, जसविंदर सिंह, हरगोविंद सिंह, बलबीर सिंह, रणजीत सिंह राणा आदि थे।

बाजपुर में दोराहा स्थित बॉर्डर पर डब्ल्यूटीओ के पुतले का जुलूस निकालते आक्रोशित किसान। ● अमृत विचार

बाजपुर में भी किसानों ने खोला मोर्चा, धरना दिया

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : शंभू व खनौरी बार्डर पर हरियाणा सरकार द्वारा किसानों पर किए गए अत्याचार व किसान विरोधी नीतियों के चलते केंद्र सरकार एवं डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी आह्वान पर सोमवार को बाजपुर के किसानों ने भी जोरदार धरना-प्रदर्शन कर डब्लूटीओ का पुतला दहन किया। किसानों ने विश्व व्यापार संगठन के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए भारत को डब्ल्यूटीओ की सदस्यता से बाहर आने की मांग की। किसानों ने प्रातः 10 बजे से नैनीताल दिल्ली हाइवे उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड बार्डर पर दिल्ली की ओर ट्रैक्टरों की लाइन लगाकर केंद्र सरकार को ललकारते हुए किसानों मजदूरों के प्रति दमनकारी रवैया छोड़ने की मांग की। साथ ही बार्डर पर ही धरना प्रदर्शन किया गया।

इस मौके पर संयुक्त किसान मोर्चा के नेता भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा केंद्र सरकार की तानाशाही नीतियों के विरोध में एकजुट है और एकजुट रहेगा।

देशभर की किसान मजदूर शक्ति एकजुटता से अपने अधिकारों की रक्षा करेगी व सरकार को मुंहतोड़ जवाब देगी। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा ने कहा कि किसानों के प्रति सरकार का नजरिया उपेक्षापूर्ण है जिसके चलते आज देश का किसान सड़कों पर उतरने को मजबूर है। भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां के प्रदेश अध्यक्ष जनकवि बल्ली सिंह चीमा ने कहा कि वर्तमान समय में देश के मजदूर किसान अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं और हमारा देश डब्ल्यूटीओ के इशारे पर चल रहा है जिसके चलते देश में मजदूर किसान विरोधी नीतियां बनाई जा रही हैं।

भारत को विश्व व्यापार संगठन की सदस्यता छोड़नी चाहिए। धरना प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा, भूमि बचाओ सत्याग्रह के आयोजक रजनीत सिंह सोनू, भारतीय किसान यूनियन एकता उग्राहां के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह रंधावा, भाकियू ब्लाक अध्यक्ष प्रताप सिंह संधू, सन्नी निज्जर, हरपिंदर सिंह, जगराज सिंह, विक्रम सिंह लड्डू, राजा समरा, दारा सिंह दिलेर रंधावा, राजकिशोर सिंह, लखविंदर सिंह, हैप्पी बंदेसा, मन्नु मिर्जा, पाली सिंह, शेर सिंह, देवेश प्रताप सिंह, जसमीत सिंह भुल्लर, पलविंदर सिंह, हरमंदर सिंह बरार, दर्शन लाल गोयल, सुखविंदर सिंह, महेंद्र सिंह चौहान, गुरविंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह आदि मौजूद थे।

एक नजर

जीआईसी शांतिपुरी में पांच स्कूलों के 260 विद्यार्थी देंगे बोर्ड परीक्षा

शांतिपुरी। शातिंपुरी राजकीय इंटर कॉलेज में उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी को लेकर प्रधानाचार्य नरबहादुर चंद ने सोमवार को एक बैठक की। जिसमें उन्होंने परीक्षाओं को पारदर्शी एवं नकल बिहीन बनाने के लिए केन्द्र व्यवस्था में लगे शिक्षकों दिशानिर्देश दिए। प्रधानाचार्य चंद ने बताया कि परीक्षा केन्द्र पर 90 छात्र छात्राएं इण्टरमिडिएट व 170 छात्र छात्राएं हाईस्कूल को मिला कर कुल 260 विद्यार्थी उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षा देंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र पर बिजली, पानी, सोंचालय आदि सभी जरूरी व्यवस्थाएं पूरी कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र पर नकल करने व कराने की पूर्ण पाबंदी की जायेगी। बावजूद इसके अगर कोई नकल को लेकर संदिग्ध पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

चंद्रिका फौगाट को जिला सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया

बाजपुर। केंद्रीय युवा मामलों और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा सामाजिक सेवा, युवा कार्य, शिक्षा, सांस्कृतिक के क्षेत्र से प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन से संदर्भित युवा कार्यक्रम के तहत बाजपुर निवासी चंद्रिका फौगाट को जिला सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया गया है। उनके मनोनयन पर शुभचिंतकों व क्षेत्रवासियों ने बधाई दी है। बताते चलें कि युवा समाजसेवी चंद्रिका फौगाट द्वारा विगत 12 वर्षों से युवाओं को खेल, सामाजिक सेवा, युवा कार्यालय, शिक्षा, संस्कृति व योग के प्रति युवाओं को को जागरूक करने के साथ ही बालिकाओं को निश्शुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण व स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता भी दे रही हैं। यह जानकारी जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र के आशीष पाल द्वारा दी गई है।

पूर्वोत्तर रेलवे एसोसिएशन की मासिक बैठक में पेंशन का मुद्दा छाया रहा

काशीपुर। पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें पेंशन का मुद्दा छाया रहा। वही इस दौरान एसोसिएशन के एक सदस्य के जन्मदिन पर शॉल ओढ़ाकर शुभकामनाएं भी दी गई। रविवार शाम को रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक रेलवे स्कूल में आयोजित की गई। जिसमें पेंशन का मुद्दा छाया रहा। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता कर रहे सुरेश शर्मा ने केंद्र सरकार की पेंशन की जानकारी दी तथा अन्य मांगों को लेकर एकजुट होने का आह्वान किया। साथ ही समय-समय पर पेंशनर्स की समस्याओं को लेकर बैठक आयोजित करने पर जोर दिया। इस दौरान एसोसिएशन के सदस्य सेवानिवृत्त चीफ टीएनसी शशिकांत अवस्थी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। बैठक में एसपी गुप्ता, सचिव एसएस सिन्हा तथा राजीव पाल, अशोक शर्मा, शिवप्रसाद, मदन पाल, आनंद प्रकाश गुप्ता, कृष्णपाल, जय किशोर शर्मा, सुरेश कुमार, लालता प्रसाद, रामनाथ, बशीर, प्रभु, फूल सिंह, वेद प्रकाश आदि मौजूद थे।

जेपीएस की छात्रा रही साक्षी बनी कंपनी सचिव

रुद्रपुर। जेसीज पब्लिक स्कूल की छात्रा रही साक्षी के एक कंपनी सचिव बनने पर विद्यालय प्रबंधन ने हर्ष जताते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान के विभागाध्यक्ष गजेंद्र मिगलानी ने बताया कि 25 फरवरी को एक कंपनी की फाइनल परीक्षा हुई थी। जिसमें वर्ष 2017 से 2018 में की छात्रा रही साक्षी वासवानी ने भी प्रतिभाग किया था।

साक्षी ने दिसंबर 2019 और फाउंडेशन परीक्षा 2022 में की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। जिसका परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय की छात्रा साक्षी का कंपनी में सचिव पद पर नियुक्ति मिली। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर, निदेशक सुधांशु पंत, प्रधानाचार्य प्रवेश मेहरा ने हर्ष जताते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

भाजपा नेता ने किया सामग्री का वितरण

काशीपुर। भाजपा नेता राजेश कुमार ने सोमवार को भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड कार्यालय काशीपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा वितरित की जा रही सामग्री का वितरण किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार कर्मकार बोर्ड में पंजीकृत लाखों श्रमिकों को सौगात दे रही है। जल्द ही कल्याण बोर्ड निशुल्क ऐसी सुविधा देने जा रहा है जिसमें पंजीकृत मजदूरों के मेडिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले बच्चों की फीस का वहन भी बोर्ड करेगा। इस दौरान दिनेश कुमार कटियार आदि मौजूद रहे।

द्रोणा सागर में चलाया सफाई अभियान

काशीपुर। संत निरंकारी मिशन की प्रोजेक्ट अमृत का शुभारंभ एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने किया। इस दौरान ब्रांच मुखी राजेंद्र, जसपुर से आये मुखी अरुण गर्ग और सेवादल के अधिकारी विनोद चड्ढा, सुमिता, रीटा के साथ लगभग 600 स्वयंसेवक और सेवादल के सदस्यों ने द्रोणा सागर के किनारों पर सफाई अभियान चलाया। संचालक प्रवीण अरोड़ा, मुन्नी चौधरी, अमरजीत सिंह और नीलम ने किया। वहां सहायक नगर आयुक्त यशवंत राठी, विनोद शाह, सुनील, मस्सा सिंह, रामप्रकाश गुप्ता, मनोज सचदेवा, विनोद शर्मा, नीरज आदि मौजूद रहे।

शब-ए-बारात की पूरी रात गुजरी इबादत में

काशीपुर। शब-ए-बारात यानी गुनाहों से तौबा की रात है। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पूरी रात इबादत में गुजारते हैं। इस बीच रातभर मस्जिदें भी गुलजार रही। लोगों ने अपने अजीजों की कब्र पर जाकर दुआएं भी पढ़ी। स्थानीय कब्रिस्तान में एहतियातन पुलिस बल भी तैनात रहा। माहे शाबान की 14वीं व 15वीं तारीख की रात शब ए बारात के तौर पर मनाई जाती है। इसके 15 दिन बाद माहे रमजान का आगाज हो जाता है। इस बार शब-ए-बारात रविवार को मनाई गई। रविवार शाम से ही मुस्लिम बहुल इलाकों में रौनक बढ़ गई थी। देर रात तक लोगों का मस्जिदों, खानकाहों और कब्रिस्तान में पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। वही महिलाओं ने घरों में इबादत की। इस मौके पर गुनाहों से पूरी तरह तौबा करें और अच्छाई के रास्ते पर चलने का संकल्प लें।

गदरपुर-मटकोटा मार्ग का शिलान्यास

रुद्रपुर में सड़क के निर्माण कार्य का फीता काटकर शुभारंभ करते विधायक अरोरा।

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : विधायक शिव अरोरा ने गदरपुर- मटकोटा से गांव मुंकरदपुर को जोड़ने वाली 1. 7 किलोमीटर हॉट मिक्स मार्ग का फीता काटकर कर शिलान्यास किया। शिलान्यास करते हुए अरोरा ने बताया कि पिछले लंबे समय से संपर्क मार्ग निर्माण का मुद्दा उठ रहा था। जर्जर सड़क होने के कारण स्थानीय लोगों के अलावा राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

बताया कि एक सप्ताह के अंदर विधानसभा में 12 किलोमीटर से अधिक की सड़कों का शिलान्यास किया जा चुका है। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, सुदर्शन विश्वास, प्रीत ग्रोवर, सुभाष बेहड़, जसवीर बठला, करनैल सिंह, साहब सिंह, मंडी चेयरमैन सुभाष गुंबर, जोगा सिंह, लक्खा सिंह आदि मौजूद रहे।

उत्तराखंड के पहाड़ी उत्पाद विदेशों में भी मचा रहे धूम

- हरियाणा के हिमांशु ने कोरोना काल की आपदा में स्टार्टअप शुरू किया
- आईआईएम के माध्यम से स्टार्टअप को मिली 25 लाख रुपये की फंडिंग

कुंदन बिष्ट, काशीपुर

अमृत विचार : कोरोना काल की आपदा को अवसर बनाकर हरियाणा के युवक ने पहाड़ी उत्पादों को नई पहचान दी है। इतना ही नहीं उनके स्टार्टअप से आज हजारों लोगों को रोजगार भी मिल रहा है।

बहादुरगढ़ के हिमांशु दुआ ने कोरोना काल में उद्यम शुरू किया था। इससे उत्तराखंड से लेकर नागालैंड तक के पहाड़ी उत्पादों को विदेशों में बाजार के साथ एक नई पहचान मिली।

रुड़की से शुरू माय पहाड़ी दुकान स्टार्टअप आज देश-विदेश तक पहुंच रखता है। आईआईएम ने भी उनके स्टार्टअप को 25 लाख रुपये की फंडिंग की है। हिमांशु ने 2019 में लद्दाख में पर्यावरण के लिए काम करना शुरू किया। कोविड काल में लद्दाख में रहते हुए उन्हें पहाड़ी उत्पादों को देश-विदेश तक पहुंचाने का विचार आया। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2021 में लद्दाख से लौटकर रुड़की में माय पहाड़ी दुकान नाम से स्टार्टअप शुरू किया। हिमांशु ने बताया कि पहाड़ों के उत्पादों की मांग विदेशों में भी बढ़ने लगी है। वह अभी तक अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों में यहां के उत्पाद पहुंचा चुके हैं। हिमांशु ने बताया कि उनके स्टार्टअप से करीब तीन हजार किसान जुड़े हैं, जिनमें से लगभग दो हजार किसान उत्तराखंड के हैं।

> पहाड़ के उत्पाद एग्री प्लेटफार्म के माध्यम से शहरों तक पहुंचाने का आइडिया बहुत फायदेमंद है। आईआईएम के माध्यम से स्टार्टअप के 25 लाख की फंडिंग की गई है।
>
> **-प्रो. सफल बत्रा,** प्रबंध निदेशक, आईआईएम काशीपुर फीड

10 दिन से लापता युवक का शव नहर किनारे मिला

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : करीब 10 दिन से लापता एक युवक का शव नहर किनारे सड़ी गली अवस्था में मिला। जिला रामपुर के थाना टांडा बादली के ग्राम रामनगर लतीफपुर निवासी कपिल कुमार (30) पुत्र स्व. प्यारे सिंह यहां महुआखेड़ा गंज में किराए के मकान में माता पार्वती देवी, पत्नी डौली देवी व छोटे भाई आनंद कुमार के साथ रहता था।

कपिल मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। कपिल के छोटे भाई चमन पाल के मुताबिक बीती 15 फरवरी की सुबह लगभग साढ़े दस बजे वह अपनी शिक्षा संबंधी कागजात लेकर नौकरी की तलाश में किसी ठेकेदार के पास गया था, लेकिन वह घर वापस नहीं लौटा। सोमवार की सुबह पुलिस ने चमन पाल को सूचना दी कि अलीगंज रोड स्थित ग्राम गिरधई गांव के पास से गुजर रही नहर किनारे सड़ी-गली अवस्था में एक शव पड़ा मिला है।

दुखद

- 15 फरवरी की सुबह साढ़े दस बजे वह अपने कागजात लेकर नौकरी की तलाश में किसी ठेकेदार के पास गया था

कार्यालय राजकीय मेडिकल कॉलेज, रामपुर रोड, हल्द्वानी (नैनीताल) 263139
दूरभाष संख्या - 05946-255255,255926 फैक्स संख्या - 05946-282578

निविदा सं० 322 /जी.एम.सी./एल-11/परिसर सौन्दर्यकरण / रा. मे.कॉ./ दिनांक: 26/02/2024

संशोधित निविदा सूचना

राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी द्वारा "गार्डिनिंग" के कार्यों हेतु निविदाएं आंमत्रित की गयी थी। जिसमें त्रुटिवस दिनांक 04-03-2024 से हो गया है। जो कि निविदा प्रपत्र दिनांक 27-02-2024 से 04-03-2024 तक राजकीय अवकाशों को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में प्राचार्य कार्यालय, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी से प्राप्त किया जा सकता है।

प्राचार्य
राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी (नैनीताल)

फैमिली प्लानिंग से परिवार में सुख समृद्धि और बेहतर होती है परवरिश

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत परिवार नियोजन को लेकर छह दिवसीय कुमाऊं मंडल स्तरीय प्रशिक्षण की शुरुआत हुई। जिसका शुभारंभ सीएमओ डॉ मनोज कुमार शर्मा, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसीएमओ डॉ राजेश आर्य द्वारा दीप जलाकर किया गया। इस दौरान फैमिली प्लानिंग को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। प्रशिक्षण में एएनएम ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या देश की एक बड़ी समस्या होती है। जनसंख्या वृद्धि वाले देश में हमेशा अर्थव्यवस्था के लिए जूझता रहता है। इसके अलावा फैमिली प्लानिंग के माध्यम से जहां परिवार में सुख समृद्धि होती है और परवरिश भी बेहतर होती है। प्रशिक्षण में आए सभी एएनएम प्रशिक्षण की बारीकियों को समझें और प्रशिक्षण को आत्मसात करें, ताकि लाभार्थियों को जागरूक किया जा सकें। इस दौरान टीकाकरण पर विशेष ध्यान रखने का भी आह्वान किया।

सीएमओ डॉ मनोज शर्मा ने परिवार नियोजन की आवश्यकता के विषय में कहा कि बढ़ती जनसंख्या पर अंकुश लगाया जा सकता है। इस दौरान शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने को लेकर डॉ सिद्धार्थ पाटनी, डॉ अभिलाषा पांडे, डॉ दर्शना गैरा तथा डॉ आज़ाद द्वारा विस्तारपूर्वक समझाया गया।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रुद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

गिड़गिड़ाती रही बेटी, गला दबाता रहा पिता

मां ने पकड़े तड़पती बेटी के पैर, 20 मिनट किया इंतजार, फिर बनाई मियां-बीबी ने शव ठिकाने लगाने की योजना

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : पहाड़गंज की नाबालिग लड़की हत्याकांड से जब पुलिस ने पर्दा उठाया और हत्यारे माता-पिता की खौफनाक रात की कहानी सुनी तो पुलिस भी हैरान रह गई।

पूछताछ में हत्यारे माता-पिता ने बताया कि जब बेटी को प्रेमी से मिलकर वापस लौटते देखा, तो पहले पिता ने उसकी बेरहमी से पिटाई करनी शुरू कर दी और बेटी गिड़गिड़ाते हुए जान की भीख मांगने लगी बावजूद इसके पति ने बेटी का गला दबाना शुरू कर दिया और जब बेटी तड़पने लगी। तो उसने बेटी के पैरों को दबाकर सांस थम ने तक इंतजार किया।

पुलिस के अनुसार जब हत्यारे माता-पिता से पूछताछ की तो बताया कि 23 फरवरी की रात दस बजे जब परिवार के लोग खाना खाकर सो गए और सुबह चार बजे देखा, तो बेटी बिस्तर पर नहीं थी। जब खोजबीन की गई, तो पाया कि नाबालिग घर की छत से नीचे उतर कर आ रही है और छत कूदकर एक युवक भागता हुआ दिखाई दिया।

इसी को लेकर शफी अहमद ने बेटी को पीटना शुरू कर दिया और प्रेमी से मिलने की आशंका के चलते पिता ने उसके दुपट्टे से गला दबाना शुरू किया तो नाबालिग गिड़गिड़ाते हुए जान की भीख मांग रही थी और बार बार दोबारा गलती नहीं करने की दुहाई दे रही थी। बताया कि गला दबाने के दौरान जब पैर झटपटाने लगे। तो उसने बेटी के पैर दबा लिए और 20 मिनट तक सांस थमने का इंतजार किया और जब नाबालिग ने दम तोड़ दिया, तो मियां बीवी ने लाश को ठिकाने लगाने और रिश्तेदारों को गुमराह करने के लिए आत्महत्या की कहानी बनाकर यूपी शव को ठिकाने लगाने की योजना बनाई।

खौफनाक

- दुपट्टे से गला दबाना शुरू किया तो नाबालिग गिड़गिड़ाने लगी
- शव यूपी के अजीम नगर में दफनाने का प्रयास किया

कोतवाल करेंगे हत्याकांड की तफ्तीश

पहाड़गंज की नाबालिग हत्याकांड के खुलासे के बाद हत्याकांड के संदिग्धों की खोजबीन के लिए पुलिस मामले की बारीकी से जांच करेगी। इसके लिए सीओ निहारिका तोमर ने हत्याकांड की तफ्तीश कोतवाल धीरेंद्र कुमार को सौपी गई है। इसके बाद पुलिस हत्यारों की मोबाइल की सीडीआर रिपोर्ट निकाल कर यह जानने की कोशिश करेगी कि हत्या वाली रात को इस मोबाइल से किस-किस को फोन किया गया था। उन सभी से पूछताछ कर हत्याकांड में कोई और तक नहीं है, इसकी पुष्टि की जाएंगी।

कई बार हो चुकी थी माता-पिता से तकरार

पहाड़गंज की रहने वाली नाबालिग का पिछले पांच से छह से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मगर दो साल पहले ही माता-पिता को प्रेम-प्रसंग की भनक लगी और तभी से दोनों बेटी की निगरानी करने लगे और कई बार इसी बात को लेकर नाबालिग को हत्यारोपी पिता ने पीटा भी था और अक्सर नाबालिग से माता पिता की तकरार हुई और यहीं तकरार 23 से 24 फरवरी की रात को नफरत में बदल गई।

शरीर में लगीं चोटों ने दी हैवानियत की गवाही

बेटी की हत्या करने के बाद हत्यारे माता-पिता ने कभी नहीं सोचा था कि बेटी पर हुई उनकी हैवानियत की गवाही बेटी का शव भी दे सकता है। बताया कि हत्याकांड को अंजाम देने से पहले पिता ने नाबालिग को बेरहमी से पीटा था, जिसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी हुआ। मगर जब एलआईयू की सटीक सूचना पर कोतवाली पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई की और पुलिस ने हत्याकांड से पर्दा ही उठा दिया। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि 24 फरवरी की सुबह जब एलआईयू रुद्रपुर यूनिट के प्रभारी नरेंद्र मनवाल ने सूचना दी कि पहाड़गंज में नाबालिग की हत्या कर मनगढ़ंत कहानी बनाकर शव को यूपी के अजीम नगर कब्रिस्तान में दफनाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस कब्रिस्तान पहुंची तो देखा कि नाबालिग के मुंह और माथे पर चोटों के निशान हैं और शरीर पर लाठी डंडे के निशान हैं।

रिश्तेदारों को बताई आत्मदाह की कहानी

नाबालिग बेटी की गला दबाकर हत्या करने के बाद 24 फरवरी की सुबह घर में चीख पुकार की आवाज आने लगी, तो रिश्तेदार सहित पड़ोसी घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। जहां हत्या रे माता-पिता ने नाबालिग द्वारा आत्महत्या किए जाने की मनगढ़त कहानी बताई और कुछ लोगों को बीमारी से मौत होने का कारण बताया। यहीं कारण है कि रिश्तेदार की गाड़ी में नाबालिग को डालकर यूपी के कब्रिस्तान ले जाया गया। जिसकी पुष्टि पुलिस पूछताछ में भी हुई है।

दो भाइयों की इकलौती बहन थी

पहाड़गंज में हत्यारे माता पिता की हैवानियत की भेंट चढ़ी नाबालिग दो भाइयों की इकलौती बहन थी। बताया जा रहा कि मृतक का बड़ा भाई केरल में काम करता है और उससे छोटा भाई पढ़ाई करता है। अपनी इकलौती बहन की हत्या की भनक दोनों भाइयों तक को नहीं हुई और माता-पिता द्वारा ही अपनी बेटी की हत्या किए जाने के खुलासे के बाद हर कोई हैरान है।

दो बाइकें चोरी, घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद

बाजपुर। अलग-अलग जगहों से दो बाइकें चोरी हो गईं। नगरपालिका के वार्ड नंबर-11 निवासी अजीत सिंह पुत्र सुंदर लाल ने पुलिस को बताया कि उसकी बाइक घर के बाहर दरबाजे पर खड़ी थी।

आरोप है कि 24 फरवरी की देर रात करीब साढ़े आठ बजे बाइक गायब थी जिसे अज्ञात व्यक्ति बाइक चुरा ले गया है और काफी तलाशने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल पाया है।

वहीं दूसरी तहरीर ग्राम कनौरी निवासी जमील अहमद पुत्र सफी अहमद ने दी है। पीड़ित के अनुसार मोहल्ला आलापुर में दुकान के बाहर उसने अपनी बाइक खड़ी की थी।

आरोप है कि 25 फरवरी की सुबह करीब साढ़े 9 बजे अज्ञात व्यक्ति बाइक पर आकर बैठ गया और कुछ देर बाद वह उसे लेकर भाग गया। जमील ने आरोपित को पकड़ने का प्रयास भी किया, लेकिन वह पकड़ में नहीं आया। इस दौरान उसके हाथ में हल्की चोट भी आ गई है। दोनों घटनाएं गली में लगे सीसीटीवी कैमरें में कैद हो गई हैं।

परचून की दुकान से नकदी, कागज चोरी

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : खोखे संचालित परचून की दुकान से कुछ नकदी व कागजात चोरी हो गए। पीड़ित ने एक नशेड़ी युवक पर चोरी करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगरपालिका के वार्ड नंबर-10 चीनी मिल निवासी हरे राम यादव पुत्र तीर्थि यादव ने पुलिस को बताया कि उसने नई कालोनी चीनी मिल में परचून की दुकान खोल रखी है। रविवार की देर रात करीब 11 बजे मोहल्ले में ही निवासरत एक युवक आाया और सिगरेट लेकर चला गया।

उसे शक है कि मध्य रात्रि में आरोपित फिर से उसकी दुकान में घुस गया और गल्ले में रखे पांच हजार रुपये एवं आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेनकार्ड आदि कागजात चुरा ले गया है। आरोपित नशा करने का आदी बताया जा रहा है। वहीं समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था, अलबत्ता पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

स्कूल से मिड डे मील के चावल चोरी

सुल्तानपुर पट्टी। पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय, सुल्तानपुर द्वितीय में चोरों ने मिड डे मील के चावल पर हाथ साफ कर दिया। सोमवार को शिक्षक विद्यालय पहुंचे तो चोरी की घटना की जानकारी मिली। शुक्रवार को स्कूल की छुट्टी के बाद विद्यालय को रोज की तरह बंद करके सभी शिक्षक चले गए। दो दिन अवकाश के बाद जब सोमवार की सुबह स्कूल को खोला गया तो भंडार कक्ष का ताला टूटा मिला, जिसमें एक कुंतल चावल गायब मिला। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र सक्सेना ने चौकी में तहरीर देकर बताया कि पूर्व में भी विद्यालय के आगनबाड़ी केंद्र पर भी चोरी हो चुकी है।

स्मैक के साथ गिरफ्तार, न्यायालय में पेश किया

खटीमा। रविवार को वार्ड संख्या-10 बंगाली कलोनी निवासी जितेन्द्र कुमार रावत उर्फ जित्तू को 6 .05 ग्राम स्मैक और बिक्री के 1090 रुपये के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट, उप निरीक्षक मनोज सिंह देव, रमेश जीना आदि शामिल थे।

बेटी को परेशान करने से रोकने पर दिखाया तमंचा

- ऑटो चालक को घेरकर दबंगों ने डराया-धमकाया
- अवैध हथियारों की तस्करी करने का भी लगा आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : रंपुरा चौकी इलाके में एक पिता को उसकी नाबालिग बेटी को परेशान करने से रोकना महंगा पड़ गया। आरोपी दबंग ने साथियों के साथ मिलकर ऑटो चालक को घेर लिया और तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

रंपुरा वार्ड-22 निवासी लाखन प्रसाद ने बताया कि वह ऑटो चलाकर परिवार की जीविका चलाता है, 25 फरवरी की दोपहर को वह सवारी लेकर इंदिरा चौक की ओर निकला ही था कि किच्छा मार्ग पर बिना नंबर प्लेट की बाइक लेकर वहीं का रहने वाला युवक साथियों के साथ आया। ऑटो रुकवाकर आरोपी ने तमंचा निकाला और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का कहना था कि उसने कुछ दिन पहले ही उसकी नाबालिग बेटी को परेशान करने का विरोध किया था। उसी का बदला लेने के लिए आरोपी ने मारने की धमकी देकर धमकाया। जबकि आरोपी आपराधिक प्रवृति का है और अवैध हथियारों को बेचता है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मां के बाद शिवम ने भी तोड़ दिया दम

रुद्रपुर। कार और बाइक की भिड़ंत में रविवार को हुए भीषण हादसे में घायल डेढ़ साल के मासूम शिवम ने भी दम तोड़ दिया, जबकि हादसे के वक्त उसकी मां की मौके पर ही मौत हो चुकी है। गांव हारुनी बरेली यूपी निवासी पवन कुमार अपनी 21 वर्षीय पत्नी रोशनी और डेढ़ साल के मासूम शिवम के साथ बाइक से रुद्रपुर की ओर रहा था। अचानक रामपुर रोड़ यूपी मार्ग पर तेज गति से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे में मां और बेटे की मौत हो चुकी है। जबकि पवन घायल हो गए। सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि घटनास्थल यूपी का है। मृतक भी यूपी के रहने वाले हैं। ऐसे में पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर घटना की सूचना बिलासपुर यूपी थाना पुलिस को दे दी है।

ठगों ने खाते से निकाले साढ़े आठ लाख रुपये

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : कोतवाली अंतर्गत आवास विकास निवासी एक युवक के साथ लाखों रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। साइबर ठगों ने पीड़ित युवक के खाते से आठ लाख 57 हजार 941 रुपए की धनराशि निकाल ली। पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराते हुए कोतवाली पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने तथा धनराशि वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

फिलहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में आवास विकास ब्लॉक ए /201, किच्छा निवासी विजय कुमार पुत्र सुभाष लाल ने कहा कि टेलीग्राम ऐप के माध्यम से उसके साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी की गई है। पीड़ित के अनुसार उसका बैंक खाता रुद्रपुर के आईसीआईसीआई बैंक में है तथा उनके खाते से अलग-अलग धनराशि के रूप में करीब आठ लाख 57 हजार 941 रुपए की धनराशि निकाली गई है जो कि अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर हुई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

गुलाब ब्रांड को समाप्त किए जाने की कवायद का विरोध

- कहा- राज्य में देसी मदिरा ब्रांड का नाम स्थानीय फलों माल्टय, कोनू, काफल, लीची, खुमानी, आड़ू आदि पर रखे जाएंगे

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : नई आबकारी नीति के तहत बाजपुर आसवनी के गुलाब ब्रांड को समाप्त किए जाने की कवायद का पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते सहित अनेक लोगों ने विरोध किया।

सोमवार को पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते ने कहा कि वर्तमान में ब्रांड की ही कीमत है, लेकिन सरकार की नीति के चलते विगत 48 वर्षों से तराई और पहाड़ में देसी शराब के क्षेत्र में वर्चस्व बनाए रखने वाला सहकारिता क्षेत्र की बाजपुर आसवनी का गुलाब ब्रांड समाप्त किया जा रहा है। नई नीति के तहत, प्रचलित नाम के बजाय बाजपुर निर्मित देसी शराब गुलाब को अब माल्टा, कोनू, काफल, लीची, खुमानी या आड़ू का नाम देने की तैयारी है, ऐसे में यह अपना अस्तित्व ही खो देगी। देसी मदिरा में स्थानीय फलों के गुणवत्तायुक्त स्वाद हेतु अर्क, तत्व, सार आदि का समावेश किया जाना अनुमान्य होगा। इस नए आदेश के बाद बाजपुर नए सरीखी आसवनी के प्रचलित ब्रांड गुलाब के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न लगना तय है। वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर बाजपुर आसवनी के ब्रांड का नाम परिवर्तन नहीं करने तथा हल्द्वानी, अल्मोड़ा के गोदामों को निज हाथों में नहीं देने की मांग की है। इधर चीनी मिल कर्मचारियों का भी कहना है कि वर्ष 1976 से अपने अस्तित्व में आसवनी का ब्रांड लोगों की जुवान पर है। प्रचलित देसी शराब के ब्रांड गुलाब को बंद करना अत्यंत हानिकारक होगा।

बाजपुर में पत्रकारों से वार्ता करते पालिकाध्यक्ष।

जच्चा-बच्चा केंद्र सील किया

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं के जीवन से खिलवाड़ करने के मामले समय-समय पर सामने आते रहे हैं।

इसी बीच ग्राम बन्नाखेड़ा में एक जच्चा-बच्चा केंद्र धड़ल्ले से संचालित हो रहा था जिसके कागजात, लाइसेंस आदि नहीं मिलने के चलते स्वास्थ्य व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सोमवार को उपरोक्त जच्चा-बच्चा केंद्र के सील कर दिया गया है। मुख्यमार्ग पर फेमिली नर्सिंग होम जच्चा-बच्चा केंद्र के नाम से एक हास्पिटल काफी समय से संचालित था।

इतना ही नहीं कुछ चिकित्सकों के नाम का बोर्ड भी लगा हुआ था, लेकिन काफी समय से चिकित्सक उपलब्ध नहीं थे तथा एक महिला द्वारा प्रसव किए जा रहे थे जिसकी शिकायत कुछ ग्रामीणों द्वारा उच्चाधिकारियों से की गई थी जिसके चलते उपजिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी के आदेश पर गठित टीम द्वारा सोमवार को उपरोक्त अस्पताल पर छापेमारी की गई तो मौके पर बोर्ड उतारकर अंदर रखा पाया गया और दुकान के अंदर प्रसव के लिए टेबिल, बैड आदि भी पाए गए जिसके चलते प्रसव होने के प्रमाणों को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त अस्पताल को सील कर दिया गया है और रिपोर्ट मुख्य चिकित्साधिकारी व उपजिलाधिकारी को प्रेषित की जा रही है। बताते चलें कि उपरोक्त स्थान पर काफी संख्या में दवाइयां, सीरप, आदि भी गंदगी के बीच पड़े पाए गए, लेकिन उपरोक्त कार्रवाई ड्रग्स इंस्पेक्टर के अधीन होने के चलते दवाइयों को जब्त नहीं किया गया है। संयुक्त टीम में डा.पीके गुप्ता, नायब तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण, वीके नैनवाल, मोहन आदि शामिल रहे।

बाजपुर के बन्नाखेड़ा में संचालित जच्चा-बच्चा केंद्र को सील करती संयुक्त टीम।

कच्ची शराब की तस्करी में दो धरे

किच्छा। कोतवाली अंतर्गत चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान बाइक सवार दो लोगों को शराब की तस्करी करते रंगे हाथ पकड़ लिया। उनके कब्जे से 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। कलकत्ता फॉर्म पुलिस चौकी प्रभारी दिनेश भट्ट के नेतृत्व में पुलिसकर्मी हरीश मेहरा एवं राकेश भट्ट की टीम चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नजीबाबाद टोपी में गश्त कर रही थी। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक पर सवार दो लोगों ने पुलिस टीम को देखकर मौके से भागने का प्रयास किया। बाइक मोड़ने के दौरान जल्दबाजी के चक्कर में बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिर गए। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम पता ग्राम प्रधान लाइन, धौरा डैम, कोतवाली किच्छा निवासी सूरज सिंह एवं बबलू कुमार बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बरामद कट्टे से 50 लीटर कच्ची शराब बरामद कर ली।

विकास कार्यों की प्रगति जानी

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने खंड विकास कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान मनरेगा के तहत हुए विकास कार्यों व प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बन रहे मकानों के बारे में जानकारी हासिल की तथा मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

सोमवार को सीओ अचानक खंड विकास कार्यालय पहुंच गए और सबसे पहले मनरेगा भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ब्लाक कार्यालय का निरीक्षण कर साफ-सफाई के साथ ही हाजिरी रजिस्टर आदि दस्तावेजों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। भारत सरकार की संचालित योजनाएं मनरेगा, एनआरएलएम, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन योजना आदि के अंतर्गत करवाए जा रहे कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी हासिल की। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में बाजपुर विकासखंड में अच्छा काम हुआ है जिसमें 488 आवासों के सापेक्ष 260 आवास पूर्ण कर लिए गए हैं, जो शेष बचे हैं उनका निर्माण भी समय से पूर्ण करवाने के निर्देश दिए हैं। मनरेगा में भी बेहतर कार्य देखने को मिला है। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी बसंत बल्लभ जोशी, एडीडीओ सुरेश चंद्र पंत, एडीओ पंचायत ललित सिंह ग्वाल, स्थापना कक्ष भरत कुमार, उप कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा दीप्ति गैड़ा, लेखाकार गणेश रावल, रीप परियोजना उमेश छिमवाल, एरिया कोआर्डिनेटर एनआरएलएम रिजवान अली आदि कई कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं बीडीओ बसंत बल्लभ जोशी ने बताया कि सीडीओ मनीष कुमार निरीक्षण के दौरान डाटा इंट्री ओपरेटर आशीष भट्ट व कनिष्ठ अभियंता ग्राम पंचायत तेजपाल गोस्वामी अनुपस्थित पाए गए थे जिनका वेतन रोकने के आदेश उन्हें दिए गए हैं।

बाजपुर में खंड विकास कार्यालय में पत्रावलियों का अवलोकन करते सीडीओ मनीष कुमार।

बाइक नहीं देने पर की मारपीट

बाजपुर। नगर पालिका क्षेत्र के मोहल्ला आलापुर निवासी आशीष पुत्र देवेंद्र सागर ने सोमवार को कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि उसी के मोहल्ले के सुदीप जाटव पुत्र छटंकी उसके घर से 2-3 दिन पहले अपने किसी काम के लिए बाइक मांगने आया था, लेकिन काम पर जाने की वजह से उसने बाइक देने से मना कर दिया। आरोप है कि इससे गुस्साए सुदीप जाटव ने उसी दिन परिवार के साथ गाली-गलौज की और वहां से चला गया। रविवार की देर रात जब वह किसी काम से घर से बाहर गया था तो सुदीप ने उसे अकेला देख कर गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मोहल्लेवालों ने किसी तरह बीच-बचाव कराया। कुछ देर बाद आरोपी शराब पीकर उसके घर में घुस गया और फिर से गाली-गलौज करते हुए घर में तोड़फोड़ करके दरवाजे तोड़ दिए तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

तकनीक का सहारा | यूपी बॉर्डर समेत मुख्य स्थानों पर लगाए 10 सीसीटीवी कैमरे, यूपी बॉर्डर व गुप्त रास्तों पर भी सख्त पहरा

आईटीआई थाना तीसरी आंख से रखेगा अपराधियों पर नजर

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : पुलिस ने अपराधियों पर नकेल कसने के लिए जिले की सीमाओं पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है तो वहीं सभी प्रमुख हाईवे पर दूसरे जिलों से मिलने वाली सीमाओं पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिसके तहत थाना आईटीआई ने भी 10 क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाकर अपराधियों पर नजर रखने का कार्य शुरू कर दिया है।

अपराध कर शहर की सीमा से सटे यूपी सीमा में भागने वाले अपराधी अब पुलिस की नजर से बच नहीं सकेंगे। थाना आईटीआई पुलिस ने अपने क्षेत्र के यूपी से सटे बॉर्डर व चोर रास्तों पर भी कैमरों की नजर है। इससे काफी हद तक बाहरी बदमाशों के जिले में आने पर रोक में सहायता होगी। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस रात में व समय समय पर चेकिंग अभियान भी सीमा पर चल रही है। थाना आईटीआई से रामपुर व मुरादाबाद जिले की सीमाएं जुड़ी हैं। पिछले कुछ समय की घटनाओं पर गौर करें तो कई ऐसी वारदात हुईं, जिनमें बदमाश आसानी से जिले की सीमा में आए और घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो गए। अभी कुछ महीने पहले की दढ़ियाल रोड पर कुछ बदमाश एक घर में परिवार के सदस्यों को बंधक बना लाखों का माल लूटकर यूपी की ओर भाग गये थे। हालांकि मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया था। ऐसी घटनाओं पर विराम लगाने के लिए एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने जिले की सभी सीमाओं पर चेकिंग और सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिये थे। उनके आदेश पर जिले की प्रत्येक सीमा व थाने के प्रमुख स्थानों व चोर रास्तों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। थाना आईटीआई प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि थाना आईटीआई पुलिस द्वारा स्थानीय लोगों की सहायता से थाना क्षेत्र में पड़ने वाले कुल 10 अंतर राज्य बेरियर में से कुल 6 स्थानों पर सीसीटीवी के आईपी इंटरनेट स्थापित किए गए हैं, जिनका सजीव प्रसारण थाना कार्यालय एवं नगर नियंत्रण कक्ष में देखा जा सकता है।

> जिले की सीमाओं सहित थाना आईटीआई सहित कोतवाली व थाना कुंडा क्षेत्र में प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाएं गये हैं, जिससे संदिग्ध वाहनों व लोगों पर नजर रखी जा रही है। ऐसे में अपराधियों का पकड़ना भी आसान होगा।
>
> -अभय सिंह, एसपी काशीपुर

थाना आईटीआई में होता सीसीटीवी कैमरों का सजीव प्रसारण। ● अमृत विचार

रास्ते में रोककर बेटी से गाली-गलौज व मारपीट का आरोप

बाजपुर। बेटी को रास्ते में रोककर गाली-गलौज व मारपीट का आरोप लगाते हुए नगरपालिका के सीमावर्ती गांव की निवासी महिला ने सोमवार को कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित कमलेश ने पुलिस को बताया कि वह 25 फरवरी को अपनी बहन के निधन पर चंदोसी गई थी तथा बेटी को कुछ दूरी पर स्थित अपने भाई के घर छोड़ गई थी।

सायं को जब उसकी पुत्री अपने घर वापस आ रही थी तो रास्ते में गांव के ही एक परिवार के कुछ लोगों द्वारा पुत्री को रोक कर गाली-गलौज की गई। इतना ही नहीं अभद्र व्यवहार कर उसके साथ मारपीट कर अपने घर में जबरदस्ती ले जाने लगे। इसी बीच कुछ लोगों द्वारा पुत्री को बचाया गया।

फरार सात वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

काशीपुर। अलग-अलग मामलों में फरार सात वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महेशपुरा निवासी कबी, कदीरी मार्केट निवासी गौरव कुमार व आकाश, बरखेड़ा पाण्डेय निवासी रहीसुद्दीन, बांसखेड़ा खुर्द निवासी गुरदेव सिंह, प्रतापपुर निवासी पंकज और बांसफोडान निवासी राजीव यादव को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय में पेश किया।

महिला सहित तीन लोगों पर बिजली चोरी का मुकदमा

काशीपुर। विद्युत विभाग की टीम ने तीन घरों में बिजली चोरी होते हुए पकड़ी। उपखंड अधिकारी महक मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने करबला बस्ती में छापा मारा, जहां टीम ने तीन घरों में पोल से कटिया डालकर बिजली चोरी होते हुए पकड़ी। पुलिस ने करबला बस्ती निवासी नसीम बेगम, लियाकत और तस्लीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मौसी के घर आई बालिका गायब

बाजपुर। मौसी के घर आई नाबालिग गायब हो गई। सोमवार को कोतवाली पहुंची पुलिस चौकी दढ़ियाल स्वार रामपुर (उप्र) के अंतर्गत निवासरत महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी 12 वर्षीय नाबालिग पुत्री 17 फरवरी को उसके साथ बाजपुर निवासी अपनी मौसी के घर मेहमानदारी में आई थी। बेटी को घर पर छोड़कर वह अपनी बहन के साथ बाजार किसी काम से आ गई।

घर पहुंची तो बालिका नहीं थी जिसके चलते उसकी खोजबीन की गई, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया है। इसी बीच उन्हें जानकारी मिल रही है कि जान-पहचान का ही एक युवक के साथ बच्ची को देखा गया था जिसके चलते उसे शक है कि आरोपी युवक ही बहला-फुसलाकर उसे अपने साथ भगा ले गया है। वहीं पुलिस ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कर बालिका को खोजने का भरोसा पीड़िता को दिलाया है।

फुटबॉल के उद्घाटन मैच में दिनेशपुर ने रामपुर को 2-1 से हराया

विद्यालय के मैदान में आयोजित टूर्नामेंट के पहले हाफ के 19वें मिनट में दिनेशपुर ने स्वर्गफार्म पर पहला गोल किया, सुधन को घोषित किया मैन ऑफ द मैच

संवाददाता, शक्तिफार्म

अमृत विचार : सुरेंद्र नगर में आयोजित नेताजी सुभाष चंद्र बोस फुटबॉल टूर्नामेंट में स्वर्गफार्म (रामपुर) को पराजित कर दिनेशपुर ने उद्घाटन मैच जीत लिया। विद्यालय मैदान में आयोजित टूर्नामेंट के पहले हाफ के 19 मिनट में दिनेशपुर के सुधन ने स्वर्गफार्म पर पहला गोल किया, 29वें मिनट में स्वर्गफार्म के खिलाड़ी ने दिनेशपुर पर गोल करके स्कोर बराबरी पर ला दिया।

मैच के दूसरे हाफ में दिनेशपुर के धर्मा ने स्वर्गफार्म पर दूसरा गोल दागा, जिसके बाद दिनेशपुर ने उद्घाटन मैच 2-1 से जीत लिया। दिनेशपुर के सुधन को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैच का उद्घाटन बाबा तारकनाथ धाम पूजा कमेटी के लोगों ने संयुक्त रूप से किया। मैच में अखिलेश मंडल रेफरी, पंकज राय, जयंत मंडल, सुनील सरकार कॉमेंटेटर, दीपेन सेन, समीर सना स्कोरर रहे। इस अवसर पर पूजा कमेटी अध्यक्ष सुमित मंडल, ग्राम प्रधान राजा हालदार, खेल कमेटी अध्यक्ष रजत राय, मनोज वाला, अमित राय, गौरव सरकार आदि मौजूद थे।

सुरेंद्र नगर में फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन पर दिनेशपुर व स्वर्गफार्म की टीमों के साथ खेल व पूजा कमेटी के लोग। ● अमृत विचार

शांतिपुरी में रविवार देर रात विजेता टीम को ट्रॉफी देते मुख्य अतिथि ऊधमसिंह नगर विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता शेखर त्रिपाठी।

एक नजर

कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिलाई मतदान की शपथ

काशीपुर। चंद्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा मतदाता महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं, प्राध्यापकों व कर्मियों को मतदान की शपथ दिलाई गई। सोमवार को कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. कीर्ति पंत ने मतदान की उपयोगिता एवं अपने मताधिकार का उचित प्रयोग करने की जानकारी दी। कैंपस एंबेसडर डॉ. रंजना ने युवा मतदाताओं एवं महाविद्यालय की समस्त छात्राओं, प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों को मतदान की शपथ दिलाई। यहां एसो. प्रोफेसर डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, डॉ. वंदना सिंह, डॉ. रमा अरोरा, असि. प्रोफेसर डॉ. दीपा चनियाल, डॉ. अंजलि गोस्वामी, डॉ. गीता मेहरा, डॉ. ज्योति गोयल आदि मौजूद रहे।

एसडीएम के आश्वासन पर सफाई कर्मियों ने धरना समाप्त किया

नानकमत्ता। प्रशासक एसडीएम के आश्वासन पर सफाई कर्मियों ने धरना समाप्त किया। धरने पर पहुंचे प्रशासन अधिकारी एसडीएम ने धरना स्थल पर पहुंचकर सफाई कर्मचारियों की सुधली और उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। प्रशासन अधिकारी एसडीएम ने आंदोलनकारियों को कहा आपको शासन के आदेश पर हटाया गया था अब पत्राचार कर आपकी समस्या का समाधान किया जाएगा तब तक आप अपना धरना स्थगित करने का प्रयास करें सफाई कर्मचारियों ने प्रशासन अधिकारी एसडीएम के आश्वासन पर अपना धरना समाप्त कर दिया।

वालीबॉल टूर्नामेंट में 54 टीमों ने किया प्रतिभाग

खटीमा। भारत नेपाल सीमा पर तैनात 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा मेला घाट में दो दिवसीय टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। एसएसबी डी कंपनी मेलाघाट में भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजना के तहत आयोजित टूर्नामेंट का शुभारंभ एसएसबी सितारगंज के उप कमांडेंट अनुराग ने सोमवार को विधिवत किया। वॉलीबॉल टूर्नामेंट में बूम टनकपुर, बनबसा सैलानी गोठ, धनुष पुल गड़ीकोठ, नारायण नगर, मेलाघाट, बनबसा तथा बग्गा 54 की टीमों ने प्रतिभाग किया। मंगलवार को बैडमिंटन प्रतियोगिता में विभिन्न जगहों से महिलाओं की आठ टीमें प्रतिभाग करेंगी। मंगलवार को वॉलीबॉल तथा बैडमिंटन के फाइनल मैच के साथ टूर्नामेंट का समापन किया होगा। समापन अवसर पर विजेता टीम को ट्रॉफी, खेलकूद सामग्री, मेडल, टी-शर्ट पेंट देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों को भी खेलकूद सामग्री, मेडल तथा टी-शर्ट पैंट देकर सम्मान किया जाएगा। सशस्त्र सीमा बल सितारगंज के उप कमांडेंट अनुराग ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य सीमांत क्षेत्र के प्रतिभावान युवकों और युवतियों की पहचान कर उन्हें खेल के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर एसआई वेद प्रकाश, मनीराम मटोरिया, एएसआई गोपी कृष्ण नौटियाल, विनोद ध्यानी, माधव सिंह रावत, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार सिंह, रिंचन भूटिया, विश्वजीत सिंह, बैजनाथ, अजय, राम बिहारी, संजीत सिंह बाली देवेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

खटीमा में एसएसबी की ओर से आयोजित टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया।

तीन दिवसीय खेल सप्ताह का हुआ शुभारंभ

काशीपुर। खोखरा ताल रोड स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान कॉलेज ऑफ फार्मेसी में तीन दिवसीय खेल सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इनमें से खो-खो, कबड्डी, कैरम, टेबल टेनिस, रस्सा खींच, वॉलीबॉल आदि खेलों में फार्मेसी विभाग के समस्त छात्र प्रतिभा करेंगे। खेल सप्ताह का आयोजन संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर महेश सिंह चौहान एवं निदेशक डॉ. कपिल चौहान द्वारा किया गया। संस्थान के चेयरमैन गोपाल सिंह चौहान ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। निदेशक डॉ. कपिल चौहान ने बताया कि 29 फरवरी को फार्मेसी विभाग द्वारा एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन भी किया जायगा। यह संगोष्ठी ऑनलाइन मोड में रहेगी। जिसमें जर्मनी, जापान, इंडोनेशिया एवं मलेशिया के वैज्ञानिक एवं शोधकर्ता छात्र प्रतिभा करेंगे। इस दौरान डॉ. कीर्ति सिंह, हिमांशु लोहनी, प्रीति, जफर, अंकित, सीमा, शुभम, वैशाली, हिमानी आदि मौजूद रहे।

शांतिपुरी ने हल्द्वानी को हराकर जीती ओपन चैंपियनशिप

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार : शांतिपुरी ने आदर्श वॉलीबॉल क्लब की ओर से आयोजित दो दिवसीय ओपन वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में हल्द्वानी को 3-2 के अंतर से हराकर चैंपियनशिप जीत ली। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता शेखर त्रिपाठी ने विजेता टीम को गोल्ड्न ट्रॉफी और 21 हजार रुपये का चेक देकर सम्मानित किया, जबकि हल्द्वानी की उपविजेता टीम को ट्रॉफी व 15 हजार का इनाम दिया गया।

प्रतियोगिता का मैन ऑफ दी मैच शिवा और मैन ऑफ दी सिरीज का पुरस्कार कमल को मिला। मुख्य अतिथि त्रिपाठी ने आयोजकों को सफल टूर्नामेंट व खिलाड़ियों को उन्हें मिली सफलता के लिए बधाई दी। रविवार देर रात को शांतिपुरी नंबर चार चंद्रपुरी में खेले गये वॉलीबॉल के फाइनल मैच में शांतिपुरी ने टॉस जीतकर साइड ली, जिसमें लगातार 25-19, 25-17, 19-25, 26-28 व 15-7 के पांच सेटों में शांतिपुरी ने 3-2 के अंतर से मैच जीतकर चैंपियनशिप जीत ली, जबकि इससे पूर्व शांतिपुरी व रुद्रपुर के मध्य खेले गये सेमीफाइनल मैच में शांतिपुरी ने 25-19, 25-13 व 25-13 के तीन सेटों में रुद्रपुर को 3-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। इसी प्रकार कानिया रामनगर व हल्द्वानी के मध्य खेले गये सेमीफाइनल में 19-25, 28-26 व 22-25 के तीन सेटों में हल्द्वानी ने कानिया रामनगर को 2-1 के अंतर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था। इस प्रतियोगिता में कुल 20 टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मैच के निर्णायक मोहन सिंह कोरंगा उर्फ लखा व विक्की रावत रहे। इस दौरान विशिष्ट अतिथि पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डा. गणेश उपाध्याय, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नारायण सिंह बिष्ट, अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, पूर्व जिलापंचायत सदस्य विनोद कोरंगा, प्रधान रोहित तिवारी, अशोक जोशी, राजेन्द्र पटवाल, किशोर रौतेला, तारा सिंह पांडा, शंकर सिंह, ध्यान सिंह, शुभम कोरंगा, यशु कोरंगा, वीरेंद्र सिंह कोरंगा, कल्याण सिंह मटियानी, नरेंद्र कोरंगा, चंदन आदि मौजूद रहे।

गन्ने की ट्रॉली पलटने से सड़क पर लगा जाम

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार : शांतिपुरी नंबर दो ढांकानी में गांव की मुख्य सड़क पर गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से वहां घंटों सड़क जाम हो गई, जिससे स्कूली बसों, ग्रामीणों एवं राजगीरों को भारी फजीहत उठानी पड़ी। जबकि इस हादसे में ट्रैक्टर चालक बाल बाल बच गया।

सोमवार देर शाम को बिंदुखत्ता टूटी पुलिया स्थित गन्ना तोल सेंटर से गाना भरी ट्रैक्टर ट्रॉली शांतिपुरी नंबर दो ढांकानी होते हुए किच्छा चीनी मिल को जा रही थी। तभी वह ढांकानी मुख्य सड़क पर सरकारी ट्यूबवेल के समीप अचानक पलट गई, जिससे वहां ट्राली में भरा ओवर लोड गन्ना भरभरा कर सड़क पर फैल गया। गनीमत यह रही कि चालक मोहन सिंह चौहान ने ट्राली पलटते ही ट्रेक्टर से कूद मार दी और वह बाल बाल बच गया। लेकिन इस घटना से वहां सड़क पूरी तरह से घंटों जाम रही। जिससे स्कूली बसों, राहगीरों तथा ग्रामीणों को भारी फजीहत उठानी पड़ी और उन्हें अपने रूट बदलकर अपने-अपने गंतव्य को जाना पड़ा। स्थानीय ग्रामीण का आरोप है कि गन्ना टाल सेंटर से ट्रक से सप्लाई करने की बजाय ट्रैक्टर ट्राली से गाने की सप्लाई फैक्ट्री को की जाती है जो बेहद खतरनाक साबित हो जाता है और कई बार इस तरह इस प्रकार ट्राली पलटने से राजी रोग के जानवर का भी खतरा बना रहता है। इधर देर शाम समाचार लिखे जाने तक सड़क से गन्ने का उठान नहीं हो पाया था।

शांतिपुरी में गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से सड़क हुई जाम। ● अमृत विचार

अनुराधा को चुना गया अध्यक्ष

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : रविवार की देर शाम शहर के एक होटल में जोनल प्रभारियों की मौजूदगी में जेसीआई की महिला नगर कार्यकारिणी का विस्तार हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से अनुराधा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया और नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

बैठक के दौरान जोन से आए जेडवीपी जेसीआई कपिल अग्रवाल की मौजूदगी में नगर कार्यकारिणी का विस्तार हुआ। इसमें अनुराधा जैन लोहिया को अध्यक्ष, आस्था अग्रवाल को महामंत्री और इं शा कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया। साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान वर्ष 2023 में चैप्टर द्वारा किए गए कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई औ र सबने नट-वृद्धा नामक कार्यक्रम की प्रशंसा भी की।

नवनियुक्त अध्यक्ष अनुराधा ने कहा कि जेसीआई संगठन ने जिस उम्मीद के साथ दायित्व की जिम्मेदारी सौंपी है। उसका निर्वहन निस्वार्थ भाव से किया जाएगा। इस वर्ष कुछ नया करने का उद्देश्य है। उसे सभी मिलकर पूर्ण करेंगे। इस मौके पर शालिनी अग्रवाल, संजू जैन, स्वाति मिड्ढा, स्वाति जैन, रीना गोयल, रुचि खंडेलवाल, सुषमा अग्रवाल, नीरू खन्ना, पूजा छाबड़।, सोनिया नागपाल, प्रीति जैन, दिव्या गुप्ता, अनिशा बेहड़, सारिका मुंजाल आदि मौजूद रही।

रुद्रपुर में जेसीआई की नगर कार्यकारिणी के साथ पदाधिकारी।

राइका चारुबेटा में सीनियर्स को दी गई विदाई

खटीमा। राजकीय इंटर कॉलेज चारूबेटा में आयोजित कार्यक्रम में 11वीं के छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर्स 12वीं के छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा में शिरकत करने के लिए सोमवार को विदाई दी। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

प्रभारी प्रधानाचार्य हरिओम पारखी, शिक्षक रावेंद्र कुमार रवि, परीक्षा प्रभारी गया प्रसाद मौर्य, संगीता रावत ने बच्चों से परीक्षा के समय ध्यान में रखे जाने वाले आचरण का संदेश दिया, जिससे कि वह अच्छे अंक अर्जित कर सकें। इस दौरान आकाश कुमार को मिस्टर फेयरवेल और जानवी निशा को मिस फेयरवेल चुना गया।

पैरा बैडमिंटन में दो कांस्य पदक जीते

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : होनहार पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मनदीप कौर संधू ने थाइलैंड में 21 से 25 फरवरी तक हुए विश्व पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में दो कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र, प्रदेश व देश का मान बढ़ाया है।

मनदीप के भाई आर्म रेसलिंग में विश्व चैंपियन दलजीत सिंह गोराया ने बताया कि एसएल-3 केटेगिरी मिक्स डबल्स में मनदीप कौर और चिराग बरेठा की जोड़ी ने चाइना की इलकर और हलीमा को हराकर कांस्य पदक पर कब्जा किया। इसी प्रकार एससयू-5 केटेगिरी डबल्स में मनदीप कौर अरौर मनीषा रमदास की जोड़ी ने चाइदना की ही टोंगेटोंग और योकी को हराकर दूसरा कांस्य पदक हासिल किया। अब मनदीप का अगला लक्ष्य आगामी माह में सपैन में होने वाली ओपन अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतना है। मनदीप की इस कामयाबी पर अंतरराष्ट्रीय कोच अर्जुन सिंह गोराया आदि ने बधाई दी है।

मनदीप को आशीर्वाद देते भाई दलजीत सिंह गोराया व अंतरराष्ट्रीय कोच अर्जुन गोराया।

400 पार के नारे को करना है साकार

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा उत्तराखंड भवन और कर्मचारी बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को बहुउपयोगी सामग्री का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अवसर पर उपस्थित माता को संबोधित करते हुए पूर्व मंडी चेयरमैन नंदन सिंह खड़ायत ने निवेदन किया गया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा जो वादे किए गए हैं उन्हें सरकार लगातार पूरा करती जा रही है।

देश में राम मंदिर का निर्माण किया जा चुका है। उन्होंने आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा एक बार फिर देश में सरकार बनाने जा रही है। पीएम मोदी ने जो 400 पार का नारा दिया गया है उसे आमजन के सहयोग से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की देखरेख में प्रत्येक लोकसभा सीट को पांच लाख से अधिक वोट से जीतने का जो लक्ष्य कार्यकर्ता को दिया गया है उसके लिए कार्यकर्ता मेहनत कर उसे लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। उपस्थित माता और बहनों से निवेदन किया गया कि आगामी लोकसभा चुनाव में सभी लोग भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अपना मतदान करें और देश को विश्व गुरु बनाने में अपना सहयोग करे।

प्रदेश में कई जगहों पर किसानों का मार्च

संवाददाता, मुजफ्फरनगर/बागपत/मेरठ

अमृत विचार : भाकियू के आह्वान पर सोमवार को प्रदेश में कई जगहों पर किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला जिससे राजमार्ग सहित कई प्रमुख सड़कों पर यातायात बाधित हो गया। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने सोमवार को आरोप लगाया कि सरकार किसानों की वास्तविक मांगों की उपेक्षा कर रही है। मुजफ्फरनगर जिले में किसानों ने मांगों को लेकर राजमार्ग पर ट्रैक्टर मार्च निकाला।

पत्रकारों से बातचीत में टिकैत ने पंजाब में प्रदर्शनकारी किसानों पर हुए अत्याचार की निंदा की। इस बीच, कई स्थानों पर यातायात बाधित हो गया क्योंकि किसानों ने मुजफ्फरनगर जिले में ट्रैक्टर मार्च निकाला और पुरकाजी थाने के भूराहेड़ी, खतौली थाने के भंगेला, मंसूरपुर थाना क्षेत्र के मंसूरपुर चौराहा और छपार थाना क्षेत्र के रामपुर तिराहा पर अपने ट्रैक्टर खड़े करके दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग की बाईं लेन को अवरुद्ध कर दिया। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने, आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ दर्ज किये गये पुलिस मामले वापस लेने सहित अन्य मांगों को लेकर किसान पंजाब और हरियाणा की खनौरी तथा शंभू सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे हैं।

आयोजन | यूरोपियन सोसायटी के सप्तम सीमांत साहित्य उत्सव में देश-प्रदेश के साहित्यकारों और छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया

ओपन क्विज प्रतियोगिता में कार्तिक सिंह को मिला प्रथम स्थान

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : मॉडर्न यूटोपियन सोसाइटी कि तत्वावधान में सप्तम सीमांत साहित्य उत्सव आयोजित किया गया, जिसमें देश, प्रदेश के विभिन्न साहित्यकारों और छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। ओपन क्विज प्रतियोगिता में नोजगे पब्लिक स्कूल के कार्तिक सिंह ढेक ने प्रथम स्थान हासिल किया।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में आयोजित उत्सव का शुभारंभ संस्थाध्यक्ष डॉ चन्द्रशेखर जोशी, सचिव पूरन बिष्ट और प्रधानाचार्य कैलाश शाक्य ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। सोसाइटी द्वारा विभिन्न सत्रों के मध्य एक जीवनी, एक कविता और एक कहानी का पाठ किया गया। नानकमत्ता पब्लिक स्कूल की छात्रा स्वाति राणा ने प्रसिद्ध आंचलिक उपन्यासकार फणीश्वर नाथ 'रेणु' के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी कृति 'मैला आंचल' से श्रोताओं का परिचय कराया। गिरीश पाण्डे 'मुंशी' ने शिवाधर पांडेय की कविता 'बेला-चमेली' को अपनी मधुर आवाज दी। कैलाश पांडेय ने प्रख्यात कहानीकार शेखर जोशी की कहानी 'दाज्यू' को सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बौद्धिक सत्र का विषय-'साहित्य, समय, संवाद' में डॉ अनीता रस्तोगी, डॉ महेंद्र प्रताप पांडेय 'नंद', रावेंद्र कुमार 'रवि' मोहन बिष्ट शामिल रहे। द्वितीय सत्र के विषय-'एक साहित्य सेतु, हिमाद्रि से रत्नाकर' में डॉ जगदीश पंत 'कुमुद', चारु तिवारी, डॉ कमलेश शकटा, नेपाल के साहित्यकार हरि प्रसाद जोशी, नक्षत्र पांडेय, निर्मल नियोलिया, शांति देवी रही। 'किताब में कुमाऊं' विषय पर आशा शैली, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक शैलेंद्र प्रताप सिंह प्रो. डॉ सिद्धेश्वर सिंह रहे। वरिष्ठ पत्रकार खड़क सिंह गैडा और दीपक फुलेरा द्वारा 'पॉलीथीन बाबा' के नाम से प्रसिद्ध, पर्यावरणविद्, यायावर साहित्यकार एवं सेवानिवृत्त प्रो. डॉ प्रभात उप्रेती का रुचिकर एवं जागरूकता से परिपूर्ण साक्षात्कार लिया गया। इस अवसर पर गीताराम बंसल को सम्मानित किया गया।

सरस्वती आर्ट क्रिएशन द्वारा पेंटिंग्स लगायी गई। भावना भट्ट ने 'ऐपन' से संबंधित विभिन्न वस्तुओं के स्टॉल लगाए। क्विज प्रतियोगिता में डॉ चन्द्रशेखर जोशी, मनमोहन जोशी, ताजबर खत्री और नक्षत्र पांडेय निर्णायक रहे। जिसमें एसएमएस दत्ता मेमोरियल नोजगे पब्लिक स्कूल के कार्तिक सिंह ढेक ने प्रथम, अलक्ष्या पब्लिक स्कूल के चिरंजीवी पंत ने द्वितीय तथा हिंद पब्लिक स्कूल के रक्षित गहतोड़ी और नोजगे पब्लिक स्कूल के लकी बसेड़ा ने तृतीय स्थान हासिल किया। अंत में प्रधानाचार्य कैलाश शाक्य ने अतिथियों का आभार जताया।

इस अवसर पर डॉ लता जोशी, डॉ राज सक्सेना, भुवन चंद्र जोशी, हेम पंत, दयाल पांडेय, शैली सिंह, पंकज भट्ट, त्रिलोचन जोशी, जीडी जोशी, डॉ नरेंद्र रौतेला, डॉ सिराज अहमद, श्यामवीर सिंह, शहाना, स्वाति पंत, ट्विंकल दत्ता, दया भट्ट आदि थे। संचालन डॉ प्रशांत जोशी ने किया।

खटीमा में क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि।

प्रेम सिंह समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

संवाददाता, नानकमत्ता

अमृत विचार : कांग्रेस छोड़कर निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सरदार प्रेम सिंह टुरना, पूर्व ब्लाक प्रमुख व उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष ने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ले ली है।

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल और प्रदेश अध्यक्ष ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। कांग्रेस पार्टी के दिग्गज कहे जाने बाले नेता व निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सरदार प्रेम सिंह टुरना, सितारगंज के पूर्व ब्लॉक प्रमुख भुवन सिंह राणा, नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश गोयल कांग्रेस को अलविदा कर समर्थकों के साथ देहरादून भाजपा मुख्यालय पहुंच कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले ली है। सदस्यता लेने वालों में निवर्तमान सभासद प्रदीप विस्वास, ओमप्रकश चौरसिया, प्रकाश, गुरमुख सिंह पूर्व प्रधान, सतनाम सिंह, सुखबीर सिंह बिट्टू, रितेश गुप्ता, ग्राम प्रधान रितेश सिंह राणा, ग्राम प्रधान सन्जू सिंह राणा, ग्राम प्रधान, भजन सिंह राणा, मुन्ना चौहान उपाध्यक्ष व्यापार मण्डल, मलकीत सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष बसपा सहित दर्जनों ने भाजपा की सदस्यता ली प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल व प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

मांगें पूरी नहीं होने तक प्रदर्शन जारी रखने का ऐलान

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धरना आठवें दिन भी जारी रहा, कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ दिया आंदोलन को समर्थन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : चार सूत्रीय मांगों को लेकर आठ दिन से गांधी पार्क में चल रहा आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका और मिनी कर्मचारियों का धरना जारी है। इस दौरान जिलाध्यक्ष मनप्रीत कौर ने ऐलान किया कि जब तक मांगें पूरी नहीं होने धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इसी के चलते विधायक को ज्ञापन देकर सदन में मुद्दा उठाने की मांग की जा चुकी है।

सोमवार को धरनास्थल पर जिलाध्यक्ष मनप्रीत कौर ने कहा कि पिछले लंबे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर संगठन मुद्दा उठाता आ रहा है। बावजूद इसके उनकी मांगों पर गौर नहीं किया गया। बताया कि जब तक न्यूनतम मजदूरी 18000 रुपये प्रतिमाह करने, सेवानिवृत्ति होने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री को दो लाख रुपये देने, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को गोल्डन कार्ड देने और मिनी आंगनबाड़ी उच्चीकरण का जल्द शासनादेश जारी करने की मांग कर रहे हैं।

बताया कि इसी मांग को लेकर विगत दिनों स्थानीय विधायकों को ज्ञापन देकर कैबिनेट की बैठक में मुद्दा उठाने की मांग की। आगाह किया कि जब तक मांगे पूरी नहीं होगी। तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री रंजीता अरोरा, जिला महामंत्री रंजीता अरोरा, सुमन चतुर्वेदी, संध्या सक्सेना, नीलम , राखी, रेखा, पार्वती, शकुंतला देवी, रचना देवी, शिवानी, ही बोस,उर्मिला मिश्रा, आरती कुवर, शर्मिला, आशा सरकार, बबली, सीमा पाल, कंचन चौहान आदि मौजूद रहे।

गांधी पार्क में धरना प्रदर्शन करतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

गदरपुर में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को समर्थन पत्र देते कांग्रेस नगर अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा।

तहसील परिसर में धरना, मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा

खटीमा। आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका, मिनी कर्मचारी संगठन के बैनर तले कार्यकत्रियों का कार्य बहिष्कार और धरना लगातार आठवें दिन जारी रहा। कार्यकत्रियों ने सोमवार को तहसील परिसर में पहुंचकर धरना दिया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपा। कार्यकत्रियों ने कहा कि मांगें जबतक पूरी नहीं होंगी आंदोलन जारी रहेगा। धरना और ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष अमरजीत कौर नीलम राणा, जैमवती, उमा खाती, शिवराज, शोभा, माया, कलावती देवी, कमला बिष्ट, शोभा रस्तोगी, जानकी गहतोड़ी, मंजू, किरन, कमला भट्ट, पुष्पा भट्ट, शीला पोखरिया, सुनीता, सरिता, लखविंदर कौर, इन्द्रा पोखरिया, आशा, जीवन, बसंती, मीरा, सुरेशवती, इंद्रमणि आदि शामिल थे।

खटीमा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपती आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां।

कांग्रेस ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया समर्थन पत्र

गदरपुर। अपनी मांगों को लेकर 8 दिन से कार्य बहिष्कार पर बैठी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ अपना समर्थन दिया। सोमवार को कांग्रेस नगर अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा एवं कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता ब्लॉक कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने 8 दिन से जिला अध्यक्ष मनप्रीत कौर के नेतृत्व में कार्य कार्य बहिष्कार पर बैठी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अपना समर्थन दिया। कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह ने कहा देहरादून में बैठी गूंगी बहरी सरकार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ नाइंसाफी कर रही है। उन्होंने कहा कांग्रेस के शासनकाल में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की मांगों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाता था। लेकिन आज भाजपा की सरकार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सुध नहीं ले रही है। उन्होंने कहा विधानसभा सत्र में कांग्रेस पार्टी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का मुद्दा उठाएगी। कांग्रेस नगर अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने कहा बीजेपी सरकार को प्राथमिकता के साथ उनकी मांगों को पूरा करना चाहिए उन्होंने कहा नहीं तो कांग्रेस कार्यकर्ता भी उनके समर्थन में सड़कों पर उतरेंगे। आंगनबाड़ी कार्यकत्री जिला अध्यक्ष मनप्रीत कौर ने कहा सरकार उनकी मांगों को जल्द पूरा करें नहीं तो सभी कार्य बंद कर दिए जाएंगे। इस मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह, अजय गाबा, राजेश बाबा, राजकुमार तोमर, रूपचंद सैनी, अमरजीत संधू, नरेश चौधरी, रामानंद डूमडा, नीलम रानी, शकुंतला रानी, सुनीता मिस्त्री, सुधा राय, संगीता, शिखा, रेखा रानी, रीता राय सहित काफी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद थीं।

तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी सवार को रौंद डाला, मौत

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार : नगला बाईपास पर एक तेज रफ्तार हाइवा स्कूटी सवार को रौंदते हुए करीब पांच सौ मीटर तक घसीटता हुआ ले गया, जिसमें स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। बूरी तरह से घायल स्कूटी चालक को स्थानीय ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस से हल्द्वानी हायर सेंटर भेजा, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है।

सूचना पर पहुंची पंतनगर पुलिस ने स्कूटी, हाईवा व उसके चालक को हिरासत में ले लिया है। सोमवार शाम करीब चार बजे बिन्दुखत्ता लालकुआं के सीमैप स्थित बाजपुर चौराहा निवासी जगदीश माली (47) अपनी स्कूटी संख्या यूके 06/बीई 0380 से अपने छोटे बेटे रामचंद्र व पोते श्रृषी को गोलगेट उसके ननिहाल छोड़ कर वापस घर को जा रहा था। इसी दौरान नगला बाईपास के समीप किच्छा से रुद्रपुर की ओर मिट्टी लादकर तेज गति में जा रहे डंपर ने उसे जोदार टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी हाईवा के पहियों में फंस गई और डंपर उसे करीब पाच सौ मीटर तक घसीटते हुए ले गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बूरी तरह से घायल स्कूटी चालक जगदीश माली को अचेत हालत में 108 एंबुलेंस से हल्द्वानी हायर सेंटर भेज दिया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर डंपर लेकर भाग रहे युवक का आधा किलोमीटर तक पीछा कर स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया और चालक की जबरदस्त पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक समेत डंपर व स्कूटी को कब्जे में ले लिया है। मृतक जगदीश माली सोमवार साम आठ बजे की ट्रेन से लालकुआं से हरिद्वार कांवड़ मेले में फूलों की दुकान लगाने के लिए जाने वाला था कि इससे पहले ही हादसे में उसने अपनी जान गवां दी।

मृतक जगदीश माली।

डंपर के नीचे दबने से क्षतिग्रस्त स्कूटी। ● अमृत विचार

पांच आईएएस अफसरों के तबादले

लखनऊ, अमृत विचार : राज्य सरकार ने सोमवार को पांच आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। अयोध्या के नगर आयुक्त व अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह को विशेष सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक बनाया गया है। बृज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ व मथुरा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नागेंद्र प्रताप को महानिदेशक आयुष बनाया गया है।

विशेष सचिव पर्यटन अश्वनी कुमार पांडेय को अयोध्या विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी संतोष शर्मा को नगर आयुक्त अयोध्या का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

कागज के मुकुट से किया जागरूक

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : जिला प्रशासन के स्वीप अभियान के तहत टनकपुर में जोर शोर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सर्वप्रथम स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रिकेट खिलाड़ियों को जागरूकत करते हुए उन्हें बढ़ चढ़ कर मतदान करने का आह्वान किया।

बाद में गांव आमबाग के बूथ-140 में स्कूली विद्यार्थियों को जागरूक किया। इस दौरान गांव में काम कर रहे मजदूरों और राज मिस्त्रियों को जागरूक किया गया। बाद में स्वीप अभियान टनकपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा, वहां पर अमृत खंड के उदघाटन अवसर पर अधिकारियों व लोगों को मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी करने के लिए शपथ दिलवाई गई। वहां एसडीएम आकाश जोशी, ईओ भूपेंद्र प्रकाश जोशी आदि मौजूद रहे। स्वीप के सदस्य त्रिलोचन जोशी ने बताया कि प्रशासन की टीम हर उस मतदान केंद्र को कवर कर रही है, जहां पिछली बार मतदान कम हुआ। स्वीप टीम अखबारी कागज से मुकुट तैयार कर मतदाताओं को पहनाए जा रहे हैं। इस दौरान स्वीप के त्रिलोचन जोशी, कल्पना आर्य, अर्पित शर्मा, विनोद गहतोड़ी, कीड़ा प्रभारी मुकेश शर्मा, दीपक उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

टनकपुर के आमबाग गांव में शिक्षकों ने श्रमिकों को दिलाई मतदाता शपथ।

11 राज्यों से मिलेगी यूपी को बिजली

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में इस बार लोगों को बिजली की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा। पावर बैंकिंग समझौते के तहत प्रदेश को 11 राज्यों से बिजली मुहैया होगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि अप्रैल से सितंबर के बीच बिजली की ज्यादा मांग होना संभावित है। बिजली की संभावित मांग की भरपाई के लिए गुजरात, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तराखंड व केरल से पहली बार पावर बैंकिंग के तहत समझौता हुआ है। इन पांच राज्यों से प्रदेश को 171.4 करोड़ यूनिट बिजली मिलेगी, जबकि पूर्व में हुए समझौते के तहत मध्य प्रदेश, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व कर्नाटक से भी बिजली मिलेगी।

बच्चों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : ब्लूमिंग स्कॉलर्स एकेडमी जसपुर खुर्द काशीपुर में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव "गुंजिया" का भव्य आयोजन किया गया।

स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का पहले दिन शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे और विशिष्ट अतिथि युवा मोर्चा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुशांत रावत के साथ विद्यालय के चेयरमैन पीडी देवलाल, मैनेजिंग डायरेक्टर जितेंद्र देवलाल और प्रधानाध्यापिक शांति मठपाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में शिक्षा का महत्व, राम आयेंगे ओर नर्सरी कक्षा के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रदूषण मुक्त भारत पर आधारित विशेष कार्यक्रम की अतिथियों ने प्रशंसा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट के साथ विद्यालय की अनेक उपलब्धियों को बताया। दूसरे दिन कार्यक्रम में योग और शिव तांडव कार्यक्रम मुख्य आकर्षण के केंद्र रहे। बच्चो द्वारा विद्यालय में बनाई गई आर्ट, पेंटिंग की गैलरी लगाई गई। इस अवसर पर शिक्षा सत्र 2023-24 में ब्लूमिंग लेबोरियस टीचर ऑफ द ईयर का सम्मान शिक्षिका करिश्मा भंडारी इसके अलावा रमा पंत, शोभा रावत, इभा नेगी, संगीता रावत, हेमा रावत, मीना बिष्ट, बरखा रानी, सतेश्वरी मैंडोलिया,रश्मि, दीपा नेगी, ज्योति शर्मा को पिलर ऑफ द स्कूल सम्मान से नवाजा गया।

काशीपुर में ब्लूमिंग स्कूल में नृत्य की प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

पिछली सरकारों ने वादे किए प्रधानमंत्री मोदी ने काम किया

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के वर्चुअली शिलान्यास में गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन, रोजगार, विकास की संभावनाएं बढ़ेंगी।

अभी तक सरकारों में सिर्फ रेल के वादे हुए हैं जबकि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में रेल पहाड़ पर पहुंचने की उम्मीदें बढ़ी हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, निवर्तमान मेयर ऊषा चौधरी, दीपक बाली, राम मेहरोत्रा, आशीष गुप्ता, अभिषेक गोयल, रजत सिद्धू, गुरविंदर सिंह चंडोक, समरपाल चौधरी, एसडीएम अभय प्रताप सिंह, रेलवे स्टेशन अधीक्षक रवि शंकर, निखिल सक्सेना, गौरव शर्मा, फयाज अहमद, चिरंजीवी शर्मा, राहुल गंगवार, चंद्रपाल, अखिलेश सिंह, कालिका प्रसाद, जीआरपी प्रभारी सरोज काम्बोज व आरपीएफ प्रभारी रणदीप सिंह मौजूद रहे।

वर्चुअली शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय।

भाजपा ने संयोजक और प्रभारी बनाए

हल्द्वानी। भाजपा ने नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट पर विधानसभा वार संयोजक व प्रभारी नियुक्त किए हैं। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सोमवार की देर सायं सूची जारी कर संयोजकों व प्रभारियों से लोकसभा चुनाव के लिए कमर कसने का आह्वान किया है।

प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने बताया कि नैनीताल संसदीय सीट पर लालकुआं विस के लिए मोहन सिंह बिष्ट को संयोजक व कमल नयन जोशी को प्रभारी, भीमताल में राम सिंह कैड़ा व गोपाल रावत, नैनीताल में सरिता आर्या व प्रदीप जनौटी, हल्द्वानी में जोगेंद्र रौतेला व सचिन साह, कालाढूंगी में बंशीधर भगत व देवेंद्र ढैला, जसपुर में शैलेंद्र मोहन सिंघल व डॉ. गिरीश तिवारी, काशीपुर में त्रिलोक सिंह चीमा व मनोज पाल को संयोजक व प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

रोगियों को निशुल्क उपचार मिलने से काफी मदद मिलेगी

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : मुरादाबाद रोड पर ढेला नदी के पास स्थित संजीवनी हॉस्पिटल में आयुष्मान चिकित्सा का भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक बाली ने रिबन काटकर शुभारंभ किया।

इस दौरान भाजपा नेता बाली ने कहा कि इस अस्पताल में आयुष्मान योजना शुरू होने से नगर व क्षेत्र के रोगियों को निशुल्क उपचार मिलने से काफी मदद मिलेगी। संजीवनी हॉस्पिटल के एमडी एचआर मुकेश चावला, एमडी राज गुंबर एवं मनीष चावला ने बताया कि उनके अस्पताल में सभी रोगों के उपचार की सुविधा उपलब्ध है। अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा रोगियों का 24 घंटे उपचार किया जाता है। वहां पर अस्पताल के प्रबंधक मनोज बाटला, गुरविंदर सिंह चंडोक, दीपक, अभिषेक, गगन, आयुष, अमन, शिवा, पारस कार्तिक, पिंकी, जानकी, दानिश, विनोद, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में अस्पताल में आयुष्मान चिकित्सा का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

सौर ऊर्जा संयंत्रों का अधिक उपयोग करें

लोहाघाट : नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से नगर के नजदीकी गांव रायनगर चौड़ी में वैकल्पिक ऊर्जा कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान ग्रामीणों को सरकार की ओर से सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने में दी जा रही छूट और सौर ऊर्जा के फायदे बताए गए। देवालय मंदिर में ग्राम प्रधान जितेंद्र राय की अध्यक्षता और भैरव राय व नरेश राय के संचालन में आयोजित कार्यशाला में देहरादून से आए उरेडा के प्रोजेक्ट मैनेजर अंकित सेमवाल ने बताया कि सरकार लोगों को सौर ऊर्जा से जोड़ने की दिशा में कार्य कर रही है। इस दौरान भवानी दत्त राय, गंगा दत्त, नाथू राम राय, भैरव राय, पूरन चंद्र जोशी, उमापति राय, रमेश राय, प्रकाश राय, दिनेश राय, हरीश राय, हरीश कापड़ी आदि मौजूद रहे।

कार्रवाई | जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम ने अनाधिकृत कॉलोनी का निरीक्षण कर सख्ती दिखाई

बिना मानचित्र पास कराए बने भवनों को ध्वस्त किया

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : जिला विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त उपाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रशासन की टीम ने किच्छा तहसील अंतर्गत अनाधिकृत कॉलोनी का निरीक्षण करते हुए बिना मानचित्र पास कराए निर्मित भवनों को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त कर दिया। प्रशासन द्वारा अनाधिकृत कॉलोनी के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई से कॉलोनाइजर्स में हड़कंप मच गया है। प्रशासन के अनुसार अभियान आगे भी जारी रहेगा।

उधम सिंह नगर जिला विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष अभिषेक रुहेला के नेतृत्व में प्रशासन की टीम द्वारा किच्छा तहसील अंतर्गत क्षेत्र का तीन दिन पूर्व भ्रमण करते हुए अनाधिकृत कॉलोनी एवं अवैध निर्माण के विरुद्ध ठोस कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए थे। जिला उपाध्यक्ष रुहेला के निर्देशों के अनुपालन में विकास प्राधिकरण के सचिव एवं उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा के नेतृत्व में तहसीलदार, अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता सहित प्राधिकरण विभाग के तमाम कर्मचारियों की टीम ने किच्छा तहसील अंतर्गत चिन्हित की गई कॉलोनी का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम बंडिया क्षेत्र अंतर्गत दो अनाधिकृत कॉलोनी में बिना मानचित्र पास कराए किए गए निर्माण को ध्वस्त करने के जारी किए गए आदेश के क्रम में टीम ने जेसीबी के माध्यम से निर्माण को ध्वस्त कर दिया। इसके अतिरिक्त प्रशासन की टीम ने किच्छा तहसील अंतर्गत ग्राम सुनहरा फॉर्म पहुंचकर कॉलोनी का निरीक्षण किया तथा कॉलोनी में किया जा रहे दो निर्माण कार्यों को रोकने का आदेश जारी कर पुनः निर्माण प्रारंभ किए जाने की दशा में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

इस दौरान प्राधिकरण सचिव एवं एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने बिना मानचित्र पास कराए निर्माण करने वाले भवन स्वामियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई के भी निर्देश दिए। प्राधिकरण सचिव मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी एवं प्राधिकरण उपाध्यक्ष के निर्देश पर अवैध रूप से काटी गई कॉलोनी के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी। उन्होंने आम जनमानस एवं कॉलोनाइजर्स से अपील करते हुए कहा कि विधिवत मानचित्र एवं तलपट मानचित्र स्वीकृत किए जाने के बाद ही निर्माण आदि की कार्रवाई की जाए। उन्होंने जनता से कॉलोनी में भूखंड खरीदने से पूर्व कॉलोनी का विधिवत मानचित्र प्राधिकरण से स्वीकृत कराए जाने संबंधी जानकारी लेने के बाद ही भूमि खरीदने की जनता से अपील की है ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना जनता को ना करना पड़े। प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई के बाद कॉलोनाइजर्स में हड़कंप मच गया है।

किच्छा में बिना मानचित्र पास कराए निर्माण को तोड़ती प्रशासन की टीम। ● अमृत विचार

खुले में मेडिकल वेस्ट फेंकने पर प्रदूषण बोर्ड से मांगी रिपोर्ट

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने पिथौरागढ़ जनपद में पैथलॉजी लैब, अस्पतालों का मेडिकल वेस्ट नदी, नालों, गड्ढों व नगर पालिका के कूड़े के डिब्बों में खुले में फेंके जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य प्रदूषण बोर्ड से रिपोर्ट पेश करने को कहा है। साथ ही हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से कितने सफाई कर्मचारियों को टिटनेस व हैपेटाइटिस बी के इंजेक्शन लगे हैं, इस पर भी शपथ पत्र पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई अप्रैल में होगी। सोमवार को खंडपीठ में हुई सुनवाई पर याचिकाकर्ता ने न्यायालय को बताया कि जितने भी मेडिकल वेस्ट के लिए पिट बनाए गए हैं, वे बॉयोमेडिकल रूल्स-2016 के तहत नहीं बनाए गए हैं। सफाई कर्मचारियों को टिटनेस व हैपेटाइटिस बी के इंजेक्शन भी नहीं लगाए गए हैं। इस पर कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि कितने सफाई कर्मचारियों को ये इंजेक्शन लगे हैं, इस पर जवाब पेश किया जाए। मामले के अनुसार पिथौरागढ़ निवासी डॉ. राजेश पांडे ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि पिथौरागढ़ जिले में मेडिकल वेस्ट का निस्तारण के लिए कोई सुविधा नहीं है। इसकी वजह से सरकारी, निजी अस्पताल, व पैथ लैब का मेडिकल वेस्ट खुले में नदी, नालों, गड्ढों व नगर पालिका के कूड़े के डिब्बों में फेंका जा रहा है जिसकी वजह से बीमारी फैलने की संभावना बढ़ रही है। इस वेस्ट को जानवर खा रहे है उनके स्वास्थ्य पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। जिले में करीब 20 पैथ लैब संचालित है परन्तु इनका राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में पंजीयन नहीं है। पिथौरागढ़ सीएमओ ने भी स्वीकार किया है कि जिले में मेडिकल वेस्ट के निस्तारण के लिए कोई साधन उपलब्ध नहीं है याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि कोर्ट राज्य सरकार को सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में कॉमन मेडिकल वेस्ट सेंटर बनाने के निर्देश दे।

यथा ह्येकेन चक्रेण न रथस्य गतिर्भवेत्।
एवं परुषकारेण विना दैवं न सिद्ध्यति।।

जैसे एक पहिये से रथ नहीं चल सकता। ठीक उसी प्रकार बिना पुरुषार्थ के भाग्य सिद्ध नहीं हो सकता है।

संपादकीय

डब्ल्यूटीओ नीतियां

किसानों के निशाने पर विश्व व्यापार संगठन भी है। उनकी मांग है कि सरकार भारत को विश्व व्यापार संगठन और मुक्त व्यापार समझौतों से बाहर निकाले। सोमवार को पंजाब व हरियाणा के किसानों ने राजमार्गों के किनारे कई स्थानों पर ट्रैक्टर खड़े करके प्रदर्शन किया। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलन कर रहे किसानों ने डब्ल्यूटीओ की नीतियों की आलोचना की और उन्हें 'किसान विरोधी' बताया। उन्होंने दावा किया कि डब्ल्यूटीओ की नीतियों के कारण सरकार सभी फसलों पर एमएसपी नहीं दे रही है। उधर भारत ने डब्ल्यूटीओ के सदस्यों से लंबे समय से लंबित सार्वजनिक खाद्य भंडारण मुद्दे का स्थायी समाधान खोजने का आह्वान करते हुए कहा है कि यह सीधे तौर पर वर्ष 2030 तक 'शून्य भुखमरी' के सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने से संबंधित है। खाद्य सुरक्षा उद्देश्यों के लिए सार्वजनिक भंडारण कार्यक्रम एक नीति माध्यम है जिसके तहत सरकार एमएसपी पर किसानों से चावल और गेहूं जैसी फसलें खरीदती है तथा खाद्यान्न का भंडारण और गरीबों को वितरित करती है। दरअसल वर्ष 1994 से विश्व व्यापार समझौता कृषि क्षेत्र में लागू हुआ। समझौते का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कर उत्पाद एवं व्यापार का निजीकरण करना था। डब्ल्यूटीओ का नियम कहता है कि विश्व व्यापार संगठन से जुड़े सदस्य देशों को अपने कृषि उत्पाद को दी जाने वाली घरेलू मदद की मात्रा को सीमित करना चाहिए। जबकि डब्ल्यूटीओ के नियम किसानों की मांग से विपरीत हैं।

गौरतलब है विकसित राष्ट्रों ने अपने किसानों को भारी सहायता जारी रखी। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रति किसान 300 डॉलर की सब्सिडी दी जाती है जबकि अमेरिका में यही सब्सिडी प्रति किसान 40,000 डॉलर की मिलती है। इससे विकसित देशों के किसानों की व्यक्तिगत उत्पादन लागत कम हुई और बाजारों में कम कीमत पर अपने उत्पादों को बेचकर भी वे मुनाफे में रहे वहीं हमारे किसान अपनी अत्यधिक कृषि लागत और कम बाजार भाव के कारण ऋणग्रस्त होते गए। किसानों के आंदोलन करने का उद्देश्य ही यही है कि उन्हें एमएसपी, फसलों की खरीद और पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम को लेकर कानूनी गारंटी दी जाए। सवाल है कि विश्व व्यापार समझौतों के तहत सरकारी खरीद तथा समर्थन मूल्य को कम कर दिए जाने से किसान बेबस और लाचार हो गए। क्या डब्ल्यूटीओ का कृषि समझौता खाद्य सुरक्षा नीति के विरुद्ध होने के साथ ही देश की नीति-निर्धारण की संप्रभुता में हस्तक्षेप भी है।

खुली किताब से परीक्षा: संभावनाएं और चुनौतियां

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

दुनिया के कई देश खुली किताब से परीक्षा कराते हैं। लेकिन वहां परीक्षा स्मृति परीक्षण से आगे जाकर विद्यार्थी की समझ का जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में अनुप्रयोग पर ज़्यादा फ़ोकस करती हैं। स्वाभाविक ही है कि इस प्रक्रिया में अनुभव, विश्लेषण, तर्क, चिंतन, कल्पना, स्वयं परीक्षण द्वारा निष्कर्ष तक जाना जैसे उच्च मानसिक कौशलों के विकास पर ज्यादा जोर दिया जाता है।

शिक्षा में किसी भी नए विचार के समावेश के लिए आवश्यक है कि उस विचार को शिक्षा नीति, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम ,पाठ्यपुस्तक व शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं में प्रत्येक स्तर पर अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। क्रियान्वयन से पूर्व उसके हर पहलू पर विचार हो और आवश्यक मानवीय व भौतिक संसाधनों को उसके अनुरूप रचा-गढ़ा जाय। शिक्षकों, निरीक्षकों व अकादमिक सहयोगियों को उस विचार को बच्चों तक पहुंचाने के लिए ज़रूरी ज्ञान-कौशल व उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही ऐसी नियमित आकलन प्रणालियां हों जो बच्चों में उस विचार की पहुंच और ग्राह्यता का पता करने में उपयोगी फीड बैक दे पाएं।अभिभावकों व समुदाय से इस संबंध में नियमित संवाद हो।

लगभग ढाई दशक पूर्व का वाकया है। उत्तर प्रदेश में प्रारंभिक स्तरीय पाठ्य पुस्तकों के विकास की प्रक्रिया गतिमान थी। हिंदी की पाठ्य पुस्तक में लोकगीत से ससंबंधित पाठ क्रमांक डालते हुए पूरा पेज रिक्त रखा गया था। पेज पर विद्यार्थियों के लिए निर्देश था कि अपने यहां किसी भी अवसर पर गाए जाने वाले लोकगीत को रिक्त स्थान पर लिखें। पाठ की विशेषता यह भी थी कि अगले पेज में विविध अभ्यास दिए गए थे जो बच्चों द्वारा लिखे जाने वाले लोकगीत पर केंद्रित थे। शुरुआती क्षेत्रीय परीक्षणों में इस पाठ की बहुत आलोचना हुई तथा पर्याप्त चर्चा-विमर्श के उपरांत ही पाठ को स्वीकार किया गया। कारण यह कि उस दौर में प्रश्नों के उत्तर लगभग हू-ब-हू पाठ्यपुस्तक में दिए गए होते थे जबकि यह पाठ प्रचलित पैटर्न के एकदम विपरीत था।

नब्बे का आख़िरी दशक शिक्षा में विभिन्न प्रयोगों व नवाचारों का दौर था। शिक्षण विज्ञान पर देश व्यापी चर्चाओं के बाद वर्ष-2005 में 'राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूप रेखा' ने 'ज्ञान को रटंत प्रणाली से मुक्त करने तथा विद्यालय की परिधि से बाहर ले जाने' की सिफ़ारिश की। इससे शैक्षिक परिदृश्य में कई बड़े परिवर्तन आए। इसी के चलते पाठ्य पुस्तकों में टेक्स्ट से संबंधित ऐसे विविधता पूर्ण अभ्यासों पर सहमतियां बनीं जो बच्चों को किताब की दुनिया से बाहर की दुनिया तक जाने का रास्ता तैयार करें। निश्चित ही इन अभ्यासों का हल पाठ्यवस्तु की किसी पंक्ति या अनुच्छेद में नहीं बल्कि उस पूरे पाठ को पढ़कर बनी समझ में ज़्यादा था। पर, क्योंकि यह एक पारंपरिक स्थिति से भिन्न प्रयोग था इसलिए इसकी स्वीकार्यता में समय लगा।

शिक्षा में किसी भी नए विचार के समावेश के लिए आवश्यक है कि उस विचार को शिक्षा नीति, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक व शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं में प्रत्येक स्तर पर अभिन्न हिस्सा बनाया जाय। क्रियान्वयन से पूर्व उसके हर पहलू पर विचार हो और आवश्यक मानवीय व भौतिक संसाधनों को उसके अनुरूप रचा-गढ़ा जाए। शिक्षकों, निरीक्षकों व अकादमिक सहयोगियों को उस विचार को बच्चों तक पहुंचाने के लिए ज़रूरी ज्ञान-कौशल व उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही ऐसी नियमित आकलन प्रणालियां हों जो बच्चों में उस विचार की पहुंच और ग्राह्यता का पता करने में उपयोगी फीड बैक दे पाएं। अभिभावकों व समुदाय से इस संबंध में नियमित संवाद हो।

'परीक्षा'किसी भी स्तर की शिक्षा व्यवस्था का अनिवार्य अंग है। यह एक निश्चित अंतराल पर शिक्षार्थियों के अर्जित ज्ञान, कौशल या दक्षताओं को जांचने की क्रिया, प्रक्रिया या अवस्था है। इसके अंतर्गत कुछ विशेष प्रकार के लिखित अथवा मौखिक अभ्यास प्रश्न डिजाइन किए जाते हैं। स्वाभाविक ही है कि 'परीक्षा' नाम की यह पूरी प्रक्रिया तात्कालिक पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक, शिक्षण बिंदुओं तथा शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं के तरीक़ों पर निर्भर करती है और इन्हीं के अनुरूप होती है। इसका सीधा सा अर्थ यही है कि अगर हम 'परीक्षा' के स्वरूप में किसी भी प्रकार के बदलाव की बात करते हैं तो हमें उक्त सभी में इस प्रकार के आवश्यक बदलाव करने होंगे जो परीक्षा के बदले पैटर्न का समर्थन करते हों और तदनुरूप हों। ज़ाहिर सी बात है कि 'परीक्षा' के स्वरूप में किसी भी प्रकार के बदलाव के लिए केवल एग्जाम पैटर्न में बदलाव ही काफ़ी नहीं होगा बल्कि पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक समेत सभी स्तरों पर बदलाव अपेक्षित होंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा की संस्तुतियों को दृष्टिगत रखते हुए सीबीएसई द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुछ विद्यालयों में सेकेंडरी स्तर से 'ओपन-बुक एग्जाम-ओबीई' आयोजित करने का प्रस्ताव है। इसके तहत परीक्षार्थी परीक्षा में पाठ्यपुस्तक, क्लासरूम नोट्स या अन्य स्वीकृत सामग्री के साथ परीक्षा दे सकेंगे। हालांकि कुछ लोगों को 'खुली किताब के साथ परीक्षा' सुनने में कर्णप्रिय लग सकता है लेकिन यह परीक्षा पार करने का इतना सहज-सुगम तरीक़ा नहीं होने वाला है, क्योंकि यहां पर प्रश्न सीधे- सपाट या टैक्स्ट में निहित उत्तर पर आधारित न होकर सिद्धांतों या निष्कर्षों को विश्लेषणात्मक दक्षता के आधार पर प्रस्तुत करने पर केंद्रित होंगे। अगर सीधे कहें तो यह परीक्षा इस बात की जांच करेगी कि विद्यार्थी ने दिए गए सिद्धांतों अथवा तय निष्कर्षों को किस स्तर तक समझा है तथा वह इस समझ का विभिन्न परिस्थितियों में तर्कपूर्ण एवं विश्लेषणात्मक उपयोग कर सकता है अथवा नहीं। निश्चित ही यह प्रक्रिया विद्यार्थियों में सूचनाओं, तथ्यों, परिभाषाओं अथवा सूत्रों को रटने की बजाय मन-मस्तिष्क में उनकी गहरी समझ स्थापित करने तथा विभिन्न विषय संदर्भों में उसे 'ज्ञात से अज्ञात की ओर' जाने का रास्ता सुगम करेगी। पर, इस सबके लिए आवश्यक होगा कि इसे नियमित शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जाए। नियमित प्रक्रिया का हिस्सा होने से बच्चों में कक्षा शिक्षण के दौरान शिक्षक द्वारा अपनाई गई शिक्षण विधियों, पाठ्यपुस्तक तथा अन्य पाठ्यसामग्री के बीच का संबंध स्पष्ट होगा तथा किसी समस्या के समाधान हेतु पाठ्यसामग्री को बार-बार संदर्भित कर सही व सटीक उत्तर की ओर जाने का कौशल विकसित होगा। इस प्रक्रिया में वे अपनी ग़लतियों को ख़ुद से सुधारना सीखेंगे तथा केवल परीक्षा पास करने के लिए कुछ प्रश्नों को रट लेने के बजाय गूढ़ अध्ययन की ओर उन्मुख होंगे।

दुनिया के कई देश खुली किताब से परीक्षा कराते हैं। लेकिन वहां परीक्षा स्मृति परीक्षण से आगे जाकर विद्यार्थी की समझ का जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में अनुप्रयोग पर ज़्यादा फ़ोकस करती हैं। स्वाभाविक ही है कि इस प्रक्रिया में अनुभव, विश्लेषण, तर्क, चिंतन, कल्पना, स्वयं परीक्षण द्वारा निष्कर्ष तक जाना जैसे उच्च मानसिक कौशलों के विकास पर ज्यादा ज़ोर दिया जाता है। भारतीय परिस्थितियों में ओपन बुक योजना और इसके नतीजे लागू होने पर ही सामने आएंगे। लेकिन यह ज़रूर है कि इसकी प्रभावकारिता के लिए पाठ्य सामग्रियों, कक्षा शिक्षण प्रक्रियाओं, आकलन-मूल्यांकन प्रणालियों व अकादमिक सुपरविजन के तरीक़ों में भी अपेक्षित बदलाव लाने होंगे। साथ ही परिवेश में उपलब्ध ज्ञान के मानवीय स्रोत एवं स्थानीय संसाधनों की भूमिका को भी स्पष्टतः रेखांकित करना होगा।

प्रसंगवश

चंद्रशेखर आजाद से जुड़े तथ्यों को जानना नागरिकों का अधिकार

बलिदान दिवस

भारत की आजादी के लिए सशस्त्र क्रांति के सूत्रधार अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद कब और कहां पैदा हुए? अभी तक न तो जन्म स्थान निश्चित हो पाया है और न ही जन्म तिथि। प्रामाणिक जानकारी के अभाव में यह अब भी असंभव बना हुआ है। यही कारण है कि भाबरा (मध्य प्रदेश), भौंती (कानपुर) और बदरका (उन्नाव) के लोग उन्हें अपना मानकर प्रतिवर्ष मेला और जलसा आयोजित करके अपने दावे को मजबूत करते रहते हैं। बदरका का भव्य आजाद स्मारक अपने इस दावे को वर्ष प्रतिवर्ष और मजबूत करता ही जा रहा है।

आजाद से जुड़े अनेक मिथकों पर पिछले वर्ष एक नई किताब आई- 'चंद्रशेखर आजाद मिथक बनाम यथार्थ'। पुस्तक के प्रथम दो अध्याय जन्म स्थान और जन्मतिथि पर ही केंद्रित हैं। किताब का शीर्षक उम्मीद जगाता है कि आजाद के जन्मस्थान और जन्मतिथि का निर्धारण निश्चित हो गया होगा लेकिन किताब के लेखक आईपीएस अधिकारी प्रताप गोपेंद्र की गहन खोज भी निर्णायक मुकाम पर नहीं पहुंचा पाती। हां, पुस्तक की एक खासियत यह है कि आजाद के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें और उपलब्ध आधे-अधूरे प्रमाण एक ही छतरी (पुस्तक) के नीचे मिल जाते हैं। इससे और कुछ नहीं तो आपको अपना मत निर्धारित करने में मदद जरूर मिलती है।



गौरव अवस्थी
रायबरेली

कोई आजाद का जन्म स्थान भाबरा मानता है तो कोई बदरका। किसी को भरोसा है कि आजाद का जन्म लखनऊ के काकोरी के पास ईटगांव में हुआ था और कोई ब्रिटिश हुकूमत के दौरान चले मुकदमों में खुद आजाद द्वारा लिखाए गए तथ्यों को ही प्रमाण मानकर उनका जन्म बनारस के बैजनाथ मोहल्ले का मानता है। कुछ विद्वान और आजाद के अधिकतर साथी आजाद का जन्म मध्य प्रदेश के भाबरा में ही मानते हैं। प्रामाणिक जानकारी के अभाव में आज तक यह तक तय कर पाना मुश्किल है कि आजाद के पिता कहां के रहने वाले थे? कई इतिहासकार उनके पिता पंडित सीताराम तिवारी को भौंती-प्रतापपुर (कानपुर) का मानते हैं और कोई कोई उन्हें बदरका का। कहीं-कहीं उनके पिता का नाम पंडित बैजनाथ या स्वतंत्र शर्मा भी मिलता है। हालांकि लेखक प्रताप गोपेंद्र अपने एक अध्याय में आजाद की जन्म तिथि मां स्व. जगरानी देवी द्वारा झांसी प्रवास के दौरान भगवान दास माहौर को बताई गई हिंदी तिथि (सावन सुदी दूज सोमवार) के आधार पर 23 जुलाई 1906 मानने पर ही जोर देते हैं। इसके प्रमाण में अपनी वह खोज पुस्तक में प्रस्तुत करते हैं जो उन्होंने गूगल पर प्रोकेरला (prokerala.com) के माध्यम से जुटाई है। इस पुस्तक में ऐसी खोज का एक चार्ट भी प्रकाशित किया गया है। हालांकि उन्नाव वाले आजाद की जन्म तिथि 7 जनवरी मानते हैं। इसके लिए उनके अपने तर्क और आधार हैं। बदरका में आजाद की जयंती मनाने की परंपरा 1943 से चली आ रही है। यह आज भी कायम है और वृहत मेले का रूप ले चुकी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रताप गोपेंद्र की पुस्तक नए तथ्यों की ओर पाठक का ध्यान आकृष्ट करती है लेकिन असल सवाल फिर वहीं अटक जाता है कि आखिर चंद्रशेखर आजाद का जन्म कहां का माना जाए और उनकी जन्मतिथि क्या है? यह तो सभी को पता है कि 27 फरवरी 1931 को प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क (अब आजाद पार्क) में ब्रिटिश हुकूमत के हाथ आने के पहले चंद्रशेखर आजाद ने कनपटी पर गोली मार कर अपना प्राणांत करके अपने उस प्रण को पूरा किया था, जो अक्सर वह अपने साथियों के समक्ष इन शब्दों में व्यक्त किया करते थे- 'मेरी रिवाल्वर में आठ गोली हैं। एक मैगजीन अतिरिक्त। 15 गोली अंग्रेज आततायियों पर दागूंगा और सोलहवीं खुद पर।' इसे उन्होंने आखिरी सांस में पूरा भी किया। सवाल है कि आजाद भारत की सरकारें आज तक आजाद का जन्मस्थान और जन्म तारीख प्रमाणित करने की कोशिश तक क्यों शुरू नहीं कर पाईं? जब नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मृत्यु के रहस्योद्घाटन के लिए आयोग बन सकते हैं तो चंद्रशेखर आजाद की जन्मतिथि और जन्मस्थान पता करने के लिए क्यों नहीं? केवल 'शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले..' से ही शहीदों के प्रति श्रद्धा प्रकट नहीं की जा सकती। आजाद के जीवन से जुड़े सही तथ्यों को जानना आजाद भारत के हर नागरिक का अधिकार है और सरकारों का कर्तव्य।

प्रभावित होती सरकार की छवि

डॉ. अजय कुमार मिश्रा
लखनऊ

पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन की परीक्षा से ही युवा पेपर लीक होने का आरोप लगा रहे थे परन्तु सरकारी तंत्र इस बात को स्वीकार नहीं कर रहा था।

उत्तर प्रदेश पुलिस दुनिया की सबसे बड़ी संख्या बल वाली पुलिस है, जिसमें 2.25 लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत है। विभाग में चल रही भर्ती को सरकार ने रद करके आगामी छह माह में पुनः परीक्षा की घोषणा की है। निसंदेह पुनः परीक्षा में सजगता देखने को मिलेगी, जिससे पेपर लीक को रोका जा सकेगा। पर इस विषय पर कुछ अधिक कहने और लिखने से पहले कुछ मूल तत्वों को भी जानना जरुरी है। कुल 60244 पदों की भर्ती के लिए परीक्षा 16 से 18 के फरवरी मध्य उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में 2385 केंद्र बनाकर आयोजित हुई थी। इस भर्ती के लिए दिसंबर 2023 में विज्ञापन निकाला गया था। 48.17 लाख ऑनलाइन आवेदन 27 दिसंबर 2023 से 16 जनवरी 2024 के मध्य प्राप्त हुए थे। किन्ही कारणों से लगभग 5.03 लाख आवेदक परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परीक्षा का निरस्त होना कई प्रश्नों को इक साथ जन्म देता है।

पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन की परीक्षा से ही युवा पेपर लीक होने का आरोप लगा रहे थे परन्तु सरकारी तंत्र इस बात को स्वीकार नहीं कर रहा था। 1500 से अधिक शिकायत साक्ष्यों के साथ अलग-अलग जगहों से भेजी गईं। भारी संख्या में युवाओं का दल लखनऊ में भी धरने पर रहा। अत्यधिक विरोध के पश्चात सरकार ने परीक्षा को रद करने और पुनः परीक्षा कराने की घोषणा की। जिसके पश्चात् अभ्यर्थी उत्साहित भी दिखे, परन्तु यह सोचने और समझने का विषय है की जिस भर्ती में चयन के पश्चात अवसर प्राप्त होता उसी भर्ती को रद कराने के लिए युवाओं को लड़ना पड़ा। क्या यह पूरे प्रदेश के भर्ती प्रणाली पर बड़ा प्रश्न नहीं है? उत्तर प्रदेश में नई भर्ती होने की परीक्षा का पेपर लीक होना अब आम बात बन गया है। इसके पूर्व भी कई बार पेपर लीक हुआ है। सरकार कड़ी कार्यवाही करके या करने का भरोसा देकर अपना पल्ला झाड़ लेती है। यह कितना अनुचित और अव्यवहारिक है कि सरकार अपनी ही गलतियों से नही सीख रही और कड़े प्रबंधन करने में विफल है जिसका खामियाजा लाखों लोगों को उठाना पड़ रहा है। अनेक लोगों का एक साथ सपना टूटना कितना भयावह है इसका अनुभव आर्थिक, सामाजिक, और परिवारिक दबाव झेल रहा बेरोजगार युवा ही समझ सकता है।

अव्यवस्था का आलम अक्सर देखने को मिलता रहता है। दो लाख से अधिक युवाओं का परीक्षा केंद्र लखनऊ बनाया गया था जिससे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सभी जगह अव्यवस्था देखने को मिली। अव्यवस्था का आलम यह था की अधिकांश युवाओं को अगले दिन वापस जाने का इंतेजार करना पड़ा। पिछले वर्ष सरकार ने दो करोड़ लोगों को आगामी वर्षों में रोजगार देने की बात कही थी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक घर में एक सरकारी नौकरी देने की भी बात सामने आई थी। प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की भी सबसे नाजुक नब्ज रोजगार की है जिसके लिए प्रतिदिन धरना प्रदर्शन हो रहा है। यदि उत्तर प्रदेश की बात करें तो कई अलग-अलग भर्तियों के अभ्यर्थी न केवल केस लड़ रहे हैं बल्कि कुछ के पक्ष में न्याय होने के बावजूद रोजगार नहीं प्राप्त कर सकें। निजी क्षेत्रों में अवसर की कमी और नौकरी की असुरक्षा, भुगतान कम होना, और बढ़ती ठेका प्रणाली लोगों को सरकारी नौकरी के प्रति प्रेरित करती है। हाल के वर्षों में आई कोरोना आपदा ने इसमें आग में घी डालने जैसा कार्य किया है। राज्य सरकार को कई अन्य विकल्पों पर विचार करना चाहिए इसके लिए वह ऑनलाइन परीक्षा आयोजित कर सकती है, क्योंकि अधिकांश युवा आज कंप्यूटर के बेसिक ज्ञान से पूर्ण है। प्रश्नों के एक दो नहीं कई सेट तैयार किए जाए और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का प्रयोग कर परीक्षा शुरू होने के कुछ सेकंड पहले प्रश्न पत्र लाइव किए जाए। राज्य सरकार भर्ती बोर्ड के सभी उच्च अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करें जिससे परीक्षा सफलतापूर्वक कराई जा सके। केंद्र सरकार की कई इकाई है जो बिना दाग के वर्षों से सफल परीक्षा करा रही है उनका सहयोग भी लिया जा सकता है। परीक्षा में भागीदारी कम हो और राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए उत्पादन क्षेत्र में कार्यरत कंपनियों को राज्य में अनुदान देकर आमंत्रित किया जाना चाहिए। निजी क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए रोजगार सुरक्षा और योग्यता अनुरूप न्यूनतम भुगतान नियमावली बनाने से सरकार को रोजगार के क्षेत्र में लाभ होगा। कई गंभीर मुद्दों में से रोजगार का मुद्दा अहम् है ऐसे में सरकार प्रत्येक घर के एक सदस्य को रोजगार देकर भी अपना प्रभाव कायम रख सकती है। सरकार यदि समग्र रूप से इस विषय पर नहीं सोचेगी तो आगामी चुनाव में ये युवा कई लोकसभा क्षेत्र में न केवल गणित बिगाड़ सकते है बल्कि एक ऐसी छवि का निर्माण भी कर सकते है जो चल रहे विकास के पहियों को अवरुद्ध कर सकता है।

सोशल फोरम

इतिहास में अफवाह

इतिहास को मिथकों ने ढक लिया है। इतिहास में अफवाहें घूम रही हैं। ये लोगों के विश्वास का अंग बन गई हैं। इतिहासकार भी अतीत के बारे में उतना नहीं जानते, जितना आज आम आदमी दावे के साथ बताता है। इतिहास को विषय बनाकर हाल के कई उपन्यासों ने साहित्य से ज्यादा अफवाहों की सेवा की। इस काम में राजनीति प्रेरित अधपढ़ विद्वानों, मीडिया और तकनीकी क्रांतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। अफवाह के प्रचार में भाषा यथार्थ का साथ छोड़ देती है और पेट्रोल की आग होती है।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इन दिनों कई कवि भी इतिहासकार हैं। उपन्यासकार भी इतिहासकार हैं। फिल्म बनाने वाले तो सबसे बड़े इतिहासकार बने हुए हैं। राजनीतिज्ञ इतिहासकार होते ही हैं। इतिहास कभी इतना असहाय न था। वर्तमान दौर में सबसे विध्वस्त इतिहास है। यह मानव भविष्य पर आक्रमण है!

इसमें कुछ भी आश्चर्य नहीं है, यदि 'एलीट बुद्धिजीवी' और 'लोक' आज विपरीत ध्रुव पर हैं। लोकतंत्र के दुरुपयोग और अति-राजनीतिकरण का इससे भिन्न नतीजा नहीं हो सकता था कि लोग बड़े पैमाने पर 'आधुनिक प्रिमिटिविज्म' के शिकार हों।

समाज में 'संवेदनशीलता का संकट' आज चरम पर है। यह उत्तर-आधुनिक वैचारिक खोखलेपन की देन है। अब वे क्षमतावान हैं जो उदार न होकर पोस्ट माडर्न हैं। सभी रंग के उत्तर-आधुनिक विमर्श, जिनमें नव-धार्मिक विमर्श भी हैं, कट्टर पोस्ट माडर्न हैं। इनमें आधुनिकता के प्रमुख तत्वों- बुद्धिपरकता, समावेशी राष्ट्रीयता, लोकतांत्रिक चेतना और प्रगतिशील सोच का ही विरोध नहीं है, मानवीय मूल्यों से भी किनारकशी है।

दृष्टि में आधुनिक हुए बगैर उत्तर-आधुनिक होने का अर्थ समाज को पुरानी कट्टरताओं के अखाड़े में बदलना है। ऐसी घड़ियों में 'बहुलता' की प्रतिष्ठा न्यायपूर्ण सामंजस्य में न होकर निर्बुद्धिपरक अंतर्शत्रुताओं में होती है और एक सांस्कृतिक गृहयुद्ध की स्थिति आ जाती है, जिसकी कोई भी परिणति हो सकती है।

-फेसबुक वॉल से

महिलाओं को जोड़ने की नई पहल

उत्तर प्रदेश में महिलाओं के वोट का प्रतिशत बढ़ाने के लिए भाजपा की नजर स्वयं सहायता समूहों पर है। इसके लिए एनजीओ के बीच नेटवर्क मजबूत किया जा रहा है। पिछले चुनावो में महिलाओं का भाजपा की ओर बढ़ता रुझान देखकर इन महिलाओं को पार्टी में जोड़ने का कार्य शुरू भी कर दिया गया है।

बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में महिलाओं की जबरदस्त वोटिंग ने राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने में खासी भूमिका निभायी थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में 36 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा को वोट किया था बाकी पार्टियों को 41 प्रतिशत मिला था।



सोनी मिश्रा
कानपुर

महिलाओं के स्वयं सहायता समूह (सेल्फ हेल्प ग्रुप) के माध्यम से लाने का प्रयोग ओडिशा में बीजू जनता दल ने किया है। नतीजतन ओडिशा में पांच बार से नवीन पटनायक सत्ता में हैं। इन समूहों से जुड़ी सभी जातिवर्ग की महिलाओं में भाजपा की तरफ झुकाव भी देखा गया है। एक स्वयं सहायता समूह में न्यूनतम 10 और अधिकतम 20 महिलाएं होती हैं। उत्तर प्रदेश में 80 हजार के करीब ऐसे समूह है, जो महिला सशक्तिकरण का कारगर माध्यम हैं। केंद्र की मोदी सरकार इन्हें प्रोत्साहित करने की ओर पूरी तत्परता से लगी है। महिलाओं के कल्याण के लिए आरक्षण कानून के साथ ही लगभग दो दर्जन योजनाएं प्रभावी तौर पर चलाई जा रही हैं। योजनाओं के ही चलते देश में एक करोड़ लखपति दीदी बन चुकी हैं। सरकार का लक्ष्य इनकी संख्या तीन करोड़ करने का है।

बीते दस साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने नारी सशक्तिकरण को प्राथमिकता पर रखा है। घर, शौचालय, रसोई गैस जैसी योजनाएं तो महिलाओं के जीवन परिवर्तन का कारण हैं। अब उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सरकार ने राष्ट्रीय शहरी व ग्रामीण आजीविका मिशन भी शुरू किया है। सरकार ने सबसे अधिक ध्यान स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाकर उनसे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को जोड़ने पर शुरू किया है। इनमें जुड़ी महिलाओं के चेहरे पर आत्मनिर्भरता का भाव देखा जा सकता है।

अब जरा तुलनात्मक आंकड़ा देखिए। यूपीए सरकार में भी स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने की योजना स्वर्ण जयंती ग्राम योजना के नाम से संचालित थी, लेकिन उसका दायरा सीमित था। यूपीए शासन काल में सिर्फ 2.37 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी थीं, जबकि मोदी सरकार में यह संख्या 10 करोड़ पहुंच चुकी है। तब बैंक लिंकेज मात्र 22.9 हजार करोड़ रुपये का था, जबकि मोदी सरकार ने इसे 8.28 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा दिया गया। मोदी सरकार ने सिर्फ स्वयं सहायता समूहों और उससे जुड़ी महिलाओं की संख्या ही नहीं बढ़ाई, बल्कि आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा भी उन्हें उपलब्ध कराई। 7.4 करोड़ महिलाओं को पीएम सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ा। महिलाओं के सहयोग के लिए बैंकिंग सखी और बीसी सखी बनाई गईं। इससे आर्थिक प्रबंधन के परिणाम भी मिले और स्वयं सहायता समूहों ने भाजपा सरकार के प्रति महिलाओं में भरोसा बढ़ाया है।

अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं से ठगी

पिछले दिनों केंद्र की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने उद्घोष कर दिया है कि 'हम राम को लाए हैं' और प्रधानमंत्री ने श्रीराम की नई मूर्ति की यजमान बनकर प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी है। एतत्पश्चात् भारी संख्या में श्रद्धालु-राम-भक्तों के वहां आने का सिलसिला जारी है। हालांकि त्रेता युग वाले राम के समय वाली सुचारु व्यवस्था इस कलियुग में संभवन नहीं हो पा रही है। तब अपराध मुक्त साम्राज्य था। उस समय "सब मिलि करहिं परस्पर प्रीती'था। मलिनता के नाम पर केवल हवन के धुवें से होने वाली कालिमा ही थी,(मूलन ही की जहां अधोगति केशव गाइय। होम हुताशन धूम नगर एकै मलिनाइय) बाकी सब स्वच्छ ही था। इस समय आने वाले श्रद्धालु साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। आगंतुकों को कहीं न कहीं ठहरना भी होता है। जालसाजों ने फर्ज़ी वेबसाइटें बना रखी हैं और उन पर होटल,धर्मशालाओं के कमरों की बुकिंग हो रही है। श्रद्धालुओं से मोटी रकमें आन लाइन लेकर,उन्हें कमरे बुक कर दिए जाते हैं। अयोध्या पहुंचने पर भक्तगण पाते हैं कि या तो उस नाम का होटल,धर्मशाला वहां है ही नहीं या है तो उनके नाम की कोई बुकिंग उसमें नहीं है। वे मन मसोस कर रह जाते हैं। अब वे पुलिस थानों के चक्कर लगावें या दर्शन,पूजन करें!



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

असली राम के समय भूले भटके यदि कोई अपराध घटित हो जाता था,तो त्वरित दंड व्यवस्था होती थी। चाहे कार्यार्थी कुत्ते को न्याय देना रहा हो या शम्बूक वध। वर्तमान में सरकार डींगें चाहे जितनी मारे, साइबर ठगों से निपटने की उनके तंत्र में यथेष्ठ क्षमता नहीं है। या फिर पुलिस की मिलीभगत रहती है। मैं एक ठोस उदाहरण दे रहा हूं। वह मेरा अपना है। अयोध्या का तो नहीं किंतु अवध क्षेत्रांतर्गत लखनऊका है,जो प्रदेश की राजधानीहै। गत 22 दिसंबर,2022 को मैं एक छोटी साइबर ठगी का शिकार हुआ। पुलिस कमिश्नर को तत्काल ई-मेल किया। उनके आदेश पर नगर के थाना सुशांत गोल्फ सिटी में 2;जनवरी,2023 को मुकदमा दर्ज कर लिया गया। एक वर्ष से ऊपर हो गया है,कोई ठोस कार्यवाही सामने नहीं आई। इसे क्या कहा जाएगा; जब कि मैं स्वयं मजिस्ट्रेट रहा हूं। ऐसे में ऊपर संदर्भित सामान्य श्रद्धालुओं को न्याय मिलना दुष्कर ही प्रतीत हो रहा है।

एक नजर

श्रमिकों को कंबल और छाते बांटे जाएंगे

बागेश्वर : उत्तराखंड भवन व अन्य संनिर्माण कर्मचारी कल्याण बोर्ड बागेश्वर की ओर से आगामी 27 फरवरी व 28 फरवरी को गरुड़ के श्रमिकों को कंबल, छाता आदि वितरित किए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए श्रम परिवर्तन अधिकारी प्रदीप बिष्ट ने बताया कि गरुड़ के पंजीकृत श्रमिकों को 27 एवं 28 फरवरी को विकास खंड परिसर से कंबल व छाता वितरित की जाएगी। उन्होंने श्रमिकों से नवीनीकरण कार्ड अनिवार्य रूप से लाने को कहा है, ताकि योजना का लाभ प्रदान किया जा सके।

कभी धूप तो कभी बादलों ने बिगाड़ा मौसम

बागेश्वर : सोमवार को जनपद में मौसम करवट बदलता रहा, जिससे ठंड महसूस की गई। रविवार की तरह सोमवार को भी कभी बादल तो कभी आसमान साफ होता रहा, जिससे तापमान में कमी आई है। मौसम विभाग के अनुसार 28 फरवरी से मौसम शुष्क रहेगा।

आंगनबाड़ी वर्कर्स ने किया जोरदार प्रदर्शन

नगर में रैली निकाल मांगों पर कार्रवाई की उठाई मांग, शीघ्र कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : अपनी विभिन्न मांगों के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रही आंगनबाड़ी वर्कर्स के सब्र का बांध अब टूटने लगा है। उपेक्षा से नाराज आंगनबाड़ी वर्कर्स ने सोमवार को अल्मोड़ा नगर में रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया और उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई ना होने पर उग्र आंदोलन का अल्टीमेटम भी दिया।

जिले भर की आशा वर्कर्स लंबे समय से मानदेय बढ़ाने और उन्हें राजकीय कर्मचारी का दर्जा दिए जाने समेत अनेक मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रही हैं। लेकिन कई बार के आश्वासनों के बाद भी उनकी मांगों पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। जिससे आंगनबाड़ी वर्कर्स का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। सोमवार को

अपनी मांगों पर कार्रवाई को लेकर अल्मोड़ा में प्रदर्शन करती आंगनबाड़ी वर्कर्स। ● अमृत विचार

जिले भर की आशा वर्कर्स जिला मुख्यालय के चौघानपाटा में एकत्र हुई और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इसके बाद आंगनबाड़ी वर्कर्स ने पूरे नगर में रैली निकालकर सरकार के खिलाफ अपना विरोध व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान संगठन की प्रदेश अध्यक्ष सुशीला खत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी वर्कर्स विभाग द्वारा दी गई सभी जिम्मेदारियों का लंबे समय से पूरी ईमानदारी से निर्वहन कर रही हैं।

कोरोना काल के दौरान भी उन्होंने अपने कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं आने दी और सरकार को पूरा पूरा सहयोग किया। लेकिन आज जब आंगनबाड़ी वर्कर्स अपनी जायज मांगों पर कार्रवाई की मांग कर रही हैं तो सरकार द्वारा उन्हें नजरंदाज किया जा रहा है। जिसे वह किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगी। खत्री ने कहा कि मानदेय और राजकीय कर्मचारी घोषित करने के अलावा उनकी अन्य मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन उग्र आंदोलन की कार्रवाई से भी कोई गुरेज नहीं करेगा।

प्रदर्शन और रैली में सुनीता तिवारी, किरन जोशी, लक्ष्मी रौतेला, कमला लटवाल, गीता जोशी, पुष्पा लखचौरा, धना नगरकोटी, रजनी बगड़वाल, लीला पांडे, पूनम सरगूड़ी, दीपा देवी, ममता नेगी, कमला कार्की, मुन्नी पांडे, हेमा पांडेसमेत अनेक आंगनबाड़ी वर्कर्स मौजूद रही।

घोषणा के बाद भी पूरी नहीं दुग्ध उत्पादकों की मांग

संवददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : मुख्यमंत्री की घोषणा के एक साल बाद भी दुग्ध मूल्य की प्रोत्साहन राशि और सचिवों का मानदेय ना बढ़ाए जाने से दुग्ध उत्पादकों में काफी निराशा है। दुग्ध विकास संगठन ने सीएम धामी को ज्ञापन भेजकर अपनी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

दुग्ध विकास संगठन के सदस्यों ने ज्ञापन में कहा है कि बीते वर्ष देहरादून में दुग्ध विकास संगठन का एक शिष्टमंडल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और दुग्ध विकास मंत्री से मिला था। शिष्टमंडल के सदस्यों ने इस दौरान दुग्ध मूल्य की प्रोत्साहन राशि में वृद्धि करने, सचिवों का मानदेय बढ़ाने और दुग्ध संघ अल्मोड़ा को घाटे से उबारने के लिए आर्थिक सहायता की मांग की थी। जिसके बाद मुख्यमंत्री ने दुग्ध प्रोत्साहन मूल्य की राशि पांच रुपये लीटर किए जाने और सचिवों का मानदेय एक रुपये प्रति लीटर किए जाने की घोषणा की थी। लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी इन मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। इसके अलावा संगठन ने पशु आहार, भूषा ब्रिक ,मिनरल मिक्चर में भी अनुदान में वृद्धि की मांग भी की है।

ज्ञापन में संगठन के सदस्यों ने कहा है कि विगत कुछ वर्षों से अल्मोड़ा दुग्ध संघ में निरंतर घाटे में चल रहा है। जिसे दुग्ध उत्पादकों का भुगतान विलंब से हो रहा है और कर्मचारियों को कई महीनों तक वेतन नहीं मिल पा रहा है। इसलिए घाटे से जूझ रहे दुग्ध संघ अल्मोड़ा को सरकार के माध्यम से अनुदान के रूप में सहायता भी प्रदान की जाएं ताकि दुग्ध संघ के हालात में कुछ सुधार हो सके। ज्ञापन में आनंद सिंह विष्ट, ब्रह्मानंद डालाकोटी, नंदन सिंह नेगी, नीमा बाजनी, हीरालाल, शिवराज आदि ने हस्ताक्षर किए हैं।

पारस्परिक स्थानांतरण सूची की मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

रोष

▸▸ आहरण वितरण अधिकार देने की भी उठाई मांग

अमृत विचार : मुख्य प्रशासनिक अधिकारियों ने सुगम से सुगम पारस्परिक स्थानांतरण सूची शीघ्र जारी करने की मांग की है। साथ ही वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी की सेवा को जोड़ते हुए मुख्य प्रशासनिक अधिकारियों को आहरण वितरण अधिकार दिए जाने तथा राजपत्रित अधिकारी के पद के अनुरूप ही कार्य आवंटन किए जाने की मांग की है।

संगठन की वर्चुअल बैठक में वक्ताओं ने कहा कि किसी भी अधिकारी व कार्मिक के चिकित्सा अवकाश में जाने पर मेडिकल को बिना फिटनेस के इंतजार के बिना स्वीकृति हेतु भेजा जाना चाहिए, शासनादेश में ऐसी व्यवस्था दी गई है। सदस्यों द्वारा विभाग व शासन स्तर पर पैरवी नहीं करने पर पदाधिकारियों के खिलाफ रोष व्यक्त किया। कहा कि शासन द्वारा संगठनों को मान्यता इसी बात के लिए दी जाती है कि वह सदस्यों की बातों व मांगों की पैरवी करें। पूर्व मंडलीय अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार पाठक ने कहा कि वर्तमान पदाधिकारियों को भी मुद्दों की संवेदनशीलता समझनी होगी और तत्काल पैरवी करनी चाहिए। टेचन कुमार प्रजापति ने कहा कि वह 2018 से संघर्षरत हैं और आगे भी मुख्य प्रशासनिक अधिकारियों के लिए संघर्षरत रहेंगे। शशि कुकरेती ने कहा कि मार्च में ऑफलाइन बैठक की भी तैयारी की जाएगी, जिसमें सभी की भागीदारी जरूरी है। बैठक के दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी पुष्कर सिंह भैसोड़ा ने कहा कि सभी लंबित मामलों में शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी टेचन कुमार प्रजापति, धीरेंद्र कुमार पाठक, सुशीला रावत, शशि कुकरेती, गीता जोशी, हर्ष सिंह बिष्ट, देवानंद बडोनी, जेडी आर्य, खीमानंद गहत्याड़ी, मोहन लाल, यूडी चमोली आदि मौजूद रहे।

मूल निवास और भू कानून की मांग हुई तेज

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : प्रदेश में मूल निवास और भू कानून लागू करने की मांग तेज होती जा रही है। इन मांगों को लेकर चौखुटिया संघर्ष समिति ने सरकार की सद्धबुद्धि के लिए हवन यज्ञ किया और सरकार से इस मामले में शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की। समिति के ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व सैनिक भुवन कठायत के आवास पर भू कानून, मूल निवास की मांग को लेकर बैठक की गई ।

इस दौरान संगठन के सदस्य प्रदेश के विभिन्न स्थानों में आयोजित रैलियों में भागीदारी करने के साथ चौखुटिया में आंदोलन को तेज करने के लिए गांव-गांव में जनता को भू कानून की लड़ाई के लिए लामबंद कर रही है। कहा कि पहाड़ का मूल निवासी रोजगार के लिए पलायन कर रहा है और रोजगार बाहरी लोगों को मिल रहा है।

संगठन के सदस्यों ने इस मौके पर इस लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए सभी से एकजुट होने को कहा। बैठक में हीरा देवी, सीता सवत, मंजू रावत, दीपा देवी, नीरुज पेलिया, राधा, लीला रावत, हेमा रावत, तारा देवी आदि मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव का होगा बहिष्कार

संवाददाता रानीखेत

अमृत विचार: छावनी सिविल एरिया को नगर पालिका में सम्मिलित करने के लिए गांधी चौक पर चल रहा धरना प्रदर्शन 349 वें दिन भी जारी रहा। वक्ताओं ने कहा कि अगर लोकसभा चुनाव से पहले नगर पालिका में सम्मिलित नहीं किया गया तो आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। संघर्ष समिति ने नगर क्षेत्र में पोस्टर व पर्चे बांटकर लोगों को जागरूक भी किया। निर्णय लिया गया कि जल्द ही एक आम बैठक के माध्यम से आंदोलन को धार दी जाएगी।

गौरतलब है कि छावनी क्षेत्र के सिविल एरिया को नगर पालिका

कैंट के सिविल क्षेत्र को नगर पालिका बनाए जाने की मांग को लेकर धरना देते प्रदर्शनकारी।

में सम्मिलित किए जाने के लिए 349वें दिन भी गांधी चौक पर धरना प्रदर्शन जारी रहा। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले आंदोलनकारी छावनी क्षेत्र से निजात पाना चाहते हैं। जिसके तहत संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांग जल्द पूरी नहीं की गई तो आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। जिसके तहत आंदोलनकारी नगर क्षेत्र में पंपलेट व पोस्ट के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

धरना प्रदर्शन में चंद्रशेखर गुरुरानी, हरीश मैनाली, दीप भगत, हरीश अग्रवाल, गिरीश भगत, जयंत रौतेला, राजेंद्र अग्रवाल आदि सम्मिलित थे।

दिव्यांगों की दुविधाओं को दूर करेगा सक्षम ईसीआई एप

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : आगामी लोकसभा चुनावों में दिव्यांगजन बिना किसी की मदद लिए मतदान में आने वाली अपनी विभिन्न दुविधाओं को घर बैठे दूर कर सकते हैं। इस सुविधा के मिलने के बाद दिव्यांग जन किसी कमी के कारण मतदान से वंचित नहीं हो सकेंगे। इसके लिए सक्षम ईसीआई एप मोबाइल पर घर बैठे उनकी मदद करेगा।

चुनावों के दौरान अनेक दिव्यांग जन मतदान के लिए जरूरी अर्हताएं पूरी ना करने व मतदान केंद्र तक ना पहुंच पाने के कारण अपने मत का प्रयोग करने से वंचित रह जाते हैं। लेकिन अब दिव्यांग जनों की इन सभी समस्याओं को निर्वाचन विभाग की सक्षम ईसीआई एप दूर कर देगा। यह एप दिव्यांग मतदाताओं को मतदाता बनने के लिए रजिस्टर करने, एपिक कार्ड में सुधार, मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए व्हीलचेयर एवं अन्य सुविधाओं के लिए आवेदन करने, मतदाता सूची में अपना नाम जांचने , पोलिंग बूथ की जानकारी तथा स्वयं को दिव्यांग मतदाता के रूप में चिन्हित किए जाने की सुविधा प्रदान करेगा। इसके अलावा इस एप के माध्यम से निवार्चन विभाग भी दिव्यांग जनों को मतदान की महत्ता बताकर आसानी से मतदान करने के लिए जागरूक कर सकेगा। निर्वाचन विभाग द्वारा इस बार हर बूथ पर शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से इस एप को तैयार किया है।

> दिव्यांग जनों को सुलभ और समावेशी मतदान किए जाने के इस एप के माध्यम से विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस सुविधा का प्रयोग दिव्यांग अपने मोबाइल फोन के प्ले स्टोर पर जाकर सक्षम ईसीआई एप को डाउनलोड कर आसानी से कर सकते हैं।
> **-आराधना त्रिपाठी**, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अल्मोड़ा

जनता दरबार में 8 शिकायतें हुई दर्ज

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार: तहसील सभागार में जिलाधिकारी अनुराधा पाल की अध्यक्षता में सोमवार को जनता दरबार आयोजित हुआ। जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की। जनता दरबार में 8 समस्याएं दर्ज हुईं, जो सड़क, शिक्षा, आवास, स्वास्थ्य आदि को लेकर रहीं।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों से आए फरियादियों की छोटी-छोटी व्यवहारिक समस्याओं का समाधान समय पर कर लिया जाए तथा जिन समस्याओं का समाधान उच्च स्तर या शासन से होना है, उनका निराकरण करना सुनिश्चित करें।

डीएम ने संबंधित अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों का समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए। मंडलसेरा निवासी खिमुली देवी ने आवासीय भवन के पास खतरा बने पेड़ों की टहनियों की लॉपिंग कराने, भूपेंद्र सिंह नगरकोटी ने अपने रिश्तेदार के इलाज के लिए देहरादून भेजे जाने, अनरिया निवासी सोनिया देवी के आवासीय भवन, हाम्टी-कापडी के ग्राम प्रधान सहित अन्य ग्रामीणों की सड़क मार्ग से जोड़ने की मांगों पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने कन्या जूनियर हाईस्कूल बिरूवा बिनौला में शिक्षकों की तैनाती, ग्रामीणों ने नौगांव हरज्यू मंदिर से ग्राम मटियोली तक सड़क मार्ग का निर्माण का अनुरोध किया।

जनता दरबार में जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. देवेश चौहान, उद्यान अधिकारी आरके सिंह, कृषि अधिकारी डॉ. गीतांजलि बंगारी, ईई लोनिवि डीएस कुटियाल, जल संस्थान सीएस देवडी, जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुलेखा बिष्ट, समाज कल्याण अधिकारी हेम तिवारी, तहसीलदार दलीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

चित्रेश्वर में परवान चढ़ने लगा बसंती रंग

बैरती, अल्मोड़ा, अमृत विचार : बसंत पंचमी से शुरू हुई श्रंगार रस प्रधान होली गायन-वादन से चित्रेश्वर में भी बासंती रंग धीरे-धीरे परवान चढ़ रहा है। होली बैठकों के आयोजन में कलाकार शिद्दत से अपने फन का जादू बिखेर रहे हैं। रंगकर्मी ललित त्रिपाठी की अगुवाई में आयोजित होली बैठकों में स्थानीय कलाकारों कैलाश चंद्र पांडेय, हरीश चन्द्र पांडेय, लीलांबर पांडेय, हरनाथ पांडेय, कमल सिंह, महेश चंद्र पांडेय के अलावा हल्द्वानी से गैराड़ के मूल निवासी पंकज पांडेय और बवांस, द्वाराहाट के नंदाबल्लभ मैनाली, संदीप मैनाली एवं कुशाग्र मैनाली की संगत से माहौल बासंती बनने लगा है। देर शाम तक विभिन्न रागों पर आधारित होली गायन- वादन में पान, बैरती, सेलागढी, गैराड़, चितैली, ककनर, उलैनी आदि गांवों के होली कलाकार शिरकत कर रहे हैं।

चित्रेश्वर में होली गायन-वादन करते कलाकार। ● अमृत विचार

वर्ग पहेली-355

बाएं से दाएं

2. सबसे छोटी उंगली, कनिष्ठिका, कनिष्ठा, कानी उंगली।
4.1. राशि, ढेर 2. वह स्थान जहां जलाने की लकड़ी बिकती हो, टाल।
5.1. वह जिसने जंभाई ली हो 2. प्रसारित 3. प्रस्फुटित 4. चेष्टित।
8. सम्मन तामील करने वाला कर्मचारी या चपरासी।

ऊपर से नीचे

1.1. किसी वस्तु, जैसे- कंकड़, धूल आदि का बहुत छोटा टुकड़ा या कण 2. अप्रिय अनुभव, हेठी, अपमान।
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक राज्य।
4.1. किसी के पास जाना, पहुंच 2. प्रवेश।
6.1. घरेलू काम-काज तथा सेवा करने वाली नौकरानी, बाई 2. ग्वालिन नामक पक्षी।
7. यूरोपीय संघ के सत्ताईस में से सोलह राष्ट्रों की आधिकारिक मुद्रा।



वर्ग पहेली - 354 का हल

1 अ	क	थ	■	2 कृ
व	■	3 पै	■	पा
4 डे	ढ़ी	■	5 गं	धा	लु
र	■	■	ब	■
■	6 झिं	गा	र	7 ना
8 पू	■	■	■	जु
ती	■	9 रे	खां	क	न

सुडोकू-72

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			8	7			1	
8	2			1		3		
	4					9		
5		7			3			1
	6		9		7		2	
9			6			4		8
		3		6			5	
		8		9			4	6
	1				2			

सुडोकू - 71 का हल

5	4	1	2	7	6	9	3	8
7	6	9	5	3	8	4	1	2
3	2	8	4	1	9	6	7	5
2	9	7	1	8	5	3	6	4
4	3	5	7	6	2	1	8	9
1	8	6	3	9	2	2	5	7
9	5	3	8	2	1	7	4	6
8	7	2	6	4	3	5	9	1
6	1	4	9	5	7	8	2	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 01.53 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र-हस्त पूर्ण रात्रि तक।

मेष — आज आपको घुटनों में पीड़ा हो सकती है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। जॉब को लेकर कुछ तनाव में रहेंगे। शरीर में आलस्य की अधिकता रहेगी। परिवार में आपका प्रभाव मजबूत होगा। आज आपको सिर्फ अपनी मेहनत पर ध्यान देना चाहिए।

वृष — नए संबंध बनने के योग बन रहे हैं। पुराने मित्रों से कई दिनों बाद मिलाप होगा। बॉस आप पर जिम्मेदारियों का बोझ डाल सकता है। अन्तरंग संबंधों में वृद्धि होगी। प्रेम विवाह के विषय में परिवार से सहमति ले सकते हैं। घर का माहौल शान्त रहेगा।

मिथुन — आज चलते हुए कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। प्रियजनों का व्यवहार आपको व्यथित कर सकता है। दिनचर्या को अनुशासित रखने का प्रयास करें। घर-बाहर तनाव होने की आशंका है। व्यापार में सफलता मिलेगी।

कर्क — आज सरकारी कार्यों में आ रही रुकावट दूर होगी। कार्यक्षेत्र का वातावरण काफी अच्छा रहेगा। विरोधी अपने षड्यंत्र में विफल होंगे। वरिष्ठ अधिकारियों आपकी प्रशंसा करेंगे। आपके नए मित्र बन सकते हैं। मन काफी शांत रहेगा और आपकी ऊर्जा बढ़ेगी।

सिंह — आज परिजनों का व्यवहार अशांत कर सकता है। सहकर्मियों पर विश्वास कम होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मेहनत करने की आवश्यकता है। फार्मा सेक्टर से जुड़े लोगों को धन लाभ मिल सकता है। लोगों से बहुत अपेक्षायें न रखे।

कन्या — आज नया कार्य शुरू करने के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। जॉब में आपको तरक्की मिलने के योग बन रहे हैं। आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा।

तुला — आज अनैतिक कार्यों में सन्लिप्तता नुकसानदेह साबित होगी। दिनभर कोई न कोई परेशानी भरा माहौल रहेगा। अधीनस्थ लोगों का अच्छा खासा समर्थन और सहयोग मिलेगा। दाम्पत्य जीवन में तनाव रहने वाला है। सेहत नरम रहने वाली है।

वृश्चिक — नए व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं। दूसरों की भावनाओं का सम्मान करेंगे। प्रेमी जन को मनाने के लिए कोई उपहार देने का विचार करेंगे। आपका आत्मबल और ऊर्जा स्तर बढ़ेगा। प्रियजनों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे।

धनु — आज घर के माहौल को शांत रखने की कोशिश करेंगे। आज कार्यों में ज्यादा व्यस्तता रहेगी। जीवनसाथी आपसे अतिरिक्त देखभाल की उम्मीद करेगा। भूमि-भवन से जुड़े मामले अटक सकते हैं। करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है।

मकर — आज अपने रुके हुए कार्यों को आसानी से पूरा कर लेंगे। छात्र उच्च शिक्षा के लिए किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं। जॉब इन्टरव्यू में सफलता मिलने की पूरी संभावना है। सामयिक विषयों पर चर्चाओं में शामिल हो सकते हैं।

कुंभ — आज अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। पुराना अनुभव आपके लिए हितकारी होगा। अनावश्यक धन खर्च होने से थोड़े क्रुद्ध हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में तालमेल की कमी रहेगी। कोई मशीन खराब हो सकती है।

मीन — जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। मन में कई दिनों से जो शंका थी उसका आज समाधान हो सकता है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समय का सदुपयोग करें। समस्त योजनाएं सफल होंगी। व्यापार में अपेक्षित प्रगति होगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
जो बोले सो निहाल — सुबह : 09.43
कुली नंबर वन — शाम : 06.57

SONY SMAX
दिल तो बच्चा है — सुबह : 08.00
झूम बराबर झूम — रात : 07.00

Utsav Gold
घराना — दोपहर : 01.30
प्यार के साइड इफेक्ट्स — रात : 07.30

ZEE CINEMA
वटवारा — सुबह : 10.25
क्रांतिवीर — शाम : 04.15

colors CINEPLEX
चलते चलते — सुबह : 08.03
देवदास — शाम : 04.58

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

टीटू- यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है
शीटू- सिरदर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात करो
टीटू- क्यों?
शीटू- तुमने सुना नहीं है, जहर ही जहर को मारता है।

डॉक्टर- आपका लड़का पागल कैसे हो गया?
पिता- वो पहले जनरल बोगी में सफर करता था।
डॉक्टर- तो इससे क्या?
पिता- लोग बोलते थे थोड़ा खिसको, थोड़ा खिसको, तभी से खिसक गया।

धर्म दर्शन

भारत भाव रूप श्रीकृष्ण

श्रीकृष्ण भारत के लोकजीवन में वर्तमान हैं। देश में हजारों-हजारों ही सांस्कृतिक-समूह हैं और वे अपने-अपने भाव के साथ श्रीकृष्ण के पास रहते हैं, उपासना अर्थात् पास बैठना या यों कहें कि श्रीकृष्ण उनके भावों में प्रत्यक्ष ही रहते हैं। भारत में जितनी भी सांस्कृतिक-धाराएं हैं, वे लगभग सभी किसी न किसी रूप में श्रीकृष्ण में समाहित हो गईं हैं और वे सब वर्तमान हैं, किताब की बात नहीं, जीवन की बात है, इसलिए अब किताब का भी क्या काम?



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

चित्रकार इन भाव भावनाओं के आधार पर चित्र बना रहे हैं, मूर्तिकार मूर्तियां गढ़ रहे हैं, गवैए गीत गा रहे हैं, नर्तक नृत्य कर रहे हैं, कवि कविता रच रहे हैं, कथाकार कथा सुना रहे हैं। कीर्तनकार कीर्तन कर रहे हैं। नर नारी भांति-भांति के लोकगीत गा रहे हैं। कोटि कोटि जन कृष्ण भाव को लेकर ब्रज भूमि, द्वारिका, कुरुक्षेत्र आदि की यात्रा करते हैं। कृष्ण चेतना का आंदोलन इस्कॉन तो अब विश्वव्यापी बन चुका है। अमेरिका में वृंदावन की प्रतिष्ठा हो चुकी है। बंगाल की कहावत है धान बिना खेत नहीं, कान्हा बिन गीत नहीं। श्रीकृष्ण हरि भी हैं न, हरिमन्दिर साहब में भी हरि के रूप से विराजमान हैं।

यदुकुलः द्वारकानाथ : वृष्णिवीर देवकीनन्दन, वसुदेवनन्दन, वासुदेव, यदुनन्दन, यदुकुलनन्दन, अन्धक-वृष्णिनाथ, दाशार्हनन्दन, जदुनाथ, जदुराई, यदुवीर, यदुवंश-विवर्धन, यदुसुखावह, यदु-कुलश्रेष्ठ, शौरि, यादवेश्वर, यादवनन्दन। वृष्णिशार्दूल, वृष्णिकुलोद्वह, वृष्णिनन्दन, वृष्णिसत्तम। इस बात के अनेक सन्दर्भ मिलते हैं कि कृष्ण यदुवंशियों के कुलदेवता के रूप में पूज्य थे। वज्रनाभ कृष्ण की वंश-परम्परा में था और उसने कृष्ण की स्मृति में मन्दिरों का निर्माण कराया। पाञ्चरात्र-परंपरा में वृष्णिवीरों की पूजा तथा वृष्णिवीरों का तात्त्विक-विवेचन है।

श्रीकृष्णः महाभारत-संदर्भ महाभारत-संदर्भ से जुड़े हुए कृष्ण के नाम हैं- पार्थसारथि, पार्थमित्र, गीतागायक, द्रौपदी की लाज राखी, साग विदुरघर खाई, पांचौ पंडा छठे नारायन, कौन्तेयप्रियवन्धु, पाण्डुरर्जुन-वल्लभः ।

गोप-संस्कृतिपरक- "आभीरेन्द्रसूनुः। कढ़िगौ अंबीर पै 'अहीर कौं' कढ़ें नहीं। सूरदासजी का एक पद है-हम तौ नन्द-घोष के बासी। नाम गुपाल जाति कुल गोपक, गोप-गुपाल उपासी। गोविन्द और गोपाल नाम बहुत व्यापक हैं तंत्रशास्त्र में गोपालसुंदरी की आराधना है। गोपाल-चूड़ामणि, गो-गोप संघावृत, गोपस्त्री-परिवेष्टितो जैसे नाम गोपाल-सहस्रनाम में हैं। 'आगें गाय पाछें गाय इत गाय उत गाय गोविंद को गायन में बसिबौ ही भावै। 'गोपी ग्वाल गाय गोसुत-हित सात दिवस गिरि लीन्हों।' गाय और गाय की विभूति से संबंधित सभी नाम गोप-संस्कृति के सन्दर्भ-सूत्र हैं, जैसे-नवनीतप्रिय, छाछपिबइया, माखनचोर। 'सोभित कर नवनीत लिये।' गोकुलनाथ, गोकुलचन्द्रमा, गोकुलेश, गोवर्धननाथ, गोलोकनाथ। श्रीकृष्ण को गोविन्द गोपाल नाम ही प्रिय हैं, द्वारकानाथ, त्रिलोकीनाथ नाम उन्हें नीरस प्रतीत होता है -प्यारौ नाम गोबिंद गुपाल कों बिहाय हाय, ठाकुर त्रिलोक के कहाय करि हैं कहा? (रत्नाकर)-संस्कृति लोक-जीवन में प्रवाहित होती है। उपासक-समूह उपास्य-तत्त्व की रचना करता है। इस दृष्टि से गोप, आभीर, गूजर जनजातीय-तत्त्व महत्त्वपूर्ण हैं।

तमिलनाडु में आयर कहलाने वाले ग्वाल लोग मुल्लै वन-प्रान्त में गाय चराते और कण्णन के गीत गाते थे। क्या ये वे ही लोग हैं, जो यादवों के साथ दक्षिण-मथुरा चले गए थे? आगे चलकर हमें यादव-गोप और आभीर जातियां एक-दूसरे में समाहित होती हुई दृष्टिगत होती हैं, जिनका देवता 'गोपाल' है। रांगेयराघव ने आभीरों को गोपालदेवता का उपासक बताया है, जो ई.पू. 1500 में आक्रमण करते हैं। अर्जुन पर आभीरों के आक्रमण का उल्लेख भागवत में भी है। रांगेयराघव के अनुसार ई.पू.800के लगभग 'कृष्ण' आभीर देवता-गोपाल में अन्तर्भुक्त हुए थे। अहीर की छोहरियां छछिया भर छाछ पै नाच नचावें। (रसखान) तथा 'हम तौ निपट अहीर बाबरी जोग दीजिये जानन' (सूरदास)। गोप-संस्कृति के सन्दर्भ में डॉ.चन्द्रभान रावत का यह मत ध्यान देने योग्य है कि -कृष्ण का व्यक्तित्व कुछ दिन के लिए यादवों, वृष्णियों और सात्वतों के हाथ से छूट गया और उसका विकास कुछ ऐसी घूमन्तू पशुपालक-जातियों में हुआ, जो भारत में बहुत पहले ही आ गई थीं, जो बौद्धिक अनुष्ठानों से अधिक महत्त्व अपनी स्वच्छन्द भावात्मक संस्कृति को देती थी, जिनका लोक-साहित्य सरस और प्रेमपरक था। एक गोप के रूप में कृष्ण का विकास हुआ। अपने घूमन्तू-जीवन में कृष्ण ब्रजभूमि में पलती-पनपती अन्य संस्कृतियों के सम्पर्क में भी आए और धीरे-धीरे उन सबका विलयन गोपसंस्कृति में हो गया।

श्रीकृष्णः परब्रह्मः रस

परब्रह्म श्रीकृष्ण के नाम हैं-अव्यय, अधिदेव, अच्युत, अनन्त, अनादि, अखण्ड, अव्यक्त, भूतेश्वर, भूतपति, सनातन, विश्वतोमुखी, आदिकर्ता निर्गुणोनित्यो, आनन्दकन्द सच्चिदानन्द। अप्रकट-परब्रह्म पुरुषोत्तम हैं और प्रकट-परब्रह्म श्रीकृष्ण हैं। ब्रह्म की अवधारणा कृष्ण-अवतार में समाहित होती हैं। श्रीकृष्ण परब्रह्म के पर्याय बन जाते हैं - "परब्रह्म तु कृष्णोहि सच्चिदानंदकं बृहत्।" (वल्लभाचार्य)

कृष्ण में नारायण तथा विष्णु की अन्तर्भुक्ति

भगवान नारायण, जनार्दन, मधुसूदन, मुकुन्द, गरुड़गोविन्द, शेषशायी, मुरारि, केशव, गरुड़ध्वज, माधव, पुरुषोत्तम, श्रीनाथ, दीनानाथ, बैकुण्ठनाथ, पुण्डरीकाक्ष, कमलनाभ, पद्मनाभ, चक्रधर, चक्रपाणि, चक्रगदाधर, शंखचक्र-गदापाणि, गदाधर, उपेन्द्र, दामोदर, श्रीपति, श्रीधर, श्रीनिधि, शार्ङ्गधनुर्धर, शार्ङ्गी, सत्य, सुपर्णकेतु, मधुपति, त्रिविक्रम, जगतपिता, जगदीश, जगद्गुरु, क्षीराब्धिशयन :, पुण्यश्लोक आदि कृष्ण के ऐसे नाम हैं, जो कृष्ण में नारायण तथा विष्णु की अन्तर्भुक्ति के प्रतीक हैं।

भक्ति ही मुक्ति का सर्वश्रेष्ट साधन

रामानुजम् के अनुसार अपने अराध्य अथवा भगवान के दासत्वव की प्राप्ति ही भक्ति है। श्रीहरि विष्णु के लोक वैकुण्ठ में श्री, भू, लीला देवियों के साथ नारायण की सेवा करना ही परम पुरूषार्थ है। मुक्ति की प्राप्ति उपासना (भक्ति या आराधना) से ही होती है। सकर्मक क्रिया या उपासनात्मक भक्ति ही मुक्ति का सर्वश्रेष्ट साधन है। मुक्ति का दूसरा साधन आराध्य के प्रति गहन ध्यान के साथ भगवान के प्रति पूर्ण शरणागति है। नारायण, विभु (सर्वव्यापक) तथा 'भूमा' (ऐश्वर्य)हैं, उनके चरणों में आत्म समर्पण से ही जीव को शांति मिलती है। उनकी प्रसन्नता से ही मुक्ति की प्राप्ति संभव है। अतः सब कुछ त्याग कर उनकी शरण लेनी चाहिए। वैष्णव संप्रदाय के सर्वसम्मानित आचार्य, वेदान्त दर्शन में "विशिष्टा द्वैतवाद" के प्रवर्तक, सगुणों पासक रामानुजम्, छूआछूत और जातिवाद के घोर विरोधी थे। उनके अनुसार "व्यक्ति की पहिचान जाति नहीं, उसके गुणों के आधार पर होनी चाहिए।" शंकराचार्य जी के "ब्रह्मं सत्यं जगन्मिथ्या"(ब्रह्म सत्य है और जगत मिथ्या है) का खंडन करते हुए उनका तर्क था कि यदि ब्रह्म या ईश्वर सत्य है तो उसी की निर्मिति (निर्माण) जगत असत्य कैसे हो सकता है? शंकराचार्यजी के 'मायावाद' का खंडन के उनके प्रमुख तर्क "सप्तानुपत्ति" कहलाते हैं। सगुण ब्रह्म के उपासक आचार्य रामानुज "आत्मा" और "ब्रह्म" में अंतर स्पष्ट करते हुए कहते हैः- (क)=आत्मा अणु है और ब्रह्म विभु (सर्वव्यापक) है। (ख)=ब्रह्म जहां पूर्ण और अनन्त हैं, आत्मा ब्रह्म पर पूरी तरह निर्भर उनका अंश मात्र है। (3)=जैसे अंश, सदैव अंश ही रहता है, कभी पूर्ण नहीं हो सकता है, गुण, गुण ही रहता है कभी द्रव्य नहीं हो सकता है, उसी प्रकार आत्मा भी कभी ब्रह्म या ईश्वर भी नहीं हो सकता है। उनका स्पष्ट मत है कि मोक्ष प्राप्ति के बाद, आत्मा सर्वसत्तात्मक सर्वोच्च परमेश्वर में विलीन न होकर ब्रह्मवत् या ब्रह्म के समान हो जाने पर भी अपना पृथक् अस्तित्व बनाये रखता है।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

तृप्तिदायक हे दिव्य सोम

तृप्तिदायक हे दिव्य सोम! मित्र, वरुण, इन्द्र, अग्नि, बृहस्पति एवं विष्णु आदि देवताओं को संतुष्ट करने के लिए, यज्ञों की निर्विघ्न सफलता एवं उनके विस्तार के लिए हम आपको यज्ञशाला में स्थापित करते हैं। नियम पूर्वक ग्रहण किए गए हे सोमदेव! अपने स्थान से कभी विचलित न होने वाले, स्थिर रहने वालों में अग्रगण्य, आप स्थिर निवास वाले "ध्रुव" नाम से विख्यात हैं। स्थिर चित्त वाले हम याजक, आपको कल्याणकारी देवताओं की संतुष्टि के लिए यज्ञशाला में स्थापित करते हैं। इंद्रदेव शत्रुओं का विनाश करते हुए हमारी संतानों को सद्बुद्धि प्रदान करें।

हे पात्र! आप दिव्य प्रकाश को धारण करने वाले वर्चस्वी हैं। हमारे प्राण वायु, उदान वायु एवं व्यान वायु को तेज प्रदान करें। आप हमारे मन, वाणी एवं कर्म में तेजस्विता की स्थापना करें। हमारे नेत्रों एवं कर्ण इंद्रियों को दिव्य शक्ति से संपन्न बनाएं। हे तेजस्विता प्रदान करने वाले! हमारी आत्मा में वर्चस् जागृत करें, हमारे ओज में वर्चस् जागृत करें, हमारे आयुष्य में वर्चस् जागृत करें। पृथ्वी के समस्त प्राणियों एवं प्रजाओं को तेज प्रदान करने की कृपा करें। साधकगण अपनी रक्षा के निमित्त, दिव्यशक्ति से संपन्न, ऐश्वर्य एवं पराक्रम प्रदान करने वाले, जल की वर्षा करने वाले इंद्रदेव का मरुदगणों के साथ आवाहन करते हैं।

हे ग्रहों (पात्रों) आपको मरुदगणों सहित इंद्रदेव की तृप्ति के लिए नियमानुसार ग्रहण किया गया है। यह आपका मूल स्थान है। मरुतों को बल एवं प्रसन्नता प्रदान करने के लिए आपको यहां स्थापित करते हैं। हे मरुत् वान इंद्रदेव! अपनी प्रसन्नता के लिए आप तृप्तिदायक सोम का पान करें और दुराचारियों से युद्ध करें। इस पोषक मधुर सोमरस को पेट भरकर पिएं। अद्वितीय शौर्यवान्, यज्ञों का विस्तार करने वाले हे इंद्र! प्रजा की मनोकामनाएं पूर्ण करने वाले राजा की भांति, आप याजकों को ऐश्वर्य प्रदान कर, उनकी इच्छाएं पूर्ण करें। याजकों द्वारा सम्मानित हे इंद्र! आप उन्हें बलवान बनाएं। हे ग्रह (पात्र) नियमपूर्वक ग्रहण किए गए आपको महान इंद्रदेव की तृप्ति तथा प्रसन्नता के लिए नियुक्त करते हैं। यही आपका स्थान है।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

प्रेमपंथ ऐसो कठिन

रवींद्रनाथ के एक उपन्यास में एक युवती अपने प्रेमी से कहती है कि मैं विवाह करने को तो राजी हूं, लेकिन तुम झील के उस तरफ रहोगे और मैं झील के इस तरफ। प्रेमी की बात समझ के बाहर है। वह कहता हैः तू पागल हो गई है? प्रेम करने के बाद लोग एक ही घर में रहते हैं। उसने कहा कि प्रेम करने के पहले भला एक घर में रहें, प्रेम करने के बाद एक घर में रहना ठीक नहीं, खतरे से खाली नहीं। एक-दूसरे के आकाश में बाधाएं पड़नी शुरू हो जाती हैं। मैं झील के उस पार, तुम झील के इस पार। यह शर्त है तो विवाह होगा। हां, कभी तुम निमंत्रण भेज देना तो मैं आऊंगी। या मैं निमंत्रण भेजूंगी तो तुम आना। या कभी झील पर नौका-विहार करते अचानक मिलना हो जाएगा। या झील के पास खड़े वृक्षों के पास सुबह के भ्रमण के लिए निकले हुए अचानक हम मिल जाएंगे, चौंक कर, तो प्रीतिकर होगा। लेकिन गुलामी नहीं होगी। तुम्हारे बिना बुलाए मैं न आऊंगी, मेरे बिना बुलाए तुम न आना। तुम आना चाहो तो ही आना, मेरे बुलाने से मत आना। मैं आना चाहूं तो ही आऊंगी, तुम्हारे बुलाने भर से न आऊंगी।

इतनी स्वतंत्रता हमारे बीच रहे, तो स्वतंत्रता के इस आकाश में ही प्रेम का फूल खिल सकता है। एक तो साधारण प्रेम है जिसको तुम जानते हो। इस प्रेम ने तुम्हारे जीवन को नरक बना दिया है। इस प्रेम की बात नहीं कर रहा प्रेम-पंथ ऐसो कठिन! यह तो कठिन है ही नहीं। यह तो बड़ा सरल है। दुनिया में सभी इसको सम्हाल लेते हैं। इसमें कठिनाई क्या होगी? हर घर में चल रहा है, हर परिवार में चल रहा है, हर व्यक्ति में चल रहा है। यह तो बड़ा सरल है। इससे ऊंचा एक प्रेम होता है। उसको प्रेम में गिरना नहीं कह सकते। उसको हम कहेंगेः प्रेम में होना, बीइंग इन लव। वह बड़ी और बात है। उसका स्वभाव मैत्री का है। खलील जिब्रान ने ठीक कहा है कि सच्चे प्रेमी मंदिर के दो स्तंभों की भांति होते हैं। बहुत पास भी नहीं, क्योंकि बहुत पास हों तो मंदिर गिर जाए। बहुत दूर भी नहीं, क्योंकि बहुत दूर हों तो भी मंदिर गिर जाए।...देखते हो ये स्तंभ, जिन्होंने च्वांग्त्सु-मंडप को सम्हाला हुआ है? ये बहुत पास भी नहीं हैं, बहुत दूर भी नहीं हैं। थोड़ी दूरी, थोड़े पास। तो ही छप्पर सम्हला रह सकता है। एकदम पास आ जाएं तो छप्पर गिर जाए; बहुत दूर हो जाएं तो छप्पर गिर जाए। एक संतुलन चाहिए। असली प्रेमी न तो एक-दूसरे के बहुत पास होते हैं, न बहुत दूर होते हैं। थोड़ा सा फासला रखते हैं, ताकि एक-दूसरे की स्वतंत्रता जीवित रहे। ताकि एक-दूसरे की स्वतंत्रता में व्याघात न हो, अतिक्रमण न हो। ताकि एक-दूसरे की सीमा में अकारण हस्तक्षेप न हो। प्रेम में होने का अर्थ होता हैः हम पास भी होंगे इतने कि हमें एक-दूसरे से कोई भय का कारण नहीं, और हम इतने दूर भी होंगे कि हम एक-दूसरे को रौंद भी न डालेंगे, हमारे बीच आकाश होगा। और तुम्हारा निमंत्रण होगा तो मैं आऊंगा, और मेरा निमंत्रण होगा तो तुम मेरे भीतर आओगे। मगर निमंत्रण पर। यह हक न होगा, अधिकार न होगा।

-ओशो

कुमाऊं

प्रधानमंत्री ने टनकपुर रेलवे स्टेशन में योजना का वर्चुअली किया शिलान्यास

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अमृत भारत योजना के तहत 2000 रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट देश को समर्पित किए। इनमें 554 रेलवे स्टेशन का रेट डेवलपमेंट शामिल है। टनकपुर के रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सांसद अजय टम्टा ने प्रतिभाग किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश की बहुत सारी रेल परियोजना का शिलान्यास किया है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भारतीय रेल के प्रोजेक्ट में स्टेशन पर रूफटॉप प्लाजा और सिटी सेंटर विकसित करके सुविधाओं में सुधार करना शामिल है। 27 राज्यों और केंद्र शासित देश के अमृत भारतीय स्टेशन में 41हजार करोड़ रुपये से ज्यादा लागत के काम होंगे। इसके अलावा 24 राज्यों में लगभग 1500 रोड ओवर ब्रिज और अंडर ब्रिज की आधारशिला भी रखेंगे।

टनकपुर रेलवे स्टेशन में योजना का शिलान्यास करते सांसद अजय टम्टा। ● अमृत विचार

सांसद अजय टम्टा ने कहा कि टनकपुर रेलवे स्टेशन को बेहतर बनाने में काफी मेहनत की गई है। आज इसका लोकार्पण हो रहा है। सांसद टम्टा ने सभी अधिकारियों, इंजीनियरों और श्रमिकों को इसके लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि टनकपुर स्टेशन से सुपरफास्ट वंदे भारत ट्रेन भी जल्द शुरू होने वाली है। साथ ही, टनकपुर से संचालित एक्सप्रेस ट्रेन 2 मिनट बनबसा स्टेशन पर रोकने के लिए अधिकारियों से बात की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने नौ रत्नों में बागेश्वर से टनकपुर तक रेल लाइन बनाने का भी जिक्र किया है।

समारोह में मुख्यमंत्री प्रतिनिधि दीपक रजवार, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, शिवराज सिंह कठायत, रोहिताश अग्रवाल, हेमा जोशी, विपिन कुमार, हर्षवर्धन सिंह रावत, निर्मल माहरा, तुलसी कुंवर, पूरन मेहरा, लक्ष्मण पाटनी, शंकर पांडे, संजय जोशी, रुचि धसमाना, अमजद हुसैन, सुभाष थपलियाल, कलावती कापड़ी, किरन देवी, किरन गहतोडी, निकुंज सक्सेना, आशीष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

स्थापना दिवस पर किया टाईगर ग्रुप ने रक्तदान

अल्मोड़ा, अमृत विचार: एसएसजे के छात्र संगठन टाईगर ग्रुप के सदस्यों ने सोमवार को संगठन के स्थापना दिवस के मौके पर जिला अस्पताल में रक्तदान किया। संगठन के संस्थापक आशीष जोशी ने बताया कि संगठन को एक वर्ष पूर्ण होने पर सोमवार को संगठन के पचास से अधिक छात्र-छात्राएं जिला अस्पताल पहुंचे और रक्तदान किया। जोशी ने कहा कि रक्तदान महादान है और रक्तदान से किसी भी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। इसलिए समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

छात्र संघ अध्यक्ष राहुल सिंह धामी ने कहा कि रक्तदान करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। रक्तदान शिविर में सविता मावड़ी, प्रिया, संजना राठौर, प्रियांशी, आनंद भोज, राजकमल जोशी, वीरेंद्र जोशी, अक्षित पांडे, हर्षवर्धन, नेहा, भानु प्रताप, पंकज, हिमांशु, जयप्रकाश, मनोज, आशीष, संतोष, सचिन, मोहित, मयूरेश, निखिल, सौरभ, संगीता, निशा, सीता, कविता, खुशी आदि छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

अल्मोड़ा-ताकुला सड़क हादसे के मृतक युवक की हुई शिनाख्त

फॉलोअप

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : रविवार की देर शाम अल्मोड़ा ताकुला मोटर मार्ग पर हुए कैंटर और स्कूटी भिड़ंत के दौरान मृतक किशोर की शिनाख्त हो गई है। सूचना मिलने के बाद देर रात मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे। मृतक की पहचान सतीश कुमार पुत्र जगदीश लाल, निवासी ग्राम घनेली, हवालबाग के रूप में हुई है। जबकि हादसे में घायल दूसरा युवक खत्याड़ी के पहल गांव का धीरज सिंह पुत्र देवेंद्र सिंह है।

रविवार देर शाम अल्मोड़ा ताकुला हाइवे में घनेली के पास एक कैंटर व स्कूटी की जोरदार टक्कर हो गई थी। हादसे में स्कूटी सवार दो युवक घायल हो गए। स्थानीय लोग घायल दोनों युवकों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां सतीश कुमार को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में घायल धीरज को कुछ चोट आई थी। जिसका चिकित्सकों द्वारा उपचार किया गया। लेकिन उपचार के बाद घायल युवक अस्पताल से गायब हो गया। डॉक्टर व स्टाफ ने अस्पताल व आस-पास घायल को ढूंढा लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। देर रात तक पुलिस व अस्पताल प्रशासन को मृतक व घायल की पहचान नहीं हो पाई थी। जिसके बाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया था। देर रात कुछ लोग अस्पताल पहुंचे। जिन्हें मोर्चरी में रखा शव दिखाया गया। जिसके बाद मृतक की पहचान हो पाई। मृतक की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने पंचनामे की कार्रवाई कर सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। सोमेश्वर थाना प्रभारी कश्मीर सिंह ने बताया कि घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक कैंटर चालक मौके से फरार हो गया था। उन्होंने बताया कि वाहन को कब्जे में लेकर अज्ञात चालक की तलाश में जगह-जगह दबिश दी जा रही है।

ग्यारहवीं कक्षा का छात्र था मृतक सतीश

अल्मोड़ा : रविवार की देर शाम घनेली के पास हुए सड़क हादसे में मृतक सतीश महज सत्रह साल का था और ग्यारहवीं कक्षा का छात्र भी था। घर के खर्चों मे हाथ बंटाने के लिए वह कसारदेवी के एक होटल में काम भी करता था। रविवार की शाम वह पहल निवासी धीरज से लिफ्ट लेकर अपने घर की ओर जा रहा था कि रास्ते में यह हादसा हो गया। जिसमें सतीश की आकस्मिक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि धीरज का एक बड़ा भाई और बहन है। तीनों अभी शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। अचानक हुए इस हादसे ने पूरे परिवार का ताना-बाना बिखेर कर रख दिया है। हादसे के बाद परिजनों समेत पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है।

रैलाकोट में तेंदुए का शव मिलने से हड़कंप

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिला मुख्यालय से लगे हवालबाग विकास खंड के रैलाकोट के एक नाप खेत में एक तेंदुए का शव बरामद हुआ। खेत में तेंदुए का शव दिखने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। आनन फानन में इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी गई। मौके पर पहुंचे वन कर्मी तेंदुए के शव को रेस्क्यू कर वन्य जीव अभ्यारण ले गए। जहां पोस्टमार्टम के बाद जलाकर शव को नष्ट कर दिया गया।

बीते दिवस गांव के कुछ लोग आम रास्ते से होकर गुजर रहे थे। तभी उन्होंने एक खेत में एक तेंदुए को पड़ा हुआ देखा। जिसे देखकर उनके होश फाख्ता हो गए। लोगों के शोर मचाने के बाद वहां गांव के अन्य लोग भी एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी जानकारी जिला मुख्यालय के वन विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना मिलने के बाद रेंजर मोहन राम अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तेंदुए का रेस्क्यू कर उसे वन्य जीव अभ्यारण पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने तेंदुए की मृत्यु होने की पुष्टि की। कार्रवाई के बाद तेंदुए के शव का पोस्टमार्टम किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि मृत तेंदुआ नर है, जिसकी उम्र करीब दस साल होगी। तेंदुए के शरीर में चोट के कोई निशान नहीं पाए गए। इसलिए आपसी संघर्ष की आशंका को नकार दिया। चिकित्सकों का मानना है कि अत्यधिक ठंड के कारण इस तेंदुए की मौत हुई होगी। पोस्टमार्टम के बाद वन विभाग के अधिकारियों ने तेंदुए के शव का जलाकर नष्ट कर दिया है।

सभी पात्रों को दिलाएं योजना का लाभ

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने पीएम स्वनिधि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र तक पहुंचाने की बात कही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस योजना के लिए पात्र सभी वेंडर्स को चिन्हित किया जाए और उन तक योजना का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

सोमवार को विकास भवन अल्मोड़ा में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में पीएम स्वनिधि योजना की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पालिका के अधिशासी अधिकारी भरत कुमार त्रिपाठी ने भारत सरकार की इस योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि नगरीय क्षेत्रों में स्ट्रीट वेंडर्स को भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किए जाने के लिए यह योजना बनाई गई है। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित किए जाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को चिन्हित कर पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। कहा कि नगरीय क्षेत्रों में सभी वेंडर्स की प्रोफाइलिंग करें तथा यह देखें कि उक्त योजना से कोई वेंडर वंचित तो नहीं है। यदि वेंडर उक्त योजना से वंचित है, तो उसका डाटा पीएम स्वनिधि पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत जननी सुरक्षा योजना, मातृ वंदन योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना, वन नेशन वन राशन, पीएम श्रम योगी मानधन योजना, जनधन योजना से पात्रों को लाभान्वित किया जाना है। भरत त्रिपाठी ने बताया कि अल्मोड़ा के कुल 152 स्ट्रीट वेंडर्स एवं उनके परिवारों को उक्त योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है।

अल्मोड़ा में अधिकारियों की बैठक में सीडीओ आकांक्षा कोंडे। ● अमृत विचार

चुनाव के लिए कड़ी मेहनत करें कार्यकर्ता

चम्पावत, अमृत विचार : सीमांत मंच में भाजपा मंडल की बैठक में आगामी लोकसभा चुनावों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने और घर-घर जाकर मतदाताओं को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देने और पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया।

चंपावत मंडल अध्यक्ष कैलाश सिंह बोहरा ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह तैयार है। सीमांत क्षेत्र की जनता भाजपा के साथ खड़ी है। मतदाता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करवाने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर देवेन्द्र जोशी, मनोज जोशी, रोशनी, मनोज राम, अनिल सिंह आदि मौजूद रहे।

कुमाऊंनी भाषा के उत्थान के लिए शोध की जरूरत

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : नगर के पालिका सभागार में कुमाऊंनी भाषा पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने कुमाऊंनी भाषा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की और इसके उत्थान के लिए शोध कार्यों की वकालत की। गोष्ठी के दौरान एक कुमाऊंनी शोध ग्रंथ का विमोचन भी किया गया।

कुमाऊंनी मासिक पत्रिका पहरू के तत्वावधान में आयोजित इस गोष्ठी का शुभारंभ विवेकानंद इंटर कालेज के छात्रों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत गाकर किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कुमाऊंनी भाषा के उत्थान के लिए समवेत प्रयासों और शोध कार्यों की वकालत की। कहा कि अगर भाषा का संरक्षण नहीं किया तो हम इसे अपनी भावी पीढ़ी को समृद्ध रूप से सौंपने में नाकाम साबित होंगे। कार्यक्रम में राजकीय इंटर कॉलेज चौखुटिया में कार्यरत शिक्षक डा. प्रवेश जोशी के कुमाऊं विश्वविद्यालय से किए गए शोध ग्रंथ कुमाऊंनी परिनिष्ठित पद्य साहित्य में प्रकृति चित्रण का विमोचन किया गया। इस मौके पर त्रिभुवन गिरि, नीरज पंत, डा. हयात सिंह रावत, प्रो. देव सिंह पोखरिया, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, डा. जेसी दुर्गापाल, खीम सिंह रावत, महेंद्र, शशि शेखर जोशी, डा. रमेश पांडे, नीलम नेगी, रूप बिष्ट, ललित तुलेरा, कमला, नारायण राम, विपिन, ऋतुराज जोशी, गोपाल चम्याल, केबी पांडेय, डा. धाराबल्लभ पांडे, तारा बिष्ट, कैलाश चंद्र बिनवाल आदि लोग मौजूद रहे।

एक नजर

बिलों पर करें प्रचार सामग्री प्रकाशित कर जागरूक

देहरादून : मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीवीआरसी पुरुषोत्तम ने सोमवार को सचिवालय में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष व नोडल अधिकारी एवं सभी जिलों के निर्वाचन अधिकारियों के साथ आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक की।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने समस्त विभागों को निर्वाचन की तैयारी एवं शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को हासिल करने के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को अपने-अपने जनपदों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रचार प्रचार अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चुनावी ड्यूटी पर लगे समस्त कार्मिकों और उनके परिजनों से शत प्रतिशत मतदान कराकर ये जाने से लक्ष्य हासिल किया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदान स्थलों दिव्यांगजनों के लिए व्हीलचेयर, डोली एवं स्वयंसेवकों की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों में 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को बूथ तक लाने के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि बिजली एवं पानी के बिलों में प्रचार-प्रसार के लिए चुनावी थीम और लोगों का उपयोग किया जाए।

पहली बार सैन्य कल्याण विभाग में दो महिला अधिकारियों का हुआ चयन

शहीद की पत्नी सहित एक अन्य महिला सैन्य अधिकारी बनेगी सैनिक कल्याण अधिकारी

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : सैनिक कल्याण विभाग में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के पद पर 6 नए सेवानिवृत सैन्य अधिकारियों को चयनित कर उन्हें निदेशालय और विभिन्न जनपदों में तैनाती दी गयी है। विभाग में पहली बार दो महिला सैन्य अधिकारियों का चयन हुआ है, जिसमें एक महिला सैन्य अधिकारी विंग कमांडर डॉ. सरिता पंवार और दूसरी अमर शहीद स्क्वाड्रन लीडर महेंद्र सिंह पंवार की पत्नी हैं।

सोमवार को सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी के अनुमोदन के बाद विभाग के सचिव दीपेंद्र चौधरी की ओर से जारी आदेशानुसार विंग कमांडर निधि बधानी को निदेशालय में उप निदेशक पर पदस्थापित किया गया और विंग कमांडर सरिता पंवार को हरिद्वार, कर्नल उमेद सिंह को चंपावत, कर्नल जयेश बड़ोला को उत्तरकाशी, कर्नल करम सिंह बिष्ट को पिथौरागढ़ और कर्नल रमेश सिंह को नैनीताल का नया सैनिक कल्याण अधिकारी नियुक्त किया है। कर्नल चंद्र बहादुर पुन को पिथौरागढ़ से उधम सिंह नगर, कर्नल सुबोध कुमार शुक्ला को नैनीताल से चमोली और मेजर करन सिंह को हरिद्वार से पौड़ी में स्थानांतरित किया गया है। बता दें कि सैनिक कल्याण सचिव की अध्यक्षता वाली चयन समिति में रक्षा मंत्रालय और केंद्रीय सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारियों ने साक्षात्कार के माध्यम से सभी 6 सैनिक कल्याण अधिकारियों को नियुक्ति प्रदान की है।

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने चयनित अधिकारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में सैनिक कल्याण विभाग का यह कदम सराहनीय है। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में शहीद सम्मान यात्रा और शहीदों के आंगन की मिट्टी और उत्तराखंड की प्रमुख 28 पवित्र नदियों का जल अमर जवान ज्योति के मुख्य स्तंभ की आधारशिला में अर्पित किया गया। शहीद सैनिक के परिवार के एक सदस्य को रोजगार की दिशा में अब तक 26 आश्रितों को सेवायोजित किया जा चुका है।

गौरा देवी सम्मान से सम्मानित हैं सरिता

विंग कमांडर डॉ. सरिता पंवार स्क्वाड्रन लीडर महेंद्र सिंह पंवार की पत्नी हैं, जो कि भारतीय वायु सेना की 118 हैलीकॉप्टर यूनिट में पायलट थे। 23 वर्ष पूर्व अरुणांचल प्रदेश में सेवा के दौरान एक हैलीकॉप्टर दुर्घटना में महेंद्र सिंह की मृत्यु हो गयी थी। डॉ. सरिता पंवार को साल 2016 में चिकित्सीय सेवाओं के लिए गौरा देवी सम्मान से भी सम्मानित किया गया है।

निधी ने वायु सेना में दीं 15 वर्ष तक सेवाएं

विंग कमाडर निधी बधानी ले. कर्नल अतुल देवली की पत्नी हैं, जो वर्तमान में सेवारत हैं। निधी बधानी जून 2006 में भारतीय वायु सेना में शामिल हुई थीं और जून 2021 को सेवानिवृत हुईं। उन्होंने भारतीय वायु सेना में 15 वर्ष तक सेवाएं दीं। उन्हें साल 2019 में एओसी-इन-सी प्रशंसा पत्र से भी सम्मानित किया गया है।

स्कूल में दाखिला नहीं दिया तो खैर नहीं: रतूड़ी

देहरादून, अमृत विचार : किसी भी कारण से सरकारी स्कूल में दाखिले से मना किया तो खैर नहीं। मना करने वाले प्रधानाचार्य या शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दस्तावेजों के अभाव में कोई भी सरकारी स्कूल किसी भी जरूरतमंद बच्चे को मना नही कर सकता है।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अपर सचिव शिक्षा रंजना राजगुरू को तत्काल प्रभाव से इस सम्बन्ध में सभी सरकारी स्कूलों को आदेश जारी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव सचिवालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की राज्य स्तरीय मूल्यांकन अनुश्रवण समिति की बैठक की समीक्षा कर रही थी।

देहरादून के आईएसबीटी क्षेत्र में भिक्षावृति को खत्म करने तथा उनके पुर्नवास हेतु एक पायलट प्रोजेक्ट पर तत्काल कार्य आरम्भ करने के भी निर्देश दिए। बैठक में राज्य में कुछ अनाथ, गरीब, भिक्षावृति में लिप्त, जरूरतमंद एवं प्रवासी मजदूरों के बच्चों को जरूरी दस्तावेज जैसे आधार, राशन कार्ड आदि के न होने के कारण स्कूलों द्वारा दाखिला न दिए जाने के मामले संज्ञान में आए।

मंत्री ने गुलदार को नरभक्षी घोषित करने के दिए निर्देश

किमाड़ी गुर्जर बस्ती में पीड़ित परिजनों से मुलाकात करते कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी।

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: मसूरी में लोगों को अपना निवाला बनाने व घायल करने वाले गुलदार को कृषि मंत्री गणेश जोशी ने नरभक्षी घोषित करने के लिए वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

काबीना मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को मालसी रेंज के गल्जवाडी बीट के मराड़ी तोक गुर्जर बस्ती में पहुंचकर पीड़ित परिवारजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया व शोक संवेदना प्रकट की और सरकार की तरफ से हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। मंत्री गणेश जोशी ने वन विभाग के अधिकारियों को शीघ्र पीड़ित परिवार जनों को तत्कालिक मुआवजा राशि देने के भी निर्देश दिए।

मंत्री गणेश जोशी ने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आतंक का पर्याय बने गुलदार को नरभक्षी घोषित करने के वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। गणेश जोशी ने कहा कि इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री से वार्ता की थी। उन्होंने बताया कि मसूरी विधानसभा में गुलदार के हमले में यह तीसरी घटना है।

डॉ. ममता पंत को मिला भारत नेपाल साहित्य रत्न अवार्ड

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : सोबन सिंह जीना विवि की प्राध्यापक डॉ. ममता पंत को अंतर्राष्ट्रीय भारत नेपाल साहित्य रत्न अवार्ड से नवाजा गया है। उन्हें यह पुरस्कार नेपाल भारत साहित्य महोत्सव में दिया गया।

बीते 22 से 24 फरवरी को नेपाल के पोखरा शहर में त्रिभुवन विश्वविद्यालय में नेपाल भारत साहित्य महोत्सव के पांचवें संस्करण पर आयोजित कार्यक्रम हुआ, जिसमें सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय परिसर अल्मोड़ा में कार्यरत डॉ. ममता पंत ने मुख्य वक्ता के रूप में कुमाऊंनी लोक साहित्य में नारी विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया तथा नेपाली तथा भारतीय साहित्य में नारी हस्ताक्षर विषय पर आयोजित परिचर्चा सत्र में प्रतिभाग किया। उनके उत्कृष्ट शोध और रचना कर्म के लिए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय भारत नेपाल साहित्य रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इस दौरान भारतीय दूतावास काठमांडू के अधिकारी, गंडकी प्रतिष्ठान के कुलपति डॉ. सूर्य खड़का बिखर्ची, पोखर प्रतिष्ठान के कुलपति डॉ. पद्मराज ढकाल, बर्दघाट प्रतिष्ठान के कुलपति डॉ. घनश्याम न्यौपाने परिश्रमी, महोत्सव के नेपाल संयोजक ज्योतिष शिरोमणि, भारतीय पत्रकारिता विभाग के प्रो. एसएस डोगरा आदि रहे। डॉ. पंत की इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. सतपाल बिष्ट आदि ने शुभकामनाएं दीं।

नेपाल में डा. ममता पंत को भारत नेपाल साहित्य रत्न अवार्ड प्रदान करते अतिथि।

भूमि संबंधित मामलों में हुई अधिक जनसुनवाई

देहरादून, अमृत विचार : सीडीओ झरना कमठान की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई हुई। डीएम सोनिका के निर्देश पर हुई जनसुनवाई में 97 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें अधिकतर शिकायतें भूमि से संबंधित थीं। इसके साथ आपसी विवाद, समाज कल्याण, एनएच, जल निगम, एमडीडीए, पुलिस, नगर निगम, उरेडा, पशुपालन आदि विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं।

जनसुनवाई में धनेश चंद्र भट्ट निवासी अशोक विहार की दुकान ब्रिकी में हुए फर्जीवाड़े, जीवनगढ़ निवासी महिला की जमीन धोखे से बेचने आदि शिकायतों पर सीडीओ ने अधिकारियों को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी रामजीशरण शर्मा, अपर मुख्य नगर अधिकारी बीर सिंह बुदियाल, सुनील कुमार, बीसी नेगी, विवेकशाह आदि उपस्थित रहे।

विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू हो गया। सत्र एक मार्च तक चलेगा। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद विधानसभा कि कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित हो गई।

विधानसभा का बजट सत्र सोमवार को सुबह 11 बजे से प्रारम्भ हुआ। इसके बाद राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) के अभिभाषण के साथ बजट सत्र की विधिवत शुरुआत हुई। राज्यपाल के अभिभाषण में सरकार के वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ व सशक्त राज्य बनाने का रोडमैप दिखा।

इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प में विकसित उत्तराखंड परिकल्पना नहीं विश्वास है। प्रदेश की तरक्की में अहम योगदान देने वालों का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि विगत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कई उपलब्धि हासिल हुई है। हमारा प्रदेश सर्वश्रेष्ठ राज्यों की श्रेणी में खड़ा होगा। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की कड़ी में सशक्त उत्तराखंड @ 2025 से कई आयाम हासिल किए गए। वहीं, सत्र की कार्रवाई को 27 फरवरी सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

प्रदेश सरकार 27 फरवरी को बजट पेश करेगी। बजट 27 को सदन में लाया जाएगा। 28 को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव लाया जाएगा। 29 को विभागवार अनुदान मांगों पर चर्चा होगी, जबकि एक मार्च को बजट पारित किया जाएगा। सरकार की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 90 हजार करोड़ रुपये का अनुमानित बजट लाने की संभावना है। बजट सत्र के लिए विधायकों की ओर से 300 से अधिक प्रश्न मिले हैं।

बीएससी गृह विज्ञान की छात्रा अंशिका को सम्मानित करते राज्यपाल। ● अमृत विचार

दीक्षांत समारोह में मिला अंशिका को स्वर्ण पदक

देहरादून, अमृत विचार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मालदेवता रायपुर की बीएससी गृह विज्ञान की छात्रा अंशिका को स्नातक स्तर में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने के लिए स्वर्ण पदक पुरस्कार दिया गया है। पिछले दिनों श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने उन्हें स्वर्ण पदक पुरस्कार प्रदान किया। बीएससी गृह विज्ञान की संकायाध्यक्ष डॉ. डिंपल भट्ट ने कहा कि संकाय और सभी छात्र-छात्राओं के लिए यह गौरव का विषय है और अंशिका सबके लिए एक प्रेरणास्रोत बनेगी। प्राध्यापिका पूजा रानी ने अंशिका की उपलब्धि को गौरवान्वित होने वाला पल बताया।

उत्तर प्रदेश

सार-संक्षेप

रामलला को समर्पित हुआ 13.5 किलो चांदी से बना दीपक

अयोध्या : राम मंदिर में विराजमान रामलला के गर्भगृह में अखंड ज्योति के लिए मुंबई के उद्योगपति नागेंद्र आचार्य और अरुणा आचार्य ने चांदी से बने दो विशाल दीपक श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित किया है। 13 .50 किलो वजनी दीपक की ऊंचाई 3 .30 फीट है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से 48 दिवसीय मंडपोत्सव के अनुष्ठान में रविवार को मुंबई से आए उद्योगपति नागेंद्र आचार्य पत्नी समेत शामिल हुए इस दौरान रामलला के समक्ष पूजन अर्चन करने के बाद राम लाल की समक्ष अखंड ज्योति जलाए जाने की इच्छा प्रकट करते हुए जो विशाल दीपक ट्रस्ट के सदस्य विश्व प्रसन्न तीर्थ के मौजूदगी अर्पित किया।

चांदी से बने दीपक के साथ मुबई के उद्योगपति दंपति।

वन विभाग के पिंजरे में कैद हुआ गुलदार

नगीना (बिजनौर) : थाना क्षेत्र के गांवों में आतंक का पर्याय बना नर गुलदार वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया। जिसे चिकित्सीय परीक्षण के बाद अमानगढ़ भेजने की कार्रवाई की जा रही है। थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर स्याली में गुलदार का आंतक छाया हुआ था। ग्रामीणों की मांग पर एक सप्ताह पहले फतेहपुर स्याली के किसान पदम सिंह पुत्र राजबीर सिंह के खेत में पिंजरा लगाकर उसमें एक बकरी बांध दी थी। वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप शर्मा ने वन दरोगा धर्मेन्द्र सिंह व लाल सिंह को जिम्मेदारी सौंपी थी। सोमवार सुबह छह बजे वन दरोगा व लाल सिंह गश्त पर निकले तो पिंजरे में गुलदार को कैद देखा। वन दरोगा ने वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप शर्मा को सूचना दी। गुलदार को नगीना कृषि अनुसंधान केन्द्र ले जाया गया। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि पिंजरे में कैद गुलदार करीब पांच वर्ष का नर है। जिसे चिकित्सीय परीक्षण के बाद अधिकारियों के आदेश पर अमानगढ़ भेजा जाएगा।

अधिगृहित भूमि पर भू-स्वामी माना जाएगा अतिक्रमणकर्ता

प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भूमि अधिग्रहण से संबंधित एक मामले में अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी देते हुए कहा कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 की धारा 17 के तहत अधिगृहित भूमि अधिसूचना की तारीख से 15 दिनों के बाद बिना किसी बाधा के सरकार में निहित हो जाती है। अधिनियम के तहत अवार्ड पारित करना भी आवश्यक नहीं है। ऐसी भूमि पर कुछ वर्षों के बाद कब्जा करना संविधान के अनुच्छेद 300-ए के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने दीपक शर्मा की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है। कोर्ट ने आगे सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिए गए एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि जिस भू-स्वामी की भूमि धारा 17 के तहत अधिगृहित की गई है, वह सरकार द्वारा अर्जित भूमि पर अतिक्रमणकर्ता होगा।

सिरसी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कटकर टेलर ने दी जान

संवाददाता, संभल/कुंदरकी

अमृत विचार: सिरसी रेलवे स्टेशन पर मुरादाबाद जिले के गांव इमारतपुर निवासी टेलर ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची जीआरपी व आरपीएफ और थाना हजरतनगर गढ़ी पुलिस ने टेलर का शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा।

मुरादाबाद जिले के गांव इमारतपुर निवासी 19 वर्षीय मोहम्मद आसिफ सोमवार की सुबह आठ बजे कुंदरकी रेलवे स्टेशन से संभल आने के लिए टिकट लेकर ट्रेन में सवार हुआ था। साढ़े नौ बजे ट्रेन हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में सिरसी मखदूमपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंची और दो मिनट स्टॉपेज के चलते रेलवे ट्रैक पर खड़ी हो गई। मोहम्मद आसिफ ट्रेन के पिछले डिब्बे से उतरकर रेलवे ट्रैक के पास खड़ा हो गया। दो मिनट बाद जैसे ही लोको पायलट योगेश कुमार ने ट्रेन को आगे बढ़ाया। मोहम्मद आसिफ ट्रेन के पिछले डिब्बे के नीचे घुसकर ट्रैक पर लेट गया। यह देखकर स्टेशन पर खड़े यात्रियों ने शोर मचाया। शोर को सुनकर चालक योगेश कुमार ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका, लेकिन रुकने से पहले ही ट्रेन का पहिया मोहम्मद आसिफ की गर्दन से होकर उतर गया। जिससे मोहम्मद आसिफ की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस, जीआरपी व आरपीएफ मौके पर पहुंची और शव को ट्रेन के नीचे से निकाला।

सपा के डिनर में नहीं पहुंचे छह एमएलए

लखनऊ, अमृत विचार: राज्यसभा में उप्र. की रिक्त सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव से पहले सोमवार की शाम मुख्य विपक्षी दल सपा को शुभ संदेश देने वाली नहीं रही। दरअसल, सपा ने मतदान की पूर्व संध्या पर अपने विधायकों की बैठक बुलाकर डिनर आयोजित किया था। लेकिन उसके 6 विधायक बैठक और डिनर में शामिल नहीं हुए। चायल विधायक पूजा पाल, गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह, गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, अमेठी विधायक महाराजी देवी, काल्पी विधायक विनोद चतुर्वेदी और अंबेडकरनगर विधायक राकेश पांडेय बैठक और डिनर में शामिल नहीं हुए।

पार्टी की बैठक और डिनर विधायकों की अनुपस्थिति से सपा को राज्यसभा चुनाव में इनके क्रॉस वोटिंग करने का डर सताने लगा है।

बीओ के खिलाफ जांच पर बैठी कमीश्नरेट पुलिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: होमगार्ड जवानों की दोहरी ड्यूटी लगाकर चार करोड़ से अधिक घोटाले की जांच में पर कमिश्नरेट पुलिस कुंडली मारकर बैठ गई है। तकरीबन आठ माह होने को हैं और कमिश्नरेट पुलिस की जांच किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है, जबकि होमगार्ड विभाग मुख्य आरोपी बीओ एवं अन्य की बर्खास्तगी की तैयारी में बैठी है। इसके चलते विभाग के आला अफसरान दबी जुबान यह मानने लगे हैं कि कमिश्नरेट पुलिस ब्लाक आर्गनाइजर व अन्य को बचाने के चक्कर में जांच को लटकाए हुए है।

मुख्य सचिव के आफिस-आवास व अन्य सरकारी संस्थानों में लगे होमगार्ड जवानों को ड्यूटी से हटाकर दूसरे स्थानों पर ड्यूटी कराए जाने का मामला जून, 2023 में सामने आया था। इस समिति ने मई 2003 से 2017 के बीच की लगाई गई ड्यूटी की जांच की तो तकरीबन साढ़े चार करोड़ के घोटाला किए जाने का मामला सामने आया।

इस मामले में गोमतीनगर विस्तार थाने में ब्लाक आर्गेनाइजर (बीओ) सुरेश सिंह और अन्य के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई गई। डीजी होमगार्ड ने लखनऊ के पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर मामले में सभी आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई सुनिश्चित कराए जाने की भी सिफारिश कर रखी है, जिससे अपराध से कमाई गई संपत्ति को जब्त कराया जा सके।

उत्तर प्रदेश आखिर कब पेपर लीक मुक्त प्रदेश होगा: मायावती

लखनऊ, अमृत विचार: बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक प्रकरण पर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश आखिर कब पेपर लीक मुक्त होगा।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये उन्होंने कहा कि प्रदेश में पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक होने से सम्बन्धित परीक्षा का रद्द होना अति-गंभीर व चिन्तनीय है। इससे राज्य व सरकार की बड़ी बदनामी के साथ ही युवाओं व बेरोजगारों का भविष्य खराब होकर उनका जीवन दांव पर लग जाता है। यूपी आखिर कब पेपर लीक मुक्त प्रदेश होगा? सरकार इस ओर ध्यान दे।

टेंपो और जेसीबी की भिड़ंत में आठ घायल

चन्दौसी, अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर वीनस शुगर मिल के सामने टेंपो व जेसीबी की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में टेंपों में सवार आठ यात्री घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए निजी वाहन व एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को हायर सेंटर रेफर कर दिया है ।

सोमवार की शाम छह बजे बहजोई से टेंपो चालक आठ सवारी लेकर चन्दौसी के लिए निकला। जब टेंपो आगरा-मुरादाबाद रोड स्थित मझावली शुगर मिल के निकट से गुजरा तो उसी समय सामने से आ रही जेबीसी ने टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे के बाद टेंपो सड़क किनारे पलट गया। हादसे में टेंपो में सवार सभी आठों यात्री घायल हो गए।

पुलिस ने नहीं सुनी फरियाद परिजनों ने डांटा तो खाया जहर

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: बाइक सवार युवकों द्वारा पीछा करने की शिकायत करने पुलिस चौकी गया तो पुलिस कर्मियों ने डांटकर भगा दिया। परिजनों को बताया तो उन्होंने भी डांटकर चुपचाप घर बैठने को कहा। इसके बाद तनाव में आये युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

थाना क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी अवधेश को पड़ोसियों की शिकायत पर पुलिस ने जेल भेज दिया था। अवधेश 12 फरवरी को जमानत पर छूटकर घर आया था। सोमवार की सुबह अवधेश बाइक पर सवार होकर संभल से घर जा रहा था। बताया कि अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग अवधेश का पीछा करने लगे। बाइक सवारों से बचता हुआ अवधेश घर पहुंचा। परिजनों ने डांटते हुए अवधेश को घर पर ही रहने की सलाह दी। जिसके बाद अवधेश बाइक सवारों की शिकायत करने थाना क्षेत्र की गांव खिरनी में स्थित पुलिस चौकी पहुंचा। आरोप है कि पुलिस ने अवधेश की शिकायत नहीं सुनी और डांटते हुए भगा दिया। परिजनों की डांट व पुलिस में सुनवाई नहीं होने पर तनाव में आकर अवधेश ने घर पहुंचकर जहरीले पदार्थ निगल लिया। तबियत बिगड़ने पर अवधेश को लेकर जिला अस्पताल आ गए और भर्ती कराया।

रोटावेटर में फंसकर किसान की मौत

पूरनपुर, अमृत विचार : ट्रैक्टर से खेत की जुताई करते समय रोटावेटर में फंसकर एक किसान की मौत हो गई। हादसे के दौरान वह रोटावेटर की टॉपलिंग ठीक कर रहे थे।

यह हादसा सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के जहूरगंज गांव में हुआ। यहां निवासी अरुण कुमार वर्मा (27) पुत्र रामेश्वर दयाल सोमवार सुबह गन्ने की बुआई के लिए रोटावेटर से खेत की जुताई कर रहे थे। इसी बीच रोटावेटर की टपलिंग में तकनीकी खराबी आ गई। अरुण रोटावेटर को ठीक करने लगे। इस दौरान अरुण का पैर रोटावेटर के अंदर चला गया और गिर पड़े, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार वाले खेत पर जा पहुंचे। रोटावेटर में फंसे अरुण को बमुश्किल निकाला गया।

कांग्रेस ने लोकसभा क्षेत्रवार नियुक्त किये 80 समन्वयक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज करते हुए प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश की कुल 80 सीटों के लिए समन्वयक नियुक्त कर दिये हैं। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने समन्वयकों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी।

लखनऊ सीट के लिए इखलाख अहमद डेविड, मोहनलालगंज सुरक्षित से अमरेश पांडेय, मुरादाबाद सीट के लिए डॉ युसुफ कुरैशी, बरेली के लिए विपुल गुप्ता, कानपुर के लिए शैलेंद्र चतुर्वेदी व फैजाबाद के लिए मनोज तिवारी को समन्वयक बनाया गया है। इसके अलावा रामपुर सीट के लिए हाजी इकराम कुरैशी, संभल के लिए अफरोज अली खान, अमरोहा से आतिफ हसन, खीरी से अनिल शुक्ला, धौरहरा से कैप्टन बंशीधर मिश्रा, सीतापुर से आशुतोष मिश्रा, हरदोई सुरक्षित से डॉ अभिषेक यादव, उन्नाव से शमीम खान, रायबरेली से इंदल रावत, अमेठी से देवानंद मिश्रा, सुल्तानपुर से सुरेश प्रताप सिंह, फतेहपुर से अखिलेश शुक्ला, बाराबंकी सुरक्षित से धर्मेंद्र चौधरी व गोंडा से चैधरी अखिलेश को जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह, सहारनपुर से कृष्णकांत शर्मा, कैराना से सोनू पठान, मुजफ्फरनगर से गौरव भाटी, बिजनौर से फूल कुंवर, नगीना सुरक्षित से दिनेश अवाना, मेरठ से संजीव शर्मा व बागपत से हेमंत प्रधान को समन्वयक बनाया गया है।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	72,790.13	22,122.05
गिरावट	352.67	90.65
प्रतिशत में	0.48	0.41

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 90 मसूरी- 67-77 बासमती- 135 दाल दलहन :काला चना- 87 साबुत चना दाल- 86 मूंग साबुत- 110 राजमा- 130 दाल उड़द- 140 साबुत मसूर दाल- 105 मसूर दाल- 110 उड़द साबुत- 127 काबुली चना- 175 अरहर दाल- 155 लोबिया/ करमानी- 122 सोयाबीन- 85 मूंगफली- 127 मटर (सूखी)- 57-62 मक्का- 30।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन : तुलसी 1835, राज श्री 1340, फ़ॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1560, जय जवान 1405, सचिन 1470, सूरज 1430, अवसर 1570, राग गोल्ड 1550, गृहणी 1445, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1550, चक्र टिन 1650, ब्लू 1555, आशीर्वाद मस्टर्ड 1665, स्वास्तिक 1805। किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 41500, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950। चावल-(प्रति कु0)डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350।

विकसित भारत लक्ष्य में कपड़ा क्षेत्र अहम

प्रधानमंत्री ने भारत टेक्स-2024 का किया उद्घाटन, कहा- इस क्षेत्र का योगदान बढ़ाने का प्रयास कर रही है सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कपड़ा क्षेत्र को पूरा सहयोग देने का वादा किया और साथ ही इस बात पर बल दिया कि यह क्षेत्र 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत 2047 में आजादी के सौ साल पूरे करेगा। मोदी ने 'भारत टेक्स-2024' का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में कपड़ा क्षेत्र के योगदान को और बढ़ाने के लिए सरकार बहुत व्यापक स्तर पर काम कर रही है। 'भारत टेक्स' देश में आयोजित सबसे बड़े वैश्विक कपड़ा कार्यक्रमों में से एक है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "हमने अगले 25 साल में भारत को विकसित राष्ट्र में बदलने का संकल्प लिया है। विकसित भारत के चार महत्वपूर्ण स्तंभ- गरीब, युवा, किसान और महिलाएं हैं। विशेष रूप से भारत का कपड़ा क्षेत्र इन सभी स्तंभों से जुड़ा हुआ है। इसलिए 'भारत टेक्स' जैसा आयोजन हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है।" उन्होंने कहा कि 2014 में भारत के कपड़ा बाजार का मूल्यांकन सात लाख करोड़ रुपये से भी कम था, जबकि अब यह 12 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में धागे, कपड़े और परिधान के उत्पादन में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार का कपड़ा क्षेत्र में गुणवत्ता नियंत्रण पर पूरा ध्यान है। कपड़ा क्षेत्रों में रोजगार की संभावना, ग्रामीण आबादी और महिलाओं की भागीदारी पर उन्होंने कहा कि परिधान निर्माताओं में दस में से सात महिलाएं हैं और हथकरघा में तो यह संख्या और भी अधिक है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि पिछले 10 साल में उठाए गए कदमों ने खादी को विकास और नौकरियों का एक मजबूत माध्यम बना दिया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह पिछले दशक की कल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने से कपड़ा क्षेत्र को भी फायदा हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार कपास किसानों का समर्थन कर रही है और उनसे कपास खरीद रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पेश किया गया 'कस्तूरी कॉटन' वैश्विक स्तर पर भारत का 'ब्रांड मूल्य' बनाने में एक बड़ा कदम होगा।

ऐसे समाज का निर्माण करेंगे, जहां सरकारी दखल कम से कम हो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनका लक्ष्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है, जहां सरकार का हस्तक्षेप कम से कम हो और वह लोगों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करे। 'भारत टेक्स 2024' के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार गरीबों के लिए होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'हमें ऐसा समाज बनाना होगा, जिसमें सरकार का हस्तक्षेप कम से कम हो। मैं विशेष रूप से मध्यम वर्ग के जीवन में हस्तक्षेप को पसंद नहीं करता हूं।' मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से वह न्यूनतम सरकारी हस्तक्षेप वाले समाज के निर्माण के लिए लड़ रहे हैं और अगले पांच वर्षों में भी ऐसा करना जारी रखेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सरकार को उत्प्रेरक एजेंट के रूप में कार्य करना चाहिए।

भारत की आर्थिक वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में 7% रहेगी

मुंबई, एजेंसी

● जर्मन ब्रोकरेज कंपनी डॉयचे बैंक ने लगाया अनुमान

देश की आर्थिक वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में उम्मीद से अधिक 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जर्मनी की ब्रोकरेज कंपनी डॉयचे बैंक ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, 'हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर स्थिर मूल्य पर जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहेगी। यह पूर्व में जताए गए अनुमान से अधिक है।'

तिमाही वृद्धि का आधिकारिक आंकड़ा 29 फरवरी को जारी किया जाएगा। चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही थी। ब्रोकरेज कंपनी के विश्लेषकों के अनुसार, उसका अनुमान औद्योगिक उत्पादन, निर्यात, आयात (तेल और सोने को छोड़कर), बैंक कर्ज और उपभोक्ता वस्तुओं सहित पांच महत्वपूर्ण संकेतकों के सूचकांक पर आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 65 उच्च-आवृत्ति वाले संकेतकों से जुड़ा एक अन्य संकेतक भी दिसंबर तिमाही में 7 प्रतिशत वृद्धि का संकेत दे रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'पिछले साल रूस-यूक्रेन युद्ध और उससे पहले कोविड महामारी के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय मजबूती दिखाई है। आर्थिक वृद्धि की गति अनुमान से कहीं बेहतर रही है।'

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	71,800
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति नग)	47,650-47,850
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,200
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,050
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42,500
चांदी (999)	72,200
चांदी तैयार	72,300
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,000
सोना जेवरात गिन्नी	63,000
चांदी पक्की	715 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,100
चांदी आभूषण	72,200।

बीते साल विलय-अधिग्रहण सौदों का मूल्य 27 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

● पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में 793 रही संख्या

भारत में विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) सौदों का मूल्य पिछले साल यानी 2023 में 27 प्रतिशत घटकर 136 अरब डॉलर रह गया। डेलॉयट इंडिया की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, विलय एवं अधिग्रहण बाजार के इस साल स्थिर रहने की संभावना है।

रिपोर्ट 'इंडिया एमएंडए ट्रेंड्स' के अनुसार, "ऊंची ब्याज दरों, व्यापक आर्थिक अनिश्चितता, नियामकीय जांच और भू-राजनीतिक जोखिमों से उत्पन्न महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत का विलय एवं अधिग्रहण बाजार 2023 में मजबूत रहा।" रिपोर्ट में कहा गया, "वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद भारतीय बाजार में सौदे स्थिर रहने की उम्मीद है जो वैश्विक आर्थिक मंदी के बीच कंपनियों और निवेशकों के मजबूत विश्वास को दर्शाता है।"

पंजीकरण के बाद पीली मटर के आयात की अनुमति: डीजीएफटी

नई दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि आयात निगरानी प्रणाली के तहत पंजीकरण के बाद पीली मटर के आयात की तत्काल प्रभाव से अनुमति है। यह अनुमति उन खेपों के लिए है, जिन्हें 30 अप्रैल या उससे पहले जहाज पर लदान से जुड़े बिल जारी किए गए हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने कहा कि एमआईपी (न्यूनतम आयात मूल्य) और बंदरगाह प्रतिबंध शर्तों के बिना आयात की अनुमति है। डीजीएफटी अधिसूचना में कहा गया है कि हालांकि इसके लिए आयात निगरानी प्रणाली के तहत पंजीकरण की जरूरत है।

भारतीय होटल उद्योग सात से नौ फीसदी राजस्व वृद्धि दर्ज करेगा

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय होटल उद्योग को अगले वित्त वर्ष (2024-25) में सात से नौ प्रतिशत की राजस्व वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा की एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। इक्रा ने कहा कि घरेलू अवकाश यात्रा का निर्वाह, बैठकों, सम्मेलन और प्रदर्शनियों (एमआईसीई) की मांग ऐसे कारक हैं, जो आगामी आम चुनावों के दौरान अस्थायी शांति के बावजूद अगले वित्त वर्ष में मांग को बढ़ाएंगे।

शोध कंपनी ने कहा कि अगले वित्त वर्ष में आध्यात्मिक पर्यटन और दूसरी श्रेणी के शहरों से समग्र मांग में सार्थक योगदान मिल सकता है। इक्रा के अनुसार, चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में अखिल भारतीय होटल अधिभोग का अनुमान दशक के उच्चतम स्तर 70 प्रतिशत से 72 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि 2022-23 में यह 68 प्रतिशत से 70 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष में देशभर में कमरों का औसत शुल्क 7,200 से 7,400 रुपये रह सकता है, जिसके अगले वित्त वर्ष में बढ़कर 7,800 से 8,000 होने की संभावना है। रिपोर्ट के अनुसार, क्रेडिट रेटिंग में सुधार के साथ इक्रा का भारतीय होटल उद्योग के लिए दृष्टिकोण सकारात्मक है।

एसबीआई समेत 3 बैंकों पर आरबीआई ने लगाया 3 करोड़ का जुर्माना

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने नियामकीय मानदंडों के उल्लंघन को लेकर भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक और सिटी यूनियन बैंक पर लगभग तीन करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने सोमवार को बयान में कहा कि जमाकर्ता शिक्षा जागरूकता कोष योजना, 2014 से संबंधित कुछ मानदंडों के उल्लंघन के लिए एसबीआई पर दो करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा आय पहचान, फंसे कर्ज को लेकर कुछ निर्देशों का अनुपालन न करने को लेकर सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड पर 66 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

राष्ट्रीय

संदेशखालि: शाहजहां को हर हाल में गिरफ्तार करे पुलिस

कलकत्ता हाईकोर्ट ने दूसरी बार पश्चिम बंगाल सरकार को लगाई फटकार, कहा- गिरफ्तारी पर कोर्ट की रोक नहीं

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को फटकारते हुए निर्देश दिया कि संदेशखालि में यौन उत्पीड़न के आरोपी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। इसके साथ कोर्ट ने स्पष्ट किया कि शाहजहां शेख की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है।

अदालत ने कहा कि यह जानकर आश्चर्य हुआ कि संदेशखालि में उत्पीड़न की घटनाओं की सूचना राज्य पुलिस को चार साल पहले ही दे दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा, 'यह और भी आश्चर्यजनक है कि 42 मामलों को आरोपपत्र का रूप लेने में चार साल लग गए।' मामले में पेश अधिवक्ताओं ने कहा कि एक गलत धारणा बनाई गई कि अदालत ने शेख की गिरफ्तारी पर रोक लगाई है। इस पर पीठ ने कहा कि संदेशखालि में घटनाओं के संबंध में ऐसा कोई मामला रिकॉर्ड में नहीं है कि शेख की गिरफ्तारी पर रोक लगाई गई है। अदालत ने कहा, 'अतः संबंधित पुलिस प्राधिकारी उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार करें।'

अदालत ने निर्देश दिया कि महिलाओं के यौन उत्पीड़न और आदिवासी लोगों की जमीन हड़पने के आरोपों का स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किए गए मामले में शेख प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और राज्य के गृह सचिव को पक्षकार बनाया जाए। पीठ ने निर्देश दिया कि हाईकोर्ट रजिस्ट्री द्वारा समाचार पत्रों में एक सार्वजनिक नोटिस दिया जाए, जिसमें यह कहा गया हो कि शेख को मामले में पक्षकार बनाया गया है, क्योंकि वह फरार है और उसे 5 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय पर भीड़ के हमले के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है।

गत 5 जनवरी को संदेशखालि में शाहजहां के आवास पर छापेमारी के लिए गई ईडी टीम पर भीड़ द्वारा हमला किया गया था। शेख तब से फरार है। शाहजहां व उसके समर्थकों के खिलाफ जमीन पर कब्जा करने और यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर संदेशखालि में प्रदर्शन हो रहे हैं।

सात दिनों में गिरफ्तार किया जाएगा शाहजहां: टीएमसी

कोलकाता। टीएमसी के वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने सोमवार को कहा कि शाहजहां शेख को सात दिन में गिरफ्तार कर लिया जाएगा। टीएमसी नेता का यह बयान कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा यह स्पष्ट किए जाने के तुरंत बाद आया है कि शाहजहां की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है। घोष ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'शेख शाहजहां की गिरफ्तारी के बारे में अभिषेक बनर्जी की बात सही है। मामला अदालत के कानूनी पचड़े में फंसा हुआ था। विपक्ष इस मौके का फायदा उठाकर राजनीति कर रहा था। मामले को स्पष्ट करने और पुलिस को कार्रवाई की आज इजाजत देने के लिए उच्च न्यायालय को धन्यवाद। शाहजहां को सात दिनों के भीतर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'

आरोपी तृणमूल नेताओं के घरों में तोड़फोड़

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के अशांत क्षेत्र संदेशखालि में सोमवार को एक बार फिर प्रदर्शन हुआ और लोगों के एक समूह ने टीएमसी के स्थानीय नेताओं के घरों में तोड़फोड़ की। इन नेताओं पर क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रताड़ित करने का आरोप है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि लाठी-डंडों से लैस स्थानीय लोगों ने टीएमसी के पंचायत नेता शंकर सरदार के खिलाफ अपनी नाराजगी जताते हुए संदेशखालि के बरमाजुर इलाके में कुछ घरों पर हमला किया। उन्होंने कहा कि भूमि हड़पने का आरोपी शंकर घर में मौजूद नहीं था और ग्रामीणों ने घर में मौजूद परिवार के सदस्यों के साथ मार-पीट की। पुलिस बाद में वहां पहुंची और प्रदर्शनकारियों को शांत कराने की कोशिश की।

जवानों-किसानों का शोषण कर रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेताओं ने लगाए आरोप

पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते कांग्रेस नेता पवन खेड़ा।

कांग्रेस ने मोदी सरकार को जवान और किसान विरोधी करार देते हुए कहा कि उसकी नीतियों के कारण देश का किसान तथा जवान पीड़ित है और इन दोनों का जमकर शोषण किया जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट, संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा तथा वरिष्ठ नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में आज जवान और किसान दोनों का शोषण हो रहा है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा, "आज देश के नौजवानों में सेना भर्ती को लेकर रुचि कम हो गई है। इसका जिम्मेदार कौन है। आप फौज पर राजनीति करके राष्ट्रहित की बात नहीं कर सकते। इसलिए सरकार अग्निपथ योजना वापस ले और सेना में पक्की भर्ती दोबारा शुरू करे। सेना द्वारा करीब दो लाख युवकों का पूरी प्रक्रिया के बाद चयन हुआ है, उन सभी नौजवानों को जॉइनिंग दी जाए।" कांग्रेस नेताओं ने कहा "सरकार जी-20 के आयोजन, प्रधानमंत्री के हवाई जहाज, सेंट्रल विस्टा जैसे प्रोजेक्ट और अपने प्रचार पर करोड़ों रुपये खर्च कर सकती है, लेकिन पैसा बचाने के लिए सेना भर्ती प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ कर रही है, जो देश की सुरक्षा के लिए चुनौती बन सकता है। हमारा आग्रह है कि चयनित युवाओं को नौकरी दी जाए। पार्टी देश के उन सभी लाखों युवाओं के साथ खड़ी है जो सेना में अपना भविष्य देखते हैं।"

उन्होंने कहा, "देश में कोविड के दौरान और उससे पहले सेना की कई भर्तियां पूरी हो चुकी थी और चयनित युवकों की सिर्फ जॉइनिंग बाकी थी, लेकिन अग्निपथ योजना आने के बाद चयनित इन नौजवानों को जॉइनिंग नहीं दी गई। इन नौजवानों ने राहुल गांधी जी से मिलकर अपना दर्द साझा किया था।"

एक नजर

तमिलनाडु सरकार ईडी की मदद करे: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु सरकार से कहा कि राज्य मशीनरी को यह पता लगाने में ईडी की मदद करनी चाहिए। इसमें कोई नुकसान नहीं है। शीर्ष अदालत ने पिछले हफ्ते धनशोधन के एक मामले में ईडी की जांच के खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने को लेकर तमिलनाडु सरकार से सवाल किया था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने अवैध रेत खनन से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, करूर, तंजावुर और अरियालुर के जिला कलेक्टर को तलब किया था।

दुष्कर्म के आरोपी ने युवती को गोली मारी, गिरफ्तार

जयपुर। कोटपूतली-बहरोड़ जिले में दुष्कर्म के एक आरोपी और उसके दो साथियों ने 25 वर्षीय पीड़िता को कथित तौर पर गोली मारी और उस पर गंडासे से हमला कर दिया। हमले मे पीड़िता का भाई भी घायल हो गया। दोनों का जयपुर में उपचार चल रहा है। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस महानिदेशक यूआर साहू ने बताया कि मामले के मुख्य आरोपी राजेंद्र यादव का सोमवार को जयपुर में ट्रेन की चपेट में आने से पैर कट गया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया गया है।

क्रिकेट खेलने के दौरान बेहोश होकर गिरा युवक, मौत

गुना। मध्य प्रदेश के गुना जिले में क्रिकेट खेलते समय 28 वर्षीय एक युवक बेहोश होकर गिर गया और उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन एसओ भोला ने कहा कि एक क्रिकेट मैच के दौरान गिरने के बाद दीपक खांडेकर को अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि एम्बुलेंस प्रभारी ने कहा कि अस्पताल ले जाने के दौरान खांडेकर की नब्ज नहीं चल रही थी।

मोदी के दौरे से पहले आईएस सदस्य गिरफ्तार

तिरुवनंतपुरम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केरल की राजधानी के दौरे से एक दिन पहले यहां वट्टियूरकावु थाना की सीमा से आईएसआईएस से संबंध रखने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि तमिलनाडु के मूल निवासी सादिक बाशा को रविवार को उनकी कार पर नकली पुलिस स्टिकर के साथ गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि सितंबर 2022 में, उसे आईएसआईएस के लिए धन जुटाने के मामले में एनआईए ने वट्टियूरकावु में उसकी पत्नी के घर से गिरफ्तार किया था। जिसके बाद उसे राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए 24 महीने जेल की सजा मिली थी। खबरें थीं कि जेल से रिहा होने के बाद उसने कई बार वट्टियूरकावु का दौरा किया। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को पार्टी 'पदयात्रा' के समापन समारोह में भी शामिल होंगे।

कश्मीर-लद्दाख के बीच में फंसे 260 सैलानियों को एयर लिफ्ट किया

जम्मू। वायुसेना ने सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बीच फंसे लगभग 260 यात्रियों को हवाई मार्ग से एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाया। एक अधिकारी ने कहा कि इसके साथ ही भारी बर्फबारी के कारण 434 किलोमीटर लंबे श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग के बंद होने पर 22 जनवरी को सेवा शुरू होने के बाद से एएन-32 विमान से अब तक कुल 1,551 यात्रियों को 'एयरलिफ्ट' किया गया है। एएन-32 विमान को करगिल कूरियर भी कहा जाता है।

झारखंड से कांग्रेस सांसद भाजपा में शामिल

रांची। झारखंड के सिंहभूम (एसटी) निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा सोमवार को यहां भाजपा में शामिल हो गईं। कोड़ा भाजपा मुख्यालय में पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुईं। उन्होंने यह कदम ऐसे समय में उठाया है, जब देश में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। उन्होंने कहा, 'मैं आज भाजपा में शामिल हो गई। कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति करके देश को संकट में डाल दिया है। पार्टी कहती है कि वह सभी को साथ लेकर चलेगी, लेकिन वह केवल अपने परिवार को साथ लेकर चलती है।' भाजपा-आजसू (अखिल झारखंड छात्र संघ) गठबंधन ने 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 संसदीय सीट में से 12 पर जीत हासिल की थी।

मराठा आरक्षण: प्रदर्शन के बीच महाराष्ट्र के अंबड में कर्फ्यू लागू

छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी

● जिला प्रशासन ने एहतियातन उठाया कदम

कार्यकर्ता मनोज जरांगे द्वारा मराठा आरक्षण के लिए चलाए जा रहे आंदोलन के मद्देनजर कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र के जालना जिले के अंबड तालुका में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

जालना के जिलाधिकारी श्रीकृष्ण पांचाल ने आदेश में कहा कि जरांगे ने रविवार को घोषणा की कि वह मुंबई जाएंगे और मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की अपनी मांग को लेकर आंदोलन करेंगे। इसमें कहा गया है कि ऐसी आशंका है कि लोग उन्हें (मुंबई जाने से) रोकने के लिए जालना के अंतरवाली सरती गांव में आ सकते हैं, जहां कार्यकर्ता भूख हड़ताल कर रहे हैं। आदेश में कहा गया है कि भारी भीड़ के कारण धुले-मुंबई राजमार्ग और आसपास के अन्य इलाकों पर यातायात प्रभावित होने की आशंका है। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवाजाही, दूध वितरण, मीडिया और अस्पतालों को इस आदेश से छूट दी गई है। जरांगे रविवार की रात अंतरवाली सरती से रवाना होकर पास के भांबेरी गांव पहुंचे।

जरांगे ने 17 दिन बाद अनशन वापस लिया

मुंबई। आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने सोमवार को घोषणा की कि वह मराठा आरक्षण मुद्दे पर अपना 17 दिन से जारी अनशन वापस ले रहे हैं। जरांगे ने हालांकि कहा कि वह अपना आंदोलन तब तक जारी रखेंगे, जब तक कि महाराष्ट्र सरकार उन लोगों के विस्तारित परिवार के सदस्यों को कुनबी जाति प्रमाणपत्र जारी करना शुरू नहीं कर देती, जिनके पास पहले से ही ऐसे दस्तावेज हैं।

जरांगे का यह फैसला मराठा समुदाय के लिए नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण से संबंधित अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए मुंबई तक मार्च की घोषणा के एक दिन बाद आया है, जबकि मुंबई में राज्य विधानमंडल का बजट सत्र भी शुरू होने जा रहा है।

चुनावी बॉण्ड रद करने से अधिक पारदर्शिता आएगी : सेन

कोलकाता, एजेंसी

● प्रख्यात अर्थशास्त्री ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

प्रख्यात अर्थशास्त्री एवं नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने चुनावी बॉण्ड योजना को रद करने के सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले का सोमवार को स्वागत किया और इस योजना को घोटाला बताकर इसकी निंदा की। सेन ने अमेरिका के मैसाचुसेट्स से बात की और कहा कि इस कदम से चुनाव के संदर्भ में लोगों के बीच अधिक पारदर्शिता आएगी। उन्होंने कहा, 'चुनावी बॉण्ड एक घोटाला था और मुझे खुशी है कि अब उसे हटा दिया गया है।'

उच्चतम न्यायालय ने इस महीने की शुरुआत में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए राजनीति के वित्तपोषण के लिए लाई गई चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए निरस्त कर दिया था और चंदा देने वालों, बॉण्ड के मूल्यों और उनके प्राप्तकर्ताओं की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने 2018 की इस योजना को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं सूचना के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। शीर्ष अदालत केंद्र की इस दलील से सहमत नहीं थी कि इस योजना का उद्देश्य राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाना और काले धन पर अंकुश लगाना था।

लोकसभा चुनाव से पहले आए इस फैसले में न्यायालय ने इस योजना को तत्काल बंद करने तथा इस योजना के लिए अधिकृत वित्तीय संस्थान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 12 अप्रैल, 2019 से अब तक खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विस्तृत ब्योरा 6 मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिया। सेन ने कहा, 'भारत में चुनावी प्रणाली दलगत राजनीति की प्रकृति से काफी प्रभावित है, जिससे आम लोगों के लिए यह सुनना बहुत कठिन हो जाता है कि उन्हें चुनाव में भाग लेना चाहिए।'

अर्थशास्त्री ने कहा कि देश की चुनावी प्रणाली इस बात से प्रभावित होती है कि सरकार विपक्षी दलों के साथ कैसा व्यवहार करती है। उन्होंने कहा, 'यह विपक्षी दलों और उन लोगों के साथ व्यवहार से प्रभावित होती है, जिन्हें सरकार प्रतिबंधों के तहत रखना चाहती है। हम नागरिकों की अभिव्यक्ति और कार्य करने की स्वतंत्रता के अलावा यथासंभव स्वतंत्र चुनावी प्रणाली चाहते हैं।'

जिन्हें भूख है, हम उन्हीं लोगों को मौका देंगे : रोहित

सरफराज, ध्रुव, यशस्वी और आकाशदीप ने जीत में अहम भूमिका निभाई

रांची, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मेहनत किए बिना राष्ट्रीय टेस्ट टीम में जगह बनाने का सपना देखने वालों से कहा कि मौका केवल उन्हीं को दिया जाएगा जो 'सबसे कड़े' प्रारूप में 'सफलता की भूख' दिखाएंगे। भारत ने सोमवार को चौथे टेस्ट में इंग्लैंड को हराकर श्रृंखला जीत ली है। सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल और आकाश दीप जैसे खिलाड़ियों ने टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई जिससे रोहित खुश दिखे। रोहित ने कहा कि जिन लोगों को भूख है हम उन्हीं लोगों को मौका देंगे। अगर भूख नहीं है तो उनको टीम में खिलाने का मतलब नहीं है।

रोहित की यह प्रतिक्रिया बीसीसीआई के उस आदेश के बाद आई, जिसमें इशान किशन और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी में खेलने के लिए कहा गया था लेकिन इन दोनों ने इसे नजरअंदाज कर दिया था। भारतीय कप्तान ने कहा कि मैंने टीम में कोई भी ऐसा खिलाड़ी नहीं देखा जो भूखा नहीं हो। सभी लड़के जो यहां हैं और जो नहीं हैं, वे सभी खेलना चाहते हैं, लेकिन टेस्ट टीम में बहुत ही कम मौके मिलते हैं। अगर आप उन मौकों का फायदा नहीं उठाते तो वह चले जाते हैं। इशान किशन झारखंड के लिए रणजी ट्रॉफी में नहीं खेले, लेकिन आईपीएल के लिए उन्हें मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ बड़ौदा में ट्रेनिंग करते हुए देखा गया। रोहित ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट सबसे कठिन प्रारूप है। यदि आप इस प्रारूप में उत्कृष्टता और सफलता हासिल करना चाहते हैं तो आपको अपनी भूख दिखानी होगी।

युवाओं को अच्छे प्रदर्शन के लिए माहौल देना जरूरी

रांची। युवा ब्रिगेड के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड को टेस्ट श्रृंखला में हराने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि टीम में आए युवाओं को सलाह की जरूरत नहीं है बल्कि अच्छे प्रदर्शन के लिए सहयोगी माहौल चाहिए। अपना दूसरा टेस्ट खेल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने दोनों पारियों में शानदार प्रदर्शन किया। यशस्वी जायसवाल, आकाश दीप और सरफराज खान ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। रोहित ने कहा कि यह काफी कठिन श्रृंखला है और जीतने के बाद अच्छा लग रहा है। ये युवा खिलाड़ी घरेलू सर्किट, स्थानीय क्लब क्रिकेट से यहां आए हैं। यह बड़ी चुनौती थी लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि हमें उन्हें अनुकूल माहौल देना होगा। प्रमुख खिलाड़ियों का नहीं होना अच्छा नहीं होता लेकिन इसमें कुछ किया नहीं जा सकता।

सेना से निर्भीक तेवर मिले जुरेल को: रैना

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी

भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना का मानना है कि विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को सेना की पृष्ठभूमि के कारण निर्भीक तेवर मिले और यहां तक पहुंचने के लिए उसने काफी मेहनत की है। जुरेल ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 और दूसरी पारी में नाबाद 39 रन बनाकर भारत की 5 विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई।

रैना ने कहा कि मैं जुरेल की विकेटकीपिंग से काफी प्रभावित हूं। उसने काफी मेहनत की है। उसके पिता सेना में थे लिहाजा उसमें वह हार नहीं मानने का निर्भीक तेवर है। जुरेल की पारी की सुनील गावस्कर ने भी तारीफ की, जिन्होंने उसे अगला महेंद्र सिंह धोनी कहा था। रैना ने कहा कि जुरेल शानदार खिलाड़ी है। मैने उसके साथ उत्तर प्रदेश के लिए कुछ मैच खेले हैं। रोहित शर्मा बधाई के पात्र हैं जिस तरह से उन्होंने पहले सरफराज खान को और फिर जुरेल को मौका दिया। टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करके लगातार अर्धशतक बनाना आसान नहीं है खासकर इतने महत्वपूर्ण मैच में जहां विकेट टर्न ले रहा हो। चेन्नई सुपर किंग्स का अहम हिस्सा रहे रैना ने कहा कि वह चाहते हैं कि विराट कोहली और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर इस बार आईपीएल खिताब जीते। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि विराट और आरसीबी खिताब जीते। लंबा इंतजार हो गया। चेन्नई ने पिछली बार जीता था लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि इस बार वह टीम जीते जिसने अब तक ट्रॉफी नहीं जीती है। विराट मेहनत कर रहा है और जीत का हकदार है।

खेल डायरी

दक्षिण अफ्रीका में टीम से जुड़ी गतिविधियों ने हमें मजबूत बनाया: हरमनप्रीत

राउरकेला, एजेंसी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के हालिया दौरे में टीम से जुड़ी गतिविधियों ने उन्हें मजबूत बनाया। भारत ने चार देशों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था जहां मेजबान टीम के खिलाफ उसने जीत दर्ज की। फ्रांस के खिलाफ टीम को एक जीत मिली और एक मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि नीदरलैंड के खिलाफ टीम को हार का सामना करना पड़ा। रविवार को भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग के घरेलू चरण के अपने अंतिम मैच में आयरलैंड को 4-0 से हरा दिया था। भारत फिलहाल अंक तालिका में नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बाद तीसरे स्थान पर है। हरमनप्रीत ने रविवार की जीत के बाद कहा कि मुझे लगता है कि हम दक्षिण अफ्रीका दौरे से मानसिक और शारीरिक रूप से तरोताजा होकर वापस आए हैं। हमने वहां टीम से जुड़ी कई गतिविधियों में हिस्सा लिया जिससे हम एक मजबूत इकाई बन गए। मुझे लगता है कि हमने यहां अच्छा प्रदर्शन किया और दुनिया की शीर्ष टीमों की चुनौती का सामना किया।

आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत ने दिया इस्तीफा

जयपुर। राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के अध्यक्ष वैभव गहलोत ने अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद सोमवार को पद से इस्तीफा दे दिया। गहलोत ने ऐसे समय में पद छोड़ा है जब राजस्थान राज्य खेल परिषद (आरएसएससी) ने बकाए का भुगतान न करने पर सवाई मान सिंह स्टेडियम और आरसीए कार्यालय को शुक्रवार को सील कर दिया था। सवाई मानसिंह स्टेडियम को अगले महीने से आईपीएल की मेजबानी करनी है। गहलोत ने कहा कि आरसीए कार्यालय में जल्दबाजी में ताला लगाया गया। मुझे निशाना बनाकर आरसीए में अविश्वास का माहौल पैदा किया जा रहा है। मैं राज्य की क्रिकेट और खिलाड़ियों को बचाने के लिए स्वेच्छा से आरसीए अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीतने उतरेगी भारतीय टीम

अलान्या (तुर्की), एजेंसी। भारतीय महिला फुटबॉल टीम मंगलवार को तुर्की महिला कप में अपने अंतिम राउंड रोबिन मैच में जब कोसोवो से भिड़ेगी तो उसकी नजरें दक्षिण एशिया के बाहर अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीतने पर होंगी। भारतीय टीम को खिताब के लिए मंगलवार को हर हाल में कोसोवा को हराना होगा। भारतीय टीम अभी लीग तालिका में कोसोवो के बाद दूसरे स्थान पर है। दोनों टीम के समान अंक हैं लेकिन बेहतर गोल अंतर से कोसोवो शीर्ष पर है। 4 टीम की राउंड रोबिन लीग में भारतीय टीम ने एस्टोनिया (4-3) और हांगकांग (2-0) के खिलाफ जीत से 6 अंक जुटाए हैं। कोसोवो ने भी हांगकांग और एस्टोनिया के खिलाफ जीत से 6 अंक जुटाए हैं लेकिन भारत के प्लस 3 के मुकाबले उसका गोल अंतर प्लस चार है जिससे वह शीर्ष पर चल रहा है।

भारत ने सैफ अंडर 16 महिला चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय टीम का किया ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी। मुख्य कोच बिबी थॉमस मुत्ताह ने सोमवार को एक से 10 मार्च तक नेपाल में होने वाली सैफ अंडर 16 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया है। भारत ने 2018 और 2019 में अंडर 15 प्रारूप में जीत दर्ज की थी। दोनों बार भारत ने फाइनल में बांग्लादेश को हराया था। पहली बार टूर्नामेंट अंडर 16 प्रारूप में खेला जा रहा है। अंतिम टीम का चयन संभावितों में से किया गया जो गोवा में अभ्यास कर रहे हैं। भारतीय टीम मंगलवार को नेपाल रवाना होगी। उसे एक मार्च को भूटान से, पांच मार्च को बांग्लादेश और सात मार्च को नेपाल से खेलना है। राउंड राबिन चरण की शीर्ष दो टीमें फाइनल खेलेंगी। सारे मैच ललितपुर में खेले जाएंगे। **भारतीय टीम : गोलकीपर :** केटी देवी, मुन्नी, सूरजमुनी कुमारी **डिफेंडर :** अमृता घोष, बोनिफिला शुलाइ, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेथ लाकड़ा, गौरी, रिआना लिज जैकब, रूपश्री मुंडा, एस अलेना देवी **मिडफील्डर :** अनिता डुंगडुंग, अनुष्का कुमारी, अन्विता रघुरामन, एच यशिका, एल नीरा चानू, रितु बडाइक, श्वेता रानी, टी मोनी बास्के **फॉरवर्ड :** गुरलीन कौर, गुरनाज कौर, नेहा साजी, पर्ल फर्नांडिस।

नहीं चला बैजबॉल, श्रृंखला भारत के नाम

इंग्लैंड को चौथा टेस्ट 5 विकेट से हराकर भारत ने लगातार 17वीं टेस्ट श्रृंखला जीती

रांची, एजेंसी

अपनी सरजमीं पर बादशाहत एक बार फिर साबित करते हुए भारतीय टीम ने 'बैजबॉल' को बेअसर साबित कर दिया और चौथे टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड को चौथे ही दिन पांच विकेट से हराकर अपनी मेजबानी में लगातार 17वीं श्रृंखला जीत ली।

जीत के लिए 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने कल के स्कोर पर बिना किसी नुकसान के 40 रन से आगे खेलना शुरू किया था। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (44 गेंद में 37 रन) और कप्तान रोहित शर्मा (81 गेंद में 55 रन) ने पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। दोनों के विकेट गिरने के बाद रजत पाटीदार और रविंद्र जडेजा भी सस्ते में आउट हो गए, लेकिन शुभमन गिल (नाबाद 52) और ध्रुव जुरेल (नाबाद 39) ने 72 रन की साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया। भारत ने श्रृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली जबकि पांचवां और आखिरी मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा।

भारतीय टीम अपनी धरती पर आखिरी बार 2012-13 में एलेस्टेयर कुक की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम से हारी थी। उसके बाद से अपनी मेजबानी में खेले गए भारत ने 50 में से 39 टेस्ट जीते हैं। इस जीत के साथ ही भारत ने इंग्लैंड की आक्रामक खेल की 'बैजबॉल' शैली को भी नाकाम साबित कर दिया। पिछले दो साल से इंग्लैंड की जीत का मंत्र साबित हुई इस शैली की अब काफी आलोचना हो रही है। ब्रेंडन मैकुलम के कोच और बेन स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद से हर हालात में आक्रामक खेल की इंग्लैंड की रणनीति को 'बैजबॉल' कहा जाता है। भारत ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है और इसकी सूत्रधार भारत की युवा ब्रिगेड रही।

निजी कारणों से श्रृंखला से बाहर विराट कोहली और चोटिल केएल राहुल के बिना भारत ने श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करते हुए हैदराबाद में पहले टेस्ट में मिली हार के बाद लगातार 3 जीत दर्ज की। भारत के युवा खिलाड़ियों सरफराज खान, जुरेल और तेज गेंदबाज आकाश दीप ने मौके को बखूबी भुनाया। जुरेल ने चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 और दूसरी में नाबाद 39 रन बनाए। चौथे दिन सोमवार को रोहित ने (81 गेंद में 55 रन) ने यशस्वी जायसवाल के साथ 84 रन की बड़ी साझेदारी की। जायसवाल ने 44 गेंद में 37 रन जोड़े। आफ स्पिनर जो रूट ने जायसवाल को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। बाए हाथ के स्पिनर टॉम हार्टल ने रोहित का विकेट लिया। स्पिनर शोएब बशीर ने रजत पाटीदार (0) को पवेलियन भेजा। अपने कल के स्कोर बिना किसी नुकसान के 40 रन से आगे खेलते हुए भारत ने शुरूआत की। रोहित ने जेम्स एंडरसन की गेंद पर लांग आन में छक्का जड़ा। दूसरे छोर पर बशीर ने गेंद संभाली। रोहित और जायसवाल ने सहज होकर स्पिनरों और तेज गेंदबाजों को रन बनाए। रोहित ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 9000 रन भी पूरे कर लिए। दोनों को आसानी से खेलते देख बेन स्टोक्स ने जो रूट को गेंद सौंपी, जिन्होंने कप्तान के भरोसे पर खरे उतरते हुए जायसवाल को आउट किया।

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

- भारत ने 3-1 की विजयी बढ़त बनाई, पांचवां और आखिरी मैच 7 मार्च से धर्मशाला में होगा
- श्रृंखला से बाहर विराट और चोटिल राहुल के बिना भारत ने लगातार 3 जीत की दर्ज

50 में से 39 टेस्ट मैच भारत ने देख में जीते

09 हजार रन रोहित ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किए पूरे

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड (पहली पारी-353) (दूसरी पारी-145)

भारत (पहली पारी-307) दूसरी पारी 192/5 (61 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
रोहित शर्मा का फोक्स बो हार्टली	55	81	5/1
यशस्वी जायसवाल का एंडरसन बो रूट	37	44	5/0
शुभमन गिल नाबाद	52	124	0/2
रजत पाटीदार का पोप बो बशीर	00	06	0/0
रविंद्र जडेजा का बेयरस्टो बो बशीर	04	33	0/0
सरफराज खान का पोप बो बशीर	00	01	0/0
ध्रुव जुरेल नाबाद	39	77	2/0

अतिरिक्त : 05, **विकेट पतन :** 1-84, 2-99, 3-100, 4-120, 5-120, **गेंदबाजी :** रूट 7-0-26-1, हार्टली 25-2-70-1, बशीर 26-4-79-3, एंडरसन 3-1-12-0

जीत पर टीम को कोहली ने दी बधाई

नई दिल्ली। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने भारत की जीत को शानदार बताते हुए 'युवा' टीम के धैर्य, दृढ़ता और लचीलेपन की तारीफ की। निजी कारणों से श्रृंखला से बाहर होने के बाद अपने पहले ट्वीट में कोहली ने कहा, यस (तिरंगा)। हमारी युवा टीम की शानदार जीत। धैर्य, दृढ़ता और लचीलापन दिखाया। कोहली और अनुष्का शर्मा के घर 15 फरवरी को बेटे ने जन्म लिया। सचिन तेंदुलकर ने टीम की जीत पर एक्स पर लिखा, भारत ने दबाव के हालात से निकलकर वापसी की और मैच जीता। इससे हमारे खिलाड़ियों की मानसिक ताकत का पता चलता है। आकाशदीप ने टेस्ट में शानदार स्पेल डाला। ध्रुव ने दोनों पारियों में गेंद की लैंग्थ को भांपा और उसका फुटवर्क बेहतरीन था। कुलदीप यादव के साथ उसकी साझेदारी अहम थी। दूसरी पारी में कुलदीप का स्पेल महत्वपूर्ण था। रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और रोहित शर्मा जैसे सीनियर्स ने अपना काम बखूबी किया।

हार्दिक ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में की वापसी



मुंबई, एजेंसी

भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने चोट से लंबे ब्रेक के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करते हुए सोमवार को डीवाई पाटिल टी-20 कप में दो विकेट लिए। डीवाई पाटिल क्रिकेट अकादमी में भारत पेट्रोलियम निगम के खिलाफ कम स्कोर वाले मैच में रिलायंस वन की 2 विकेट से जीत में हार्दिक ने 3 ओवर में 22 रन देकर 2 विकेट लिए। अक्टूबर में पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय विश्व कप मैच के दौरान टखने में चोट लगने से पंड्या प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर थे। वह आईपीएल में 5 बार की विजेता मुंबई इंडियन्स के नए कप्तान के रूप में वापसी की तैयारी कर रहे हैं। रिलायंस वन टीम में तिलक वर्मा, नेहल वढेरा, आकाश मधवाल, नमन धीर और पीयूष चावला जैसे मुंबई इंडियन्स के अन्य खिलाड़ी भी हैं। इस साल जून में कैरेबिया और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए हार्दिक की जगह रोहित शर्मा को भारतीय कप्तान बनाया गया है। डीवाई पाटिल टी-20 कप एक कारपोरेट टूर्नामेंट है जिसमें कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

डब्ल्यूटीसी तालिका में भारत की मजबूत स्थिति

दुबई, एजेंसी

भारत ने रांची में चौथे टेस्ट में इंग्लैंड की टीम के खिलाफ 5 विकेट की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। रोहित शर्मा की टीम ने श्रृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली है।

भारत का अंक 59.52% से बढ़कर 64.58% हो गया है। भारत ने क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया (55%) और बांग्लादेश (50%) पर मजबूत बढ़त बना ली है। इंग्लैंड 19.44% अंक के साथ आठवें स्थान पर है। भारत ने मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में अब तक 8 टेस्ट खेले हैं जिनमें से 5 में उसे जीत और दो में हार मिली जबकि 1 ड्रॉ रहा। ऐसा लगता है कि इंग्लैंड को 'बैजबॉल' (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैये से फायदा नहीं हो रहा है। टीम ने 9 में केवल 3 मैच जीते हैं जबकि 5 में हार और 1 ड्रॉ रहा। न्यूजीलैंड 75% अंकों के साथ शीर्ष पर है। उसने अब तक केवल 4 टेस्ट खेले हैं। टेस्ट मैच जीतने पर 12, टाई पर 6 और ड्रॉ के लिए 4 अंक दिए जाते हैं। प्रतिशत अनुसार टीमों को स्थान दिया जाता है। शीर्ष दो टीमें 2025 में लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में खेलेंगी। डब्ल्यूटीसी की शुरुआत के बाद से भारत अब तक दोनों बार फाइनल में पहुंचा है।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 अंक तालिका

स्थान	टीम	मैच	जीते	हारे	ड्रॉ	अंक	अंक%
1	न्यूजीलैंड	4	3	1	0	36	75.00
2	भारत	8	5	2	1	62	64.58
3	ऑस्ट्रेलिया	10	6	3	1	66	55.00
4	बांग्लादेश	2	1	1	0	12	50.00
5	पाकिस्तान	5	2	3	0	22	36.66
6	वेस्टइंडीज	4	1	2	1	16	33.33
7	दक्षिण अफ्रीका	4	1	3	0	12	25.00
8	इंग्लैंड	9	3	5	1	21	19.44
9	श्रीलंका	2	0	2	0	0	0.00



एटली ने की शाहरूख खान की तारीफ

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एटली ने वूमेन्स प्रीमियर लीग में बॉलीवुड अभिनेता शाहरूख खान के परफॉर्मेंस की तारीफ की है। वूमेन्स प्रीमियर लीग में बॉलीवुड के कई सेलेब्स ने परफॉर्म किया। इस अवसर पर शाहरुख खान ने भी अपनी परफॉर्मेंस दी। शाहरुख खान ने पठान के गाने पर डांस किया। शाहरूख खान को लेकर सुपरहिट फिल्म जवान बना चुके एटली ने शाहरुख खान की परफॉर्मेंस की एक फोटो के साथ स्टोरी शेयर की। स्टोरी शेयर करते हुए एटली ने लिखा, 'बॉस मैन इन मॉस मोड'। इसके बाद शाहरुख खान के फैन पेज ने ट्वीट करते हुए उनकी स्टोरी शेयर की और लिखा, 'एटली कभी भी शाहरुख के चार्म से उबर नहीं पाते और हम भी'। शाहरुख खान ने एटली कुमार की स्टोरी पर रिप्लाई देते हुए लिखा कि, सर आपसे ही सीखा है।

देवा के सेट से शाहिद कपूर की तस्वीर जारी

मुंबई, एजेंसी। निर्देशक रोशन एंड्रयूज ने फिल्म देवा के सेट से शाहिद कपूर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है। शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'देवा' के निर्देशक रोशन एंड्रयूज ने शाहिद कपूर को जन्मदिन की बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म देवा के सेट से शाहिद कपूर की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, मेरे सबसे प्यारे भाई शाहिद कपूर को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ। ...हंसी...मस्ती... आप उन बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं जिनके साथ मैंने कभी काम किया है और मेरे देवा के रूप में आपको निर्देशित करना मेरे लिए सम्मान की बात है! बहुत सारे प्यार और सम्मान के साथ मैं आपको एक शानदार वर्ष की शुभकामनाएं देता हूं! शाहिद कपूर ने जवाब में लिखा, धन्यवाद, रोशन। 'देवा' के सेट पर वापस आने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकता। 'देवा' रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित और ज़ी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 11 अक्टूबर, 2024 को दशहरा के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म 'बोले चूड़ियां बोले कंगना' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता प्रिंस सिंह राजपूत, अभिनेत्री पायस पंडित और डिंपल सिंह की भोजपुरी फिल्म बोले चूड़ियां बोले कंगना का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कमला फिल्म्स क्रिएशन्स, डिजिटेक प्रोडक्शन प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म बोले चूड़ियां बोले कंगना का ट्रेलर ईगल होम एंटरटेनमेंट के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। प्रिंस सिंह राजपूत ने कहा कि यह फिल्म उनकी सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक है। फिल्म में उनका किरदार स्वच्छंद भ्रमण करने वाले लड़के की है। फिल्म में एक गुंजा नाम की लड़की गांव में रहती हैं, जहां उसके माँ बाप की बचपन में मृत्यु हो जाती हैं और वो अपने काका काकी के घर पर रहती हैं, जहाँ उसकी काकी उससे घर का हर काम कराती हैं और उसे ताना मारती हैं, वही काका काकी की बेटी नीलम शहर से गांव आती हैं। फिल्म के निर्माता गौतम कुमार, मनु भाई शाह और लोकेश मिश्रा हैं, जबकि निर्देशक मनोज ओझा हैं। गीतकार प्रकाश बारूद हैं। संगीतकार सर्विन्द मल्हार हैं। छायांकन फ़िरोज़ खान का है। संकलन गोविन्द दुबे और कोरियोग्राफी कानु मुखर्जी का है। कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। फिल्म में प्रिंस सिंह राजपूत, पायस पंडित, डिंपल सिंह, जे नीलम, सोनिया मिश्रा, जय प्रकाश, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, प्रिया, अंकुश कहार, आरती निगम, प्राची सिंह मुख्य भूमिका में हैं।

12 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर फिल्म 'चमकीला'

मुंबई, एजेंसी। दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की फिल्म 'चमकीला' 12 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगीद्य। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की आने फिल्म चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका निभा रहे हैं। 'चमकीला' पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट आउट की है। नेटफ्लिक्स ने लिखा, माहौल बन जाता था जब वह छेड़ता था साज, कुछ ऐसा ही था चमकीला का अंदाज। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर यह फिल्म 12 अप्रैल से स्ट्रीम होगी।

'झलक दिखला जा' को मिले 5 फाइनलिस्टस

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' के टॉप 5 फाइनलिस्ट्स मिल गए हैं। एफएएम तिकड़ी - फराह खान, अरशद वारसी और मलाइका अरोड़ा द्वारा प्रेरित और जज किए गए शो झलक दिखा जा को अपने टॉप 5 फाइनलिस्ट्स मिल गए हैं। इनमें कोरियोग्राफर अनुराधा अयंगर के साथ शोएब इब्राहिम, कोरियोग्राफर आकाश थापा के साथ सेलिब्रिटी टीन एक्टर अद्रिजा सिन्हा, कोरियोग्राफर सोनाली कर के साथ श्रीराम चंद्रा, कोरियोग्राफर आशुतोष पवार के साथ मनीषा रानी और कोरियोग्राफर सागर बोरा के साथ डॉक्टर एवं एक्टर धनश्री वर्मा हैं। शोएब ने कहा, झलक दिखला जा एक परिवर्तनकारी अनुभव रहा है, जो मुझे अपनी सीमाओं से आगे ले गया और एक डांसर और एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने की चुनौती दी। हर परफॉर्मेंस आत्म-खोज का सफर रहा है, जिससे मुझे खुद को उन तरीकों से अभिव्यक्त करने की इजाजत मिली है जिनके बारे में मैंने कभी सोचा भी नहीं था। फाइनल में जीतना या हारना मेरे लिए अंतिम लक्ष्य नहीं है। श्रीराम ने साझा किया, गायन पृष्ठभूमि से आने से डांस फ्लोर पर कदम रखना मेरे लिए कठिन काम था। चुनौतियों, सीखने के अनुभवों और यादगार पलों से भरा यह सफर किसी रोलरकोस्टर राइड से कम नहीं है। अद्रिजा सिन्हा ने कहा, झलक दिखला जा के टॉप 5 में रहना एक सपना था जो हकीकत बन गया है! मेरे परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के अटूट समर्थन के साथ, जो मेरी ताकत बनाकर मेरे साथ रहे हैं, हर परफॉर्मेंस सीखने का एक खास अनुभव रहा है, जिसने मुझे खुद को चुनौती देने और एक डांसर के रूप में विकसित होने के लिए प्रेरित किया है।

काजल का रोमांटिक गाना डोली जब कमरिया रिलीज

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता कुणाल तिवारी और अभिनेत्री काजल यादव का भोजपुरी गाना 'डोली जब कमरिया' रिलीज हो गया है। डोली जब कमरिया गाने को विजय चौहान और अलका झा ने गाया है। इस गाने में कुणाल तिवारी रोमांटिक मूड में काजल से कहते हैं कि धड़के करेजा रानी धक धक, अइसन सिंगार पर लागेलु कड़क, करेला मन धरी दाबी अकवरिया तब काजल यादव कहती हैं कि मूड में जब आईब हम डोले जे कमरिया, तबे नु आईब हम तोहरा पजरिया यह रोमांटिक गाना भोजपुरी फिल्म 'पपुआ के पप्पी' का है। मधु मंजुल आर्ट्स एंड गीता तिवारी प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म के निर्माता धीरेंद्र कुमार झा एवं कुणाल कुमार तिवारी हैं। निर्देशक धीरेंद्र कुमार झा हैं। मुख्य कलाकार कुणाल तिवारी, विराज भट्ट, काजल यादव, ऋचा दीक्षित, अमित शुक्ला, प्रकाश जैस, प्रियांशु सिंह, अनूप अरोरा, साहिल शेख हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

शीर्ष कोर्ट ने संजय की जमानत याचिका पर ईडी से जवाब मांगा

नई दिल्ली, एजेंसी

● मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद आप नेता ने हाईकोर्ट के आदेश को दी थी चुनौती

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाला के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने उस याचिका पर जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया, जिसमें संजय सिंह ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। पीठ ने जमानत याचिका को संजय सिंह की एक अन्य याचिका के साथ टैग कर दिया, जिसमें उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी है। संजय सिंह की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने जमानत याचिका पर नोटिस जारी करने की मांग की और याचिका को लंबित मामले के साथ टैग करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि लंबित मामले की सुनवाई 5 मार्च को होनी है और इसलिए दोनों मामलों पर एक साथ सुनवाई की जानी चाहिए। पीठ ने सिंघवी के अनुरोध पर सहमति व्यक्त की और कहा कि दोनों याचिकाओं पर एक साथ विचार किया जाएगा। बता दें, दिल्ली हाईकोर्ट ने 7 फरवरी को सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

अन्नामलाई को राहत हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने रोका

नई दिल्ली। शीर्ष अदालत ने सोमवार को तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई को राहत दी। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने नफरती बयान देने के मामले में उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले में उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी।

अन्नामलाई ने अक्तूबर 2022 में एक यूट्यूब चैनल को इंटरव्यू दिया था। जिसमें उन्होंने पटाखे फोड़ने को लेकर कथित तौर पर ईसाई समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ मामले में सुनवाई कर रही थी। पीठ ने इंटरव्यू में दिए गए बयानों की ट्रांसक्रिप्ट को देखा और कहा कि पहली नजर में यह कोई नफरत फैलाने वाला बयान नहीं है।

आप कौन होते हैं आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाले

नई दिल्ली, एजेंसी

● सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की जनहित याचिका, कहा- आपको याचिका दायर करने का कोई अधिकार नहीं

तीन नए आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो गई है। तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य कानून 1 जुलाई से देश में लागू हो जाएंगे।

जनहित याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने याचिका से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'आप कौन होते हैं नए आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाले?' मुख्य न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'आपके पास इस मामले में हस्तक्षेप करने का ही अधिकार नहीं है। जनहित याचिका में गृह और कानून मंत्रालय को पक्षकार बनाने की मांग की गई थी।

तीनों नए आपराधिक कानून देश में न्याय व्यवस्था में बड़े बदलाव लेकर आएंगे और एक जुलाई से देशभर में लागू हो जाएंगे। सरकार ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। तीनों नए आपराधिक कानून अंग्रेजी शासन काल के आईपीसी (इंडियन पीनल कोड), सीआरपीसी (कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिजर) और इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 की जगह लेंगे। बीते साल 21 दिसंबर को इन नए कानूनों को संसद की मंजूरी मिली थी और 25 दिसंबर को राष्ट्रपति ने इन्हें मंजूरी दी थी। हालांकि अभी हिट एंड रन मामले से जुड़े प्रावधान पर अमल नहीं होगा। दरअसल बीते दिनों देशभर में ड्राइवरों ने हड़ताल कर हिट एंड रन मामले में नए प्रावधानों का विरोध किया था। जिस पर सरकार ने आश्वासन दिया था कि इस कानून को ड्राइर यूनियन से चर्चा के बाद अमल में लाया जाएगा। सरकार ने नोटिफिकेशन में बताया है कि अभी भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(2) को अमल में नहीं लाया जाएगा। भारतीय न्याय संहिता में कुल 358 धाराएं हैं, जिसमें 20 नए अपराधों को परिभाषित किया गया है।

कोर्ट में स्वीकारी गलती, केजरीवाल बोले- वीडियो रिट्वीट करना मेरी गलती

मानहानि मामला

दिल्ली हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस दौरान केजरीवाल ने अदालत के सामने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। दरअसल, ये मामला मई 2018 का है। अरविंद केजरीवाल ने 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी की एक पोस्ट को रीट्वीट किया था। इसी को लेकर उन पर मानहानि का आरोप लगा और मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया था। अब हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को अदालत से कहा कि उन्होंने यूट्यूबर ध्रुव राठी के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी प्रकोष्ठ से जुड़े कथित अपमानजनक वीडियो को रीट्वीट करके गलती की। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर नोटिस जारी किए बिना ही शिकायतकर्ता से पूछा कि क्या वह मुख्यमंत्री की माफी के बाद इस मामले को बंद करना चाहते हैं। हाईकोर्ट ने इस मामले में आरोपी के रूप में अरविंद केजरीवाल को जारी किए गए समन को बरकरार रखा था।

राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते केजरीवाल।

एक नजर



तिरुवनंतपुरम। सोमवार को अट्टुकल समापन के दौरान भक्तों ने जुलूस निकाला, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह अट्टुकल भगवती मंदिर का दस दिवसीय त्योहार है। यह त्योहार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल है। साल 1997 में 15 लाख महिलाओं ने पोंगल चढ़ाकर रिकॉर्ड बनाया था।

गुजराती परिवार की मौत मामले में भारतवंशी शिकागो से गिरफ्तार

न्यूयॉर्क। मानव तस्करी की 2022 की एक घटना की जांच के दौरान शिकागो में एक भारतवंशी को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना में गुजराती परिवार के चार सदस्य कनाडा से अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने के प्रयास में मृत पाए गए थे। पिछले हफ्ते द शिकागो ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि हर्षकुमार रमनलाल पटेल को शिकागो के ओ हेयर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अधिकारियों ने गिरफ्तार किया है। उसे 28 फरवरी को कोर्ट में पेश किया जाना है।

धोखाधड़ी मामले में फैसले के खिलाफ डोनाल्ड ट्रंप ने की अपील

न्यूयॉर्क। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने 45.4 करोड़ डॉलर के न्यूयॉर्क नागरिक धोखाधड़ी मामले के फैसले के खिलाफ अपील की है, जिसमें एक न्यायाधीश के इस फैसले को चुनौती दी गई है कि ट्रंप ने अपनी संपदा के बारे में झूठ बोला था और अपने रियल एस्टेट साम्राज्य को इस तरह बढ़ाया था जिसने उन्हें लोकप्रियता दिलाई और राष्ट्रपति पद तक पहुंचाया था। ट्रंप ने अपील करते हुए कोर्ट से कहा कि न्यायाधीश आर्थर के फैसले को पलट दिया जाए।

जवान ने इजराइली दूतावास के बाहर खुद को लगाई आग, गंभीर

वाशिंगटन। अमेरिका के वाशिंगटन। में इजराइली दूतावास के बाहर एक वायुसेना के जवान ने खुद को आग लगा ली। पुलिस के मुताबिक, यह घटना स्थानीय समयानुसार रविवार दोपहर को घटी। व्यक्ति ने इजराइल के दूतावास खड़े होकर खुद को आग लगा ली। इसके बाद अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के अफसरों और डीसी अग्निशमन दल ने आग बुझाई और शख्स को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जिस शख्स ने खुद को आग लगाई, उसका नाम एरॉन बुशनेल बताया गया है। यह व्यक्ति अमेरिकी वायुसेना का एक सक्रिय सैनिक है। इस घटना के एक वीडियो में एरॉन बोलता है कि वह नरसंहार में शामिल नहीं रहेगा।

मरियम नवाज बनीं पाकिस्तान के पंजाब की पहली महिला मुख्यमंत्री

इमरान की पार्टी के नेता राणा को दी शिकस्त, पार्टी उपाध्यक्ष भी हैं नवाज की बेटी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री पीएमएलएन नेता मरियम नवाज को बनाया गया। बता दें कि मरियम तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ की बेटी हैं। 50 वर्षीय उपाध्यक्ष मरियम ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के सांसदों के बहिर्गमन के बीच मुख्यमंत्री पद का चुनाव जीता है।

पीएमएलएन नेता ने पीटीआई समर्थित एसआईसी के राणा आफताब को हराकर राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पंजाब प्रांत का मुख्यमंत्री चुनाव जीता। मरियम ने पंजाब विधानसभा में जाने से पहले जती उमरा में अपनी मां की कब्र का दौरा किया। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएमएलएन ने बताया कि मरियम ने अपने नाना-नानी की कब्रों का भी दौरा किया। पीएमएल-एन ने चुनाव से पहले एक्स पर एक पोस्ट में कहा 'हमारे देश के इतिहास में पहली बार, एक महिला पंजाब की सीएम बनेगी। मरियम नवाज शरीफ पंजाब की सीएम पद की शपथ लेने वाली पहली महिला होंगी।

2012 में राजनीति में उतरीं, 2024 में मुख्यमंत्री बनीं मरियम

मरियम नवाज पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी हैं। साल 1992 में सफदर अवान से मरियम नवाज की शादी हुई। सफदर अवान पाकिस्तान की सेना में कैप्टर रह चुके हैं। सफदर अवान, नवाज शरीफ के सुरक्षा अधिकारी भी रहे। मरियम नवाज के तीन बच्चे हैं। मरियम नवाज ने साल 2012 में राजनीति में कदम रखा और अपने पिता के साथ काम किया। साल 2024 के आम चुनाव में मरयम नवाज पाकिस्तान की नेशनल असेंबली और पंजाब असेंबली के लिए पहली बार चुनी गई हैं।

गौहर खान फिर चुने गए इमरान की पार्टी पीटीआई के अध्यक्ष

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने यू-टर्न लेते हुए बैरिस्टर गौहर खान को फिर से पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी ने पहले बैरिस्टर अली जफर को अध्यक्ष नियुक्त किया था। बैरिस्टर गौहर खान (45 वर्षीय) को बीते साल दिसंबर में भी पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। हालांकि पार्टी के संगठन चुनाव के नतीजों को अदालत में चुनौती दी गई। कोर्ट ने पीटीआई के आंतरिक चुनाव को रद कर दिया और पार्टी का चुनाव चिन्ह बैट भी छीन लिया गया। इसके बाद गौहर खान पार्टी के अध्यक्ष पद से हट गए थे। बीते हफ्ते गौहर खान ने एलान किया कि पार्टी के नए अध्यक्ष बैरिस्टर अली जफर होंगे और उन्हीं की देखरेख में 3 मार्च को पार्टी के आंतरिक चुनाव कराए जाएंगे। हालांकि पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, बैरिस्टर अली जफर ने पार्टी का चेयरमैन बनने से इनकार कर दिया। ऐसे में बैरिस्टर गौहर अली ने फिर से पार्टी के चेयरमैन बनने के लिए नामांकन किया। बैरिस्टर गौहर खान को पीटीआई चीफ इमरान खान ने नामांकित किया था, ऐसे में उनकी जीत तय मानी जा रही है।

साद अहमद होंगे भारत में पाकिस्तान के नए उच्चायुक्त

नई दिल्ली। साद अहमद वराइच को भारत में पाकिस्तान का नया उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। साद अहदम ने एजाज खान की जगह ली है। एजाज खान का कार्यकाल बतौर पाकिस्तानी उच्चायुक्त पूरा हो गया है। अब साद अहमद वराइच उनकी जगह लेंगे। वराइच ने नई दिल्ली पहुंचकर चार्ज संभाल लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वराइच इससे पहले अफगानिस्तान, तुर्किए और ईरान में पाकिस्तान के राजदूत रह चुके हैं।

हिंद प्रशांत महासागर में स्थित द्वीपीय देश तुवालु में फेलेटी टेओ को नया प्रधानमंत्री चुना गया है। तुवालु के संसदीय सदस्यों ने पूर्व अटॉर्नी जनरल फेलेटी टेओ को देश का अगला पीएम चुना। शीर्ष पद के लिए नामांकन करने वाले फेलेटी टेओ एकमात्र उम्मीदवार थे और उन्हें निर्विरोध पीएम चुन लिया गया। तुवालु के पूर्व पीएम कोसिया नातानो की 26 जनवरी को हुए चुनाव में हार हुई थी। नातानो ताइवान के साथ कूटनीतिक संबंध स्थापित करने के पक्ष में थे। नातानो की हार के साथ ही तुवालु की ताइवान को लेकर नीति पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं।

इस्लामोफोबिया विवाद: पार्टी के बचाव में उतरे पीएम सुनक

लंदन, एजेंसी

● पार्टी के सांसद ने की थी विवादित टिप्पणी, कहा था- लंदन के मेयर इस्लामी अतिवादियों के कब्जे में

इस्लामोफोबिया को लेकर ली एंडरसन और सुएला ब्रेवरमैन की टिप्पणियों के बाद अब प्रधानमंत्री सुनक मजबूरन अपनी पार्टी के बचाव में उतर आए हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या कंजर्वेटिव पार्टी में 'इस्लामोफोबिक प्रवृत्ति' है तो उन्होंने कहा कि नहीं ऐसा नहीं है। इस दौरान सुनक ने यह भी कहा कि इस बहस को इस तरह से न भड़काया जाए जो दूसरों के लिए हानिकारक हो।

गौरतलब है कि यूके में इन दिनों लंदन के मेयर सादिक खान सुर्खियों में हैं। दरअसल, कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद ली एंडरसन ने सादिक खान पर विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि लंदन के मेयर इस्लामी अतिवादियों के कब्जे में हैं।

इतना ही नहीं ली ने यह भी कहा था कि सादिक ने लंदन को आतंकियों को समर्पित कर दिया है। उनके इस बयान की खूब आलोचना की गई थी। बाद में उन्हें पार्टी से भी निलंबित कर दिया गया था। ली की ये टिप्पणियां तब आई थीं, जब गाजा में युद्धविराम को लेकर लंदन में इजराइल के विरोध में कई रैलियां निकाली गई थीं।

भारतीय-अमेरिकी प्रोफेसर अशोक को अमेरिका में सर्वोच्च शैक्षणिक पुरस्कार से किया गया सम्मानित

न्यूयॉर्क। भारतीय मूल के अमेरिकी इंजीनियर और प्रोफेसर अशोक वीरराघवन को टेक्सास के सर्वोच्च शैक्षणिक सम्मान से सम्मानित किया गया है। वीरराघवन को इंजीनियरिंग में एडिथ और पीटर ओ'डोनेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। टेक्सास एकेडमी ऑफ मेडिसिन, इंजीनियरिंग, साइंस एंड टेक्नोलॉजी राज्य के उभरते शोधकर्ताओं को यह पुरस्कार प्रदान करता है। वीरराघवान राइस यूनिवर्सिटी के जॉर्ज आर. ब्राउन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियरिंग के प्रोफेसर हैं। यह पुरस्कार उन्हें इमेजिंग तकनीक के विकास के लिए दिया गया है, जो अदृश्य को दृश्यमान बनाने का प्रयास करती है। यह पुरस्कार राज्य के चिकित्सा, इंजीनियरिंग, जैविक विज्ञान, भौतिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार में अच्छे प्रदर्शन के बाद दिया जाता है।

भोजन की आस...

गाजा : हताश लोगों को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराने में संयुक्त राष्ट्र (संरा) शीर्ष अदालत के आदेश का पालन करने में विफल रहा है। मानवाधिकार की वकालत करने वाली संस्था 'ह्यूमन राइट्स वॉच' ने सोमवार को आरोप लगाते हुए गाजा पट्टी के लिए राहत सामग्री को अवरुद्ध करने के लिए इजराइल को दोषी ठहराया। ह्यूमन राइट्स वॉच ने कहा कि इजराइल बुरी तरह प्रभावित उत्तरी गाजा में ईंधन उपलब्ध कराने की पर्याप्त सुविधा नहीं दे रहा है। दूसरी तरफ गाजा के समुद्र तट पर मानवीय सहायता की प्रतीक्षा में बैठे फिलिस्तीनी नागरिक। ● एजेंसी

फिलिस्तीन के पीएम मोहम्मद शतयेह ने दिया इस्तीफा



गाजा । इजराइल हमास युद्ध के बीच फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री मोहम्मद शतयेह ने अपनी सरकार से इस्तीफा दे दिया है। फिलिस्तीन की सरकार कब्जे वाले वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों पर शासन करती है।

इस्तीफे की जानकारी देते हुए शातयेह ने कहा, मैं सरकार का इस्तीफा राष्ट्रपति महमूद अब्बास को सौंपता हूं, उन्होंने कहा, यह गाजा के खिलाफ आक्रामकता और वेस्ट बैंक और यरूशलेम में तनाव से संबंधित घटनाक्रम के मद्देनजर लिया गया फैसला है। उन्होंने आगे कहा गाजा में युद्ध, नरसंहार और भुखमरी की वजह से मैंने इस्तीफा दिया है।

जब तक जिंदा हूं, बाल विवाह नहीं होने दूंगा

● मुस्लिम विवाह कानून निरस्त के बाद विस में विपक्ष के विरोध पर गरजे सीएम हिमंत बिस्व सरमा

गुवाहाटी, एजेंसी

असम सरकार की ओर से मुस्लिम विवाह कानून को निरस्त किए जाने के बाद कांग्रेस और एआईयूडीएफ जैसी विपक्षी पार्टियों ने भाजपा पर निशाना साधा है। इसका जवाब सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने विधानसभा में दिया। विपक्षी दलों पर गरजते हुए सरमा ने कहा कि जब तक मैं जिंदा हूं, असम में बाल विवाह नहीं होने दूंगा।

मुस्लिम विवाह कानून के निरस्त होने पर कांग्रेस और एआईयूडीएफ ने आज विधानसभा में भाजपा का विरोध किया। इस पर भड़कते हुए हिमंत बिस्व सरमा ने कहा, "आप मुझे ध्यान से सुन लें। जब तक मैं जिंदा हूं, असम में बाल विवाह नहीं होने दूंगा। जब तक हिमंत बिस्व सरमा जिंदा है, तब तक यह नहीं हो सकता। मैं आपको राजनीतिक तौर पर चुनौती देता हूं। मैं 2026 से पहले ये दुकान बंद कर दूंगा। इस बीच कांग्रेस और एआईयूडीएफ विधायकों ने असम विधानसभा में जमकर हंगामा किया। एआईयूडीएफ ने सरमा कैबिनेट के मुस्लिम विवाह कानून को निरस्त करने के फैसले का विरोध करते हुए इसके खिलाफ स्थगन प्रस्ताव पेश किया। हालांकि, सदन के स्पीकर बिश्वजीत दयमारी ने इसे स्वीकार नहीं किया। दो दिन पहले ही असम सरकार ने राज्य में बाल विवाह पर रोक के लिए मुस्लिम विवाह एवं तलाक पंजीकरण कानून, 1935 खत्म कर दिया। इसे लेकर शुक्रवार देर रात हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया था।

सोमवार को बजट सत्र के दौरान विधानसभा में बोलते सीएम हिमंत बिस्वा सरमा।

तालिबान ने हत्या के दोषी को गोली मारकर मौत की सजा दी

इस्लामाबाद, एजेंसी

● अफगानिस्तान में पिछले पांच दिनों में दी जाने वाली यह तीसरी मौत की सजा, दोषी को सरेआम मारी गोली

अफगानिस्तान में तालिबान शासन के दौरान एक बार फिर से सार्वजनिक रूप से मौत की सजा देने की घटनाएं बढ़ गई हैं। उत्तरी अफगानिस्तान में सोमवार को हत्या के दोषी एक व्यक्ति को सार्वजनिक रूप से मौत की सजा दी गई। यह सजा एक खेल स्टेडियम में हजारों लोगों के सामने दी गई। पिछले पांच दिनों में दी जाने वाली तीसरी ऐसी मौत की सजा है।

मारे गए व्यक्ति के भाई ने दोषी को राइफल से पांच गोलियां मारीं। स्टेडियम के आसपास कड़ी सुरक्षा की गई थी। अगस्त 2021 में तालिबान द्वारा अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होने के बाद से यह पांचवीं सार्वजनिक मौत की सजा है। तालिबान सरकार की ओर से इसे लेकर अभी कोई टिप्पणी नहीं की गई है। सजा पाने वाले व्यक्ति की पहचान फरयाब प्रांत के नजर मोहम्मद के रूप में हुई है। उसने फरयाब प्रांत के ही खल मोहम्मद की हत्या कर दी थी। इससे पहले दक्षिणपूर्वी गजनी प्रांत में गुरुवार को तालिबान ने चाकू मारकर हत्या करने के दोषी दो लोगों को मौत की सजा दी थी। पीड़ितों के रिश्तेदारों ने दोनों को गोली मार दी थी। यह सजा भी एक स्टेडियम में हजारों लोगों के सामने दी गई थी।

संयुक्त राष्ट्र ने सार्वजनिक रूप से हत्याएं करने, कोड़े मारने और पथराव के लिए तालिबान की कड़ी आलोचना की है और देश के शासकों से ऐसी प्रथाओं को रोकने का आह्वान किया है।

विज्ञान हार्वर्ड-स्मिथसोनियन सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिकों ने की अजीबो-गरीब घटना की खोज

आकाशगंगा में तरंग के साथ तैरे तारों के बादल

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: इन दिनों हमारी आकाशगंगा में अजीबो गरीब घटना हो रही है । इस घटना में तारों के बादल तरंग के साथ तैर रहे हैं। इसका कारण गुरुत्वाकर्षण लहर माना जा रहा है। अब खगोलशास्त्री इस तरह की घटना दूसरी आकाशगंगाओं में तलाश करने लगे हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार तारों के ये बादल हमारी आकाशगंगा की भुजाओं के साथ चलते हैं।

हांलाकि 2020 में सिर्फ एक तरंग जैसी आकृति देखी गई थी। मगर अब इसे श्रृंखला के रूप में देखा गया है। जो रोमांचक तरंग बना रहे हैं। आकाशगंगा के गुरुत्वाकर्षण के कारण यह संरचना दोलन करती है।



आकाशगंगा में तरंग के साथ तारों के तैरते बादल की तस्वीर।

कई और रहस्य होंगे उजागर

वैज्ञानिकों का कहना है कि यह खोज कई अन्य रहस्य उजागर करने में मददगार साबित होगी, जो वैज्ञानिकों के लिए चुनौतीपूर्ण भी होगी। यह अपनेआप में बड़ी खोज है। आकाशगंगा में अक्सर कुछ न कुछ घटित होते रहता है। जिनके बारे में वैज्ञानिक अभी भी नही जानते हैं।

हार्वर्ड-स्मिथसोनियन सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

इस खोज में यह भी पता चला है कि यह संरचना आकाशगंगा की सर्पिल भुजा के साथ तारों के समूहों को जन्म दे रही है। तारों के बादलों की यह रेडक्लिफ तरंग न केवल एक लहर की तरह दिखती है, बल्कि उसी की तरह चलती भी है। पत्रिका नेचर में यह खोज प्रकाशित हुई है।

यह संरचना हमारे आकाशगंगा के पिछले हिस्से में 9,000 प्रकाश-वर्ष लंबी फैली हुई है और सूर्य से केवल 500 प्रकाश वर्ष दूर मौजूद है। हमारी अजशगंगा में यह सबसे बड़ी संरचना है। बड़ी बात यह है कि अब हम इसके बारे में जानते हैं। अच्छी बात यह है कि यह वास्तव में हमारे बहुत करीब है।

किशोरों को सोशल मीडिया से अलग रखने का कानून पास

वाशिंगटन, एजेंसी

● अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य की विस में कानून पास, 16 साल से कम किशोर अकाउंट नहीं बना पाएंगे

अमेरिका में फ्लोरिडा राज्य की विधानसभा ने सोशल मीडिया के संबंध में कड़ा कानून पास किया है। इसके तहत 16 साल से कम आयु के किशोरों को सोशल मीडिया प्लेटफॉमों पर अकाउंट नहीं बनाने दिया जाएगा। गवर्नर रॉन डी सेंटिस ने कहा, इस विधेयक से फ्लोरिडा में लाखों युवाओं का जीवन बदल जाएगा।

बता दें, विधेयक को कानूनी चुनौती मिल सकती है। पिछले साल फेडरल अदालतों ने अरकंसास और ओहायो में लागू सोशल मीडिया कानूनों को रोक दिया है। न्यायाधीशों ने उन मामलों में कहा, नए कानूनों से सोशल मीडिया कंपनियों की अभिव्यक्ति की आजादी, सूचना देने के अधिकारों का हनन होगा। इनसे युवाओं के अधिकार भी प्रभावित होंगे। फ्लोरिडा के नए नियमों के तहत सोशल नेटवर्क 16 वर्ष से कम आयु के लोगों के अकाउंट नहीं बनाएंगे। वे ऐसे अकाउंट बंद कर देंगे।

यह प्रावधान फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, टिकटॉक और यूट्यूब जैसी साइट और एप्स पर लागू होंगे। फ्लोरिडा का कानून अन्य राज्यों के कानूनों के मुकाबले अधिक कठोर है। वैसे, सिविल लिबर्टी ग्रुप और टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री के संगठनों ने सोशल मीडिया पर नए प्रतिबंधों का विरोध किया है।